डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
बुधवार
23.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 15
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-39 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

व्यक्ति में सुंदरता की कमी हो तो अच्छे स्वभाव से पूरी की जा सकती है, पर अच्छे स्वभाव की कमी सुंदरता से कभी पूरी नहीं की जा सकती।

## न्यूज गैलरी

### भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी ने सीएम से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को भारतीय विदेश सेवा की अधिकारी और क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनीता के. ने औपचारिक मुलाकात की। ज्ञात हो कि मनीता के. ने क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, रांची, झारखंड में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के पद पर हाल ही में योगदान दिया है।

### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 28 को

**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक रांची में सोमवार, 28 नवम्बर, 2022 को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

### धनबाद एसीबी ने एक और पुलिस अधिकारी को घूस लेते किया गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद एसीबी ने एक और पुलिस अधिकारी को घूस लेते गिरफ्तार किया है। लोयाबाद थाना के दारोगा दशरथ साहू को एसीबी की टीम ने दस हजार रूपए घूस लेते हुए रंगेहाथ धरदबोचा है। बता दें कि पांच माह के भीतर लोयाबाद थाना में पदस्थापित दो प्रशिक्षु दारोगा अबतक एसीबी के हत्थे चढ़ चुकें है। छह जून को दारोगा नीलेश सिंह को एसीबी टीम ने 15 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी दशरथ साहू को एसीबी की टीम अपने साथ एसीबी कार्यलय ले गयी है। भुक्तभोगी पिंटू यादव ने बताया कि केस नंबर 54/22 में किसी पिंटू के नाम पर एफआईआर दर्ज हुई थी। एससीबी के डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने कहा कि लोयाबाद थाना में कांड संख्या 54/22 दर्ज केस में नाम हटाने के लिए 20 हजार रुपये की मांग की गयी थी। दस हजार रुपये पर सहमति बनी थी। एसीबी से शिकायत के बाद मामले में कार्रवाई की गयी।

### तीन आईएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने गुजरात चुनाव में जानेवाले तीन आईएएस अधिकारियों चंद्रशेखर, सूरज कुमार व आकांक्षा रंजन के विभागों का प्रभार अलग-अलग पदाधिकारियों को दिया है। कार्मिक विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, इन पदाधिकारियों के चुनाव कार्य से लौटने तक सुनील कुमार को प्राथमिक शिक्षा निदेशक, राजेश्वरी बी को मुख्य कार्यपालिक पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी, रांची व उच्च शिक्षा निदेशक जबकि अजय कुमार सिंह को निदेशक हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प रांची तथा झारक्राफ्ट के प्रबंध निदेशका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### राज्य में बनेगा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में मानव तस्करी की समस्या पर लगाम लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय के स्तर पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ब्यूरो बनाने का निर्देश दिया है। इसके प्रमुख एडीजी स्तर के अधिकारी होंगे। वहीं, राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि राज्य के सभी जिलों में मानव तस्करी के कांड दर्ज करने व अनुसंधान के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) थाने स्थापित किये जायें। **प्रत्येक थाने में वुमन हेल्प डेस्क :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि राज्य के प्रत्येक थाने में एक वुमन हेल्प डेस्क भी बनाया जाये। इस डेस्क पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती हो ताकि थाने आनेवाली महिलाएं अपनी बात आसानी से रख सकें। कार्रवाई के लिए पुलिसकर्मियों की डेडिकेटड टीम भी हेल्प डेस्क में रखी जायेगी। वर्तमान में राज्य में निर्भया फंड से 300 थानों में वुमन हेल्प डेस्क संचालित है।

### जब आठ लाख रुपये से कम कमानेवाला गरीब, तो इन्हें आयकर से बाहर रखा जाये

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** मद्रास उच्च न्यायालय की जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस सत्य नारायण प्रसाद की पीठ ने कुन्नूर श्रीनिवास की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण के लिए वार्षिक आय सीमा आठ लाख रुपये रखी गयी है, तो आयकर वसूली के लिए बेस इनकम 2.5 लाख रुपये क्यों है। याचिकाकर्ता ने इस पर सवाल उठाये हैं। याचिकाकर्ता ने आग्रह किया है कि आठ लाख रुपये तक के इनकम ग्रुप में आनेवाले सभी लोगों टैक्स के दायरे से बाहर रखा जाये, क्योंकि सरकार ने माना है कि आठ लाख रुपये तक की आयवाले परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे में सरकार 'गरीब' से टैक्स कैसे ले सकती है। बीते कई बजट में सरकार ने आयकर स्लैब के साथ छेड़छाड़ नहीं की है। जबकि आयकर छूट की सीमा बढ़ाने की काफी समय से मांग हो रही है। आगामी बजट पेश होने से पहले इस मामले में केंद्र सरकार इसका क्या जवाब देती है, जानने लायक होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में 103वें संविधान संशोधन विधेयक की कानूनी वैधता को बनाये रखने का फैसला दिया। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को रिजर्वेशन का प्रावधान किया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आयकर सीमा 7,99,999 रुपये तक रखी गयी है।

## झारखंड विधानसभा के 22वें स्थापना दिवस समारोह का राज्यपाल ने किया उद्घाटन, कहा–

# झारखंड विस का नाम देश की आदर्श विधानसभाओं में हो

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में रहे मौजूद
- 'संसदीय दायित्व के तीन वर्ष' और विधानसभा की त्रिमासिक पत्रिका 'उड़ान' का हुआ लोकार्पण
- लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा और विश्वास को अक्षुण्य रखना सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व : राज्यपाल





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा कि 22वीं वर्षगांठ पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह का राज्यपाल रमेश बैस ने मंगलवार को उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक विनोद सिंह को उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से नवाजा गया। समारोह में उत्कृष्ट विधायक, उत्कृष्ट विधानसभा कर्मी, शहीद सैनिकों और पुलिसकर्मियों के साथ शौर्य चक्र से सम्मानित सैन्य अधिकारियों, खिलाड़ियों और मैट्रिक- इंटर में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने झारखंड विधान सभा के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज हम सब राज्य विधायिका की स्थापना की 22वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा और विश्वास को अक्षुण्ण रखना सभी जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। सभी जनप्रतिनिधि विधानसभा की प्रतिष्ठा और मर्यादा को और उच्च करने में योगदान दें। राज्यपाल ने कहा कि जनता के भरोसे पर खरा उतरने के दायित्व के प्रति जनप्रतिनिधियों को हमेशा संवेदनशील रहना चाहिए। झारखंड विधानसभा का नाम देश की आदर्श विधानसभाओं में हो, इसके लिये प्रत्येक सदस्य को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। सभी सदस्य दलगत भावना से ऊपर उठकर कार्य करें। **विधानसभा ने जिन संसदीय परंपराओं का निर्वहन किया है, उसे राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिली :** इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में झारखंड विधानसभा ने जिन संसदीय परंपराओं का निर्वहन किया है, उसे राष्ट्रीय पटल पर भी पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस झारखंड के नवनिर्माण का सपना देखा था, उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, यह संकल्प लें। **जितनी सत्तापक्ष की भूमिका अहम, उतनी ही विपक्ष की भी :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा राज्य की सर्वोच्च पंचायत है। यहां सभी सदस्यों की एक समान मान्यता है। जितनी सत्ता पक्ष की भूमिका अहम है, उतनी ही विपक्ष की। दोनों के सहयोग से ही राज्य को नयी दिशा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य और अलग विधानसभा गठन के बाद पिछले 22 सालों में राज्य और राज्य की जनता के लिए हमने क्या किया और आगे क्या किया जाना चाहिए, इस पर मंथन करने की जरूरत है। सभी को मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है, ताकि राज्य को और बेहतर और मजबूत बना सकें। **आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों और अन्य कमजोर-वंचित वर्गों को मजबूत करने की जरूरत :** मुख्यमंत्री ने

▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### वीरों–शहीदों की धरती है झारखंड : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड वीरों–शहीदों की धरती है। यहां के अनेकों वीर देश की आजादी के साथ अन्याय, शोषण और जुल्म के खिलाफ संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए अपनी कुर्बानी दी। आजादी के बाद भी अपने हक–अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी। यह लड़ाई आज भी जारी है। इसके साथ झारखंड अलग राज्य का आंदोलन भी लंबे समय तक चला। कई आंदोलनकारी शहीद हुए। अंततः झारखंड अलग राज्य बना। झारखंड की अपनी विधायिका और कार्यपालिका वजूद में आयी और आज दोनों मिलकर राज्य को नयी दिशा देने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम वीर–शहीदों के दिखाये रास्ते पर आगे बढ़ने का संकल्प लें।

### इन्हें किया गया सम्मानित

- बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक के रूप में भाकपा माले के विधायक विनोद कुमार सिंह सम्मानित गये।
- कपिलेश्वर प्रसाद उत्कृष्ट विधान-कर्मी के रूप में, संयुक्त सचिव धनेश्वर राणा, निजी सहायक अमित कुमार दास, वरीय सचिवालय सहायक अनवारूल हक अंसारी, चालक हेमंत कुमार चौरसिया और अनुसेवक अजित नारायण भी सम्मानित किये गये।
- देश के लिए वीरगति को प्राप्त सैन्य अधिकारियों जवानों, नक्सल अभियान में शहीद सुरक्षाबलों और शांति काल में अहम भूमिका निभाने के लिए शौर्य चक्र से सम्मानित सैनिकों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इनमें शहीद मेजर सम्राट मैती की पत्नी और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रभा बिष्ट, शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल संकल्प कुमार की पत्नी प्रिया, सीआरपीएफ के शहीद कुलदीप उरांव की पत्नी बरखा उरांव, शहीद ठाकुर हेंब्रम की पत्नी अष्टमी हेंब्रम, शहीद शंकर नायक की पत्नी सपना नायक, बीएसएफ के शहीद संदीप सिंह की पत्नी सीमा सिंह, शहीद संदीप कुमार पाल के पिता जय नंदन पाल, सीआरपीएफ के शहीद चितरंजन कुमार की पत्नी जूही कुमारी, शौर्य चक्र से सम्मानित मेजर कर्नल राजेश सिंह, मेजर कुमार अंकुर, ग्रुप कैप्टन फिलिप्स पैट्रिक पिंटू, मोहम्मद जावेद और करमदेव उरांव शामिल हैं।
- राज्य और देश के लिए खेल के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लॉन बॉल खिलाड़ी रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे तथा फीफा अंडर-17 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करनेवाली झारखंड की अष्टम उरांव, पूर्णिमा कुमारी, नीतू लिंडा, अंजलि मुंडा, अनिता कुमारी और सुधा अंकिता तिर्की को इस अवसर पर सम्मानित किया गया।
- इंटरमीडिएट परीक्षा- 2022 में टॉपर मानसी साहा (कला), प्रिया कुमारी (विज्ञान) और निक्की कुमारी (वाणिज्य) के साथ मैट्रिक में संयुक्त रूप से टॉपर रहे अभिजीत शर्मा, तन्नू कुमारी, तान्या साह, रिया कुमारी, निशा वर्मा और नीतू कुमारी को सम्मानित किया गया।
- इन पुस्तकों और पत्रिका का हुआ लोकार्पण

विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो द्वारा लिखित पुस्तक 'संसदीय दायित्व के तीन वर्ष', विधानसभा की त्रिमासिक पत्रिका 'उड़ान' के अलावा 'राज्यपाल का अभिभाषण' और 'वित्त मंत्री का बजट भाषण' पुस्तक का मंच पर मौजूद अतिथिगणों ने विमोचन किया।

## नक्सलियों ने रेल लाइन निर्माण में लगे कर्मियों को बनाया बंधक, कई वाहनों को फूंका



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरकाकाना- बरवाडीह रेलखंड के टोरी-चेटर रेलवे स्टेशन के पोल संख्या 190/33/37 के बीच कठपुलिया के समीप रेल निर्माण कार्य में लगे कर्मियों को बंधक बनाते हुए कई वाहनों को नक्सलियों ने मंगलवार की शाम आग लगा दी। सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस घटनास्थल पहुंच जानकारी प्राप्त किया। बता दें कि रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित चंदवा थाना अंतर्गत उक्त रेल लाइन के कठपुलिया के समीप थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य में लगी कई वाहनों को प्रतिबंधित नक्सलीयों द्वारा अगलगी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस कार्य में लगे कर्मियों को भी अपने कब्जे में लेने की सूचना प्राप्त हो रही है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं की गई है। इन दिनों जिले के कई थाना क्षेत्रों में उग्रवादी घटना बढ़ती देखी जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त कार्य आरबीएनएल कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है। अगलगी की घटना में कंपनी को करोड़ों का नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

## समन्वय समिति के चेयरमैन शिबू सोरेन से मिले सदस्य विनोद, योगेंद्र व फागू

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो सह नवगठित झारखंड राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन के मोरहाबादी स्थित आवास में समिति सदस्य के रूप में दर्जा प्राप्त मंत्री सह पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय, योगेंद्र प्रसाद महतो व फागू बेसरा ने श्री सोरेन से मुलाकात की। सदस्यों ने चेयरमैन श्री सोरेन को बुके भेंटकर व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। समन्वय समिति में बतौर सदस्य की जिम्मेवारी मिलने पर राज्य निर्माता दिशोम गुरु के प्रति आभार भी जताया। अध्यक्ष शिबू सोरेन ने नवगठित समिति के सदस्यों को आशीर्वाद दिया तथा समिति के उद्देश्यों को पूरी निष्ठा व लग्न के साथ पूरा करते हुए राज्य के चहुंमुखी विकास को सरकार को सहयोग करने पर बल दिया। गुरुजी से मिलने पहुंचे समिति सदस्य योगेंद्र प्रसाद महतो के साथ गोमिया विधानसभा क्षेत्र से दर्जनों नेता व कार्यकर्ता भी पहुंचे थे। सभी ने गुरुजी शिबू सोरेन का आशीर्वाद लिया। सरकार से मंत्री का दर्जा मिलने पर गोमिया झामुमो में खुशी की लहर है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बस हादसे में मृत सिख समुदाय के सात श्रद्धालुओं के आश्रितों को

# तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि सौंपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 17 सितम्बर 2022 को हुए बस हादसे में मृत सिख समुदाय के सात श्रद्धालुओं के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। यह हादसा उस वक्त हुआ था, जब गिरिडीह जिले से श्रद्धालुओं को लेकर आ रही बस हजारीबाग जिले के टाटीझरिया स्थित सिवाने नदी पुल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। **इन्हें मिली सहायता राशि :** मुख्यमंत्री ने दिवंगत रणवीर कौर सलूजा के आश्रित पति हरवंश सिंह, दिवंगत हरमीत सिंह के आश्रित पिता जीवन सिंह, दिवंगत भूपेंद्र सिंह सेवक की आश्रित पत्नी सुजेन्द्र कौर, दिवंगत अमृतपाल सिंह की आश्रित माता राजेंद्र कौर, दिवंगत जगजीत सिंह के आश्रित पुत्र इंद्रजीत सिंह, दिवंगत कमलजीत कौर के आश्रित पति अजिंद्र सिंह और दिवंगत रविंद्र कौर के आश्रित पति अजीत सिंह को सहायता राशि प्रदान की। मौके पर गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू मौजूद थे।

# मोदी ने करीब 71 हजार नवनियुक्त कर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र



### रांची में 170 लोगों को मिला नियुक्ति पत्र

**रांची।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में देश के 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दिया जा रहा है। जिसके दूसरे चरण में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के चयनित 45 स्थानों से 71 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी की ऑनलाइन नियुक्ति पत्र प्रदान किये। झारखंड से राजधानी रांची के सेंबो अवस्थित सीआरपीएफ केंद्र में केंद्रीय जनजातीय मामले के मंत्री अर्जुन मुंडा ने विभिन्न सरकारी प्रतिष्ठानों रेलवे, बैंक, सीआईएसएफ, असम राइफल्स और आइटीबीपी के लिए कुल 170 लोगों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारत सरकार द्वारा इस वर्ष दस लाख शिक्षित युवाओं को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेला के तहत नवनियुक्त कर्मियों को करीब 71 हजार नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उनसे विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी भूमिका निभाते हुए क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि मैं देश के युवाओं से नए अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह करूंगा। मुझे विश्वास है कि आप अपनी क्षमता बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आज के नियुक्ति पत्र महज से प्रवेश का जरिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं को रोजगार के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने का यह अभियान ऐसे ही अनवरत जारी रहेगा। प्रधानमंत्री ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत बताया और कहा कि युवाओं की प्रतिभा और उनकी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आये, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि काम करते समय अपनी क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान दें। सीखते समय अपनी क्षमताओं को बढ़ायें। अपने वरिष्ठों से अच्छी चीजें सीखें। मैं लगातार सीखने की कोशिश करता हूं। मैं अपने अंदर के छात्र को कभी मरने नहीं देता। मैं हर किसी से, छोटी-छोटी चीजों से सीखता रहता हूं। उन्होंने कहा कि इसी आदत के कारण वह एक समय में एक से अधिक कार्य करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे एक समय में एक से अधिक काम संभालने में कभी भी किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं होती है। श्री मोदी ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राष्ट्रीय विकास में उत्प्रेरक बनाने का सरकार का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला दर्शाता है कि सरकार किस तरह मिशन मोड में सरकारी नौकरी देने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गुजरात और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर देशभर में 45 स्थानों पर कर्मचारियों को नयी नियुक्तियों के नियुक्ति पत्र की प्रतियां भी सौंपी गयीं। प्रधानमंत्री ने कहा इससे पहले अक्टूबर महीने में रोजगार मेला की शुरुआत की थी। उन्होंने एक समारोह में 75 हजार नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे थे। पिछली बार जिन श्रेणियों में युवाओं को नियुक्ति दी गयी थी, उनके अतिरिक्त इस बार शिक्षक, व्याख्याता, नर्स, नर्सिंग अधिकारी, चिकित्सक, फार्मासिस्ट, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### गाय के दूध में बढ़ता एंटीबायोटिक्स : ऐसा दूध पीनेवालों पर दवाओं का असर हो रहा है कम

– आरएनएम

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में हाल ही में हुए एक शोध में पाया गया कि जो लोग ऐसी गाय के दूध पीते हैं जिनको एंटीबायोटिक्स का इंजेक्शन लगाया जाता है, वे लोग यदि बीमार पड़ते हैं और उनको एंटीबायोटिक दवाएं दी जाती हैं, तो असर कम करती हैं। इसके कारण बीमारी ठीक होने में लंबा समय लगता है। कई बार दवाएं असर भी नहीं करती हैं। इस बारे में शोधकर्ता डॉ. रेनाटा इवानेक कहते हैं कि विश्व में ज्यादातर एंटीबायोटिक का उपयोग डेयरी उद्योग में ज्यादा दूध उत्पादन के लिए किया जा रहा है। जिसके कारण गाय को एंटीबायोटिक्स इतना दिया जा रहा है कि उसके दूध में इसकी मात्रा आ जाती है। इस दूध को पीने से इंसान पर एंटीबायोटिक का असर कम होने लगा है। ऐसे में विश्व स्तर पर एंटीबायोटिक प्रतिरोध से निजात पाने के लिए गोवंश में एंटीबायोटिक के उपयोग को कम करना जरूरी है। एंटीबायोटिक की अत्यधिक मात्रा गाय की आंतों में पाये जानेवाले बैक्टीरिया की बढ़ोत्तरी को कम कर देते हैं। यह बैक्टीरिया जुगाली करनेवाले पशुओं की आंतों में पाया जाता है। इसकी बढ़ोत्तरी कम होने से दूध की गुणवत्ता कम होने लगती है। इसलिए दूध देनेवाले पशुओं को एंटीबायोटिक की सुई या इसके मिलावट वाले पशु आहार कम से कम देकर दूध की गुणवत्ता को बचाना होगा। वरना दूध मनुष्य के लिए फायदे के बजाय हानिकारक साबित होने लगेगा।

# न्यूज गैलरी

## एसपी के निर्देश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**पाटन।** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार किशनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज ने एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया । वाहन चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहन चालको से हेलमेट कागजात ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई। वहीं चार पहिया वाहनों की डिक्की का जांच किया गया । ओपी प्रभारी ने वाहन चालको सख्त निर्देश दिया कि वे हेलमेट पहनकर चलें और वाहन का जरूरी कागजात अपने साथ रखें।

## मनरेगा से संचालित योजना जांच के बाद निरस्त

**नावा बाजार।** प्रखंड के सोहदाग पंचायत के कुंम्भी खुर्द गांव में मनरेगा योजना द्वारा वर्ष 2021–22 में संचालित वीगन सिंह के खेत में सिंचाई कूप निर्माण योजना को वीपीओ आशिष कुमार व रोजगार सेवक गोविंदा पांडे द्वारा स्थलीय जांच के दौरान निरीक्षण कर योजना को निरस्त किया गया। मालूम हो कि लाभुक द्वारा कूप निर्माण योजना में जेसीबी मशीन लगाकर कुआं खोदा गया था। जिसमें गुप्त सूचना के आधार पर योजना की जांच की गई । जहां लाभुक के पति द्वारा स्वयं जेसीबी लगाने की बात स्वीकार की। जांच के उपरांत योजना को बंद कर दिया गया है। उस योजना को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान हुई थी । लेकिन मजदूरों को कार्य का आवंटन नहीं किया गया था। मेठ को कार्याआदेश प्राप्त थी।

## खेल से बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास होता है: प्रमुख

**पांकी।** सिंचाई विभाग के मैदान में खेलो झारखंड कार्यक्रम का उद्घाटन पांकी प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद, उपप्रमुख अमित सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खेल से बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। मौके पर प्रखंड प्रसार शिक्षा पदाधिकारी जीतवाहन सिंह ने प्रखंड प्रमुख एवं उपप्रमुख को बुके देकर सम्मनित किया। छात्र छात्राओं ने स्वागत गान गाकर प्रमुख का स्वागत किया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि खेलो झारखंड 2022 कार्यक्रम में प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय के बच्चें भाग ले रहे है, जो बच्चें यहां से जीतेंगे वो जिला में खेलने जायेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संतु सिंह, माडन मुखिया पति रफीक अंसारी, पप्पू यादव उपेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के बक्सी उच्च विद्यालय हुसैनाबाद के मैदान में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, हुसैनाबाद रामनरेश राम के द्वारा किया गया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत सभी मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को जिला स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु



चयनित किया गया। प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2022 23 प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयराम मेहता एवं विनोद कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें खेल शिक्षक जीनत परवीन ,जगदीश यादव, मिथुन सरकार, कुमारी रागिनी, विनय कुमार सिंह ,सुशील कुमार, सिंह कविंद्र कुमार पासवान ,धर्मेंद्र कुमार एवं रंजीत कुमार के साथ बीआरसी कर्मी रंजन सिंह, अभय सिंह ,सनी कुमार, एंव रामदेव ठाकुर के द्वारा सहयोग किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से झारखंड कबड्डी टीम के कोच मनोज शर्मा ,वरीय फुटबॉल खिलाड़ी मानिक चंद्र सिंह एंव सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# साक्षरता कर्मियों ने मानदेय भुगतान की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रखंड साक्षरता कार्यालय हुसैनाबाद में धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक की गई। जिसमें प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार रवि ने प्रेरकों को वीजीवीएस के पलामू जिला व राज्य स्तर के पदाधिकारियों की सरकार के साथ हुई वार्ता व कार्य की रुपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कई कार्य करने के दिशा निर्देश के साथ क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया गया है। इसमें पृष्ठभूमि निर्माण, संगठनात्मक संरचना, पौढ़ निरक्षरों का सर्वेक्षण, वीटी की पहचान, मैचिंग - बैचिंग के तहत विद्यालयों के पोषक क्षेत्र के तहत 8 - 10 वयस्कों का एक केन्द्र स्थापित करने सहित प्रेरकों से लेकर वीटी, बीपीएम, स्वयं शिक्षकों के प्रशिक्षण कराने के निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी दी गई। बैठक उपरांत बीडीओ रतन कुमार सिंह को ज्ञापन देकर साक्षरता कर्मियों ने 12 माह के बकाया मानदेय भुगतान कराने की मांग की। उन्होंने इस प्रखंड में वर्ष 1995 से संचालित साक्षरता कार्यक्रम के तहत वर्ष 2018 तक सेवा दी। इसके बाद उनके कहीं समायोजन नहीं होने से परिवारों के जीविकोपार्जन संकट में है। मौके पर मीना देवी, अनीता देवी, संजू देवी, सहित कई प्रेरक शामिल थे।

# विवाहिता ने दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा ।** दहेज प्रताड़ना को लेकर एक विवाहिता ने 20 नवंबर दिन रविवार को सतबरवा थाना में अपने ससुराल पक्ष के 6 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया है। वहीं सतबरवा थाना प्रभारी कुणाल मौर्य ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है । इसके आधार पर छानबीन की जा रही है। सतबरवा थाना के ठेमा निवासी अनु कुमारी ने कहा है कि मेरी शादी इसी वर्ष रांची के नाजिर अली लेन रोड लोअर थाना में हुई है। विवाह में मेरे परिजन 9 लाख 51 हजार नगद सोने की अंगूठी, चैन समेत 20 लाख रुपया विवाह में खर्च किया था । लेकिन विवाह के बाद से ही ससुराल वाले दस लाख रूपये दहेज की मांग करने लगे,नहीं देने पर लगातार प्रताड़ित करने लगे। शनिवार के दिन ससुराल वालों ने मारपीट करते हुए मुझे नशा का इंजेक्शन देकर पोंची एन एच 39 पर गाड़ी से धकेल दिया । इस संबंध में विवाहिता ने रविवार को सास, ससुर ,ननद अन्य तीन लोगों पर एफ आई आर दर्ज करने का आवेदन दिया है । आवेदन के आधार पर पुलिस छानबीन कर रही है।

## पूर्व सांसद ने फुटबॉल ग्राउंड का किया निरीक्षण

**पाटन।** प्रखंड के ग्राम किशनपुर हाई स्कूल के मैदान में 25 नवंबर 2022 से प्रस्तावित प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का खेल प्रारंभ होने वाला है । खेल शुरू होने से पूर्व पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद व भाजपा नेता मनोज कुमार ने किशुनपुर में खेल के मैदान का अवलोकन किया एवं इसके उपरांत संबंधित खेल कमेटी को मैदान में कुछ आवश्यक सुधार हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। ताकि इस प्रखंड स्तरीय टूर्नामेंट खेल के दौरान में किसी प्रकार की दिक्कत दर्शकों और खिलाड़ियों को ना हो ।इस मौके पर जिला परिषद के विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह,राजू मालाकार, विकास साव,शुभम क्रांति, जितेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## एसआई को दी गई विदाई

**पांकी।** प्रखंड के पिपराटांड़ थाना के एसआई विपिन कुमार ठाकुर का स्थानांतरण हो जाने के बाद थाना परिसर में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पिपराटांड़ थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने की। मौके पर पिपराटांड़ के थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने कहा कि पिपराटांड़ थाना में शांतिपूर्ण तरीके से सभी जवान एवं अधिकारी के साथ मिलजुल कर ग्रामीणों का दिल जीता है । विपिन ठाकुर इनकी जितने भी सराहना की जाय वह कम होगा। मौके पर, नौडीहा टू मुखिया मुकेश सिंह, अजित सिंह, शिक्षक मंटू गुप्ता, कामख्या राम, जवान राकेश कुमार ,चालक उमेश दास ,एसआई जितेन्द्र कुमार , मटन यादव, बलि यादव ने उपहार भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर विदाई समारोह कार्यक्रम का समापन किया गया।

# हाइवा के धक्के से दो युवक घायल, रेफर

**नवीन मेल संवाददात**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के सोनवे गांव के समीप जपला-पथरा रोड़ में मंगलवार की सुबह करीब 8:45 बजे हाइवा के धक्के से बाइक सवार विकास साव और नीरज साव घायल हो गया। जिसे घायल नीरज को प्राथमिक चिकित्सा के बाद हरिहरगंज सीएचसी से रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि उक्त दोनों युवक बाइक पर सवार होकर दुबरिया मोड की तरफ जा रहे थे। तभी सोनवे गांव के समीप जपला-पथरा रोड़ पर आते ही पिपरा की ओर जा रही हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। घायलों में विकास साव सोनवे तथा नीरज साव बेला खसुआ गांव का रहने वाला है। उक्त दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने हाइवा चालक को पकड़ लिया और लगभग 4 घंटा तक जपला-पथरा रोड़ को जाम रखा। बाद में हाइवा संचालक द्वारा घायल के इलाज का खर्च उठाने का आश्वासन देने पर और तत्काल 75 हजार रुपया मदद करने के बाद सड़क जाम को हटाया गया। इसकी पहल समाजसेवी पिंटू सिंह व अशोक सक्सेना सहित कई लोगों ने किया।



## जपला मुख्य डाकघर में संतु मिंज ने किया योगदान

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के जपला मुख्य डाकघर में गढ़वा से आये डाक सहायक संतु मिंज ने मंगलवार को योगदान देकर कार्य प्रारंभ किया । डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता ने बताया कि डाक सहायकों की कमी से हो रही परेशानी को देखते हुए उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है । अगले कुछ दिनों में अन्य डाक सहायको को भी पदस्थापित किया जा सकता है ।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में जहां कम प्राप्त हुए हैं आवेदन वहां घर-घर चलायें अभियान : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश पर 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक चलाये जा रहे फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के तहत मंगलवार को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के सचिव के रवि कुमार पलामू पहुंचे। उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में पलामू के विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप प्रकाशन की अवधि के दौरान जिन मतदान केंद्रों पर 0 से 10 तक अर्थात कम आवेदन प्राप्त हुए हुए हैं। वहां के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को घर-घर अभियान चलाकर फॉर्म संग्रह कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने संबंधी फॉर्म संग्रह कराएं। ताकि किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से नहीं छूटे। उन्होंने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 में लगे बीएलओ की समीक्षा करने तथा योग्य नागरिकों का फॉर्म संग्रह में तेजी लाने एवं कम प्राप्त फॉर्म वाले स्थानों पर अत्यधिक मेहनत करने का निर्देश दिया, ताकि स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची का निर्माण सुनिश्चित कराई जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदाता विवरणी का आधार से लिंक करने का कार्य 73 प्रतिशत से बढ़ाकर शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी योग्य नए मतदाताओं का अधिक- से-अधिक नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के तहत मतदाता सूची में अन्य योग्य नागरिकों का नाम निबंधन, सुधार, स्थानांतरण या नाम विलोपन का कार्य जल्द-से-जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी से अपने दायित्व को समझते हुए कार्य में प्रगति लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने एवं निर्वाचन संबंधी अपने द्वारा किए गए कार्यों का रिकॉर्ड मेंटेन करने की बातें कही। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अलावा मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-आयुक्त जटा शंकर चौधरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप निर्वाचन पदाधिकारी- सह-नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह सहित 75-पांकी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद, 76-डालटनगंज के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह, 77- विश्रामपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, 78-छतरपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी एनपी गुप्ता, 79-हुसैनाबाद के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण सहित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# समाजसेवी की पत्नी उतरी चुनावी मैदान में

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** समाजसेवी मुंशी प्रसाद गुप्ता ने मंगलवार को रेहला अपने आवास हरिओम कांप्लेक्स पर प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि विश्रामपुर नगर परिषद में अब तक समुचित विकास नहीं हो पाया है। अव्यवस्ता व भ्रष्टाचार पूरे चरम पर है। जिसे खत्म करना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने अध्यक्ष पद पर अपनी पत्नी सुशीला देवी को चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया है। ताकि क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। वही हमेशा से प्रधानमंत्री मोदी के समर्थक रहे श्री गुप्ता ने कहा कि देश में मोदी और विश्रामपुर नगर परिषद में मुंशी के अलावा विकास के पहिए को कोई भी तीव्र गति नहीं दे पायेगा। उन्होंने कहा कि जनता व कार्यकर्ताओं के समर्थन के बदौलत इस बार विश्रामपुर की तकदीर और तस्वीर दोनों बदलेगी। वही प्रेस वार्ता में मौजूद पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी ननदेव यादव ने मुंशी प्रसाद गुप्ता का समर्थन करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता इस बार बदलाव चाहती है । जिसके मद्दे नजर श्री गुप्ता के अलावा कोई दूसरा विकल्प लोगों के पास नही है। अतः इनकी जीत सुनिश्चित है।


## समाहरणालय,चतरा
## (उत्पाद शाखा)

**खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि '' झाखण्ड उत्पाद (झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से खुदरा उत्पाद दुकानों का संचालन ) नियमावली 2022 '' के कंडिका 32(i) एवं महाप्रबंधक (वित्त), झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के पत्रांक–1419 (अनु0), दिनांक–11.10.2022 द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक में चतरा जिलान्तर्गत झारखण्ड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून(बड़ा/छोटा) के बिक्री निष्पादन के संबंध में अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किये जाते है । जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार सम्पादित की जायेगी :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, चतरा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि। | दिनांक 23.11.2022 |
| 2 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, चतरा में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि। | 02.12.2022, अप0 02:00 बजे तक |
| 3 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | 02.12.2022 अप0 4:00 बजे |
| 4 | मुहरबंद निविदा खुलने का स्थल | अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, चतरा |

उक्त नियमावली/निदेश के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्ते, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, प्रात्रता की शर्ते, समर्पित किये जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, चतरा में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है एवं https://chatra.nic.in पर भी देखा जा सकता है ।

अधीक्षक उत्पाद,
चतरा

PR 283052 Excise(22-23).D

## Office of The Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division Latehar

**E-procurement Very Short Tender Notice(SBD)**

Tender Referance No- DWSD/LTR/SVS/CLTR-17/21-22 (10th Call) Dt- 22.11.2022

| Sl No | Particular | Detail of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Work | Detailed Survey Desigening and Drawing Construction of 2020 nos FHTC in Different Block of Latehar Comprising of Suitable R.C.C Frame, Structure ESR, Distribution Lines, Source (as Required) & 05 Year Oereation & Ma intenance all Complete Job "on Turn Key Basis" under D. W & S Division Latehar For The Year 2021 -22 under (JJM) | | | | | |
| | Group No | No of Panchayat | No Of FHTC | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost Of BOQ (In Rs) | Time of Comletion |
| 1 | BRD/SVS/CLTR/07(A)(ii) | 3 | 2020 | 707.87 | 7.08 | 10000.00 | 09 month |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 23.11.2022 at 04.00 P.M | | | | | |
| 3 | Date of Starting Submission of Bid | 23.11.2022 at 04.00 P.M | | | | | |
| 4 | Last Date of Submission of Bid | 29.11.2022 upto 05.00 P.M | | | | | |
| 5 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 30.11.2022 upto 05.00 P.M<br>1. Superitending Engineer D W & S Circle Medininagar.<br>2. Regional Chief Engineer D W & S Dept Jharkhand Ranchi.<br>3. Executive Engineer D W & S Div Latehar. | | | | | |
| 6 | Date of Opening Tender | 01.12.2022 at 04.00 P.M | | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Opening Officer | Executive Engineer , D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, D . W & S Division Latehar | | | | | |
| 9 | Contact No of Procurment Office | 9430725642, 6201242103 | | | | | |
| 10 | Contact No of Procurement cell | 0651-2480342 | | | | | |

- Estimated Cost & EMD Cost May Be Changed.
- Further Details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
D. W & S Division Latehar.

PR 283066 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या :– 20/2022–23**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजनान्तर्गत चतरा जिला के रूर्बन कलस्टर–सराढु प्रखण्ड–टण्डवा में योजना सेनेटरी नैपकीन उत्पादन मशीन (युनिट–01) का अधिष्ठापन निबंधित संस्था के माध्यम से किया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु निबंधित संस्था के इच्छुक आपूर्तिकर्ता/ कंपनी/फर्म/पार्टनरशिप/गैर सरकारी संगठन से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रण हेतु ज्ञापांक–559 दिनांक 20.06.2022, PR No-271928 द्वारा किया गया था। अपरिहार्य कारणवश उक्त निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा दिनांक 29.11.2022 को 11:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | Details |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 22.11.2022 |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 29.11.2022 till 11:00 AM |
| 3 | निविदा खुलने का तिथि/समय | 29.11.2022 – 03:00 PM |
| 4 | निविदा की अधिकतम लागत | Rs 5,98,750.00 |
| 5 | निविदा खुलने का स्थान | DRDA Vikas Bhawan, Conference Hall, Chatra |
| 6 | अग्रधन की राशि (EMD) उप विकास आयुक्त, चतरा, विकास भवन, चतरा, के नाम से Banker cheque या Demand Draft देय होगा। (Payable at Chatra) | Rs 10,000.00 |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | Head, Procurement Cell cum office of Director DRDA, Vikas Bhawan, Chatra |
| 8 | निविदा एवं EMD का Hard Copy कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 22.11.2022 at 11:00 AM to 29.11.2022 till 11:00 AM |

**Further details can be seen on website: www.chatra.nic.in or visit *Rurban Mission Cell, DRDA, Building, Nagwan Chowk Chatra 825401.***

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदाकर्ता द्वारा दो मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करना होगा। उक्त तिथि को क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। निविदादाताओं के तकनीकी मूल्यांकण के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण
Procurement Cell, चतरा

PR 283075 Rural Development (22-23)_D

## जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, चतरा।

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या :–18/2022–23**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजनान्तर्गत चतरा जिला के रूर्बन कलस्टर–सराढु प्रखण्ड–टण्डवा में योजना अगरबत्ती उत्पादन मशीन (युनिट–04) का अधिष्ठापन निबंधित संस्था के माध्यम से किया जाना है। उक्त कार्य के लिए दर निर्धारण हेतु निबंधित संस्था के इच्छुक आपूर्तिकर्ता/कंपनी/फर्म/पार्टनरशिप/गैर सरकारी संगठन से निविदा/प्रस्ताव आमंत्रण हेतु ज्ञापांक–556 दिनांक 20.06.2022, PR No-271923 द्वारा किया गया था। अपरिहार्य कारणवश उक्त निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा दिनांक 30.11.2022 को पुर्वाह्न 11:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | कार्य का विवरण | Details |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि | 22.11.2022 |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 30.11.2022 till 11:00 AM |
| 3 | निविदा खुलने का तिथि/समय | 30.11.2022 - 03:00 PM |
| 4 | निविदा की अधिकतम लागत | Rs 9,92,760.00 |
| 5 | निविदा खुलने का स्थान | DRDA Vikas Bhawan, Conference Hall, Chatra |
| 6 | अग्रधन की राशि (EMD) उप विकास आयुक्त, चतरा, विकास भवन, चतरा, के नाम से Banker cheque या Demand Draft देय होगा। (Payable at Chatra) | Rs 10,000.00 |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | Head, Procurement Cell cum office of Director DRDA, Vikas Bhawan, Chatra |
| 8 | निविदा एवं EMD का Hard Copy कार्यालय में हाथों–हाथ अथवा रजि0 पोस्ट से जमा करने की तिथि | 22.11.2022 at 11:00 AM to 30.11.2022 till 11:00 AM |

**Further details can be seen on website: www.chatra.nic.in or visit *Rurban Mission Cell, DRDA, Building, Nagwan Chowk Chatra 825401.***

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदाकर्ता द्वारा दो मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करना होगा। उक्त तिथि को क्रय समिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। निविदादाताओं के तकनीकी मूल्यांकण के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का वित्तीय बिड खोला जाएगा।

निदेशक,
लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन,
जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
Procurement Cell, चतरा।

PR 283071 Rural Development(22-23)D

## न्यूज गैलरी

### नगर निकाय में तीन पदाधिकारी का पदस्थापन

**मेदिनीनगर।** नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा संयुक्त सैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में मेदिनीनगर नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त व विशेष पदाधिकारी व कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा नगर निकाय में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु इन पदाधिकारियों का पदस्थापना किया गया है। जिसमें गौरव कुमार ,अरविंद प्रसाद अग्रवाल और जयपाल सिंह प्रमुख है। ज्ञात हो कि जेपीएससी सातवीं से दसवीं परीक्षा में 63 अधिकारियों का चयन नगर विकास एवं आवास विभाग के द्वारा किया गया है । इसमें सभी पदाधिकारियों को राज्य के अलग-अलग नगर निकायों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए भेजा गया है।

### मैट्रिक स्तरीय परीक्षा की तिथि फिर बढ़ी

**मेदिनीनगर।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने एक बार फिर मैट्रिक स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा बढ़ा दी है। इसके तहत ऑनलाइन आवेदन अब छह दिसंबर तक भरे जायेंगे। इससे पहले इसकी अंतिम तिथि 21 नवंबर निर्धारित थी। आयोग के द्वारा संशोधित कार्यक्रम के तहत परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु अंतिम तिथि नौ दिसंबर निर्धारित की गई थी। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन 11 से 14 दिसंबर तक कर सकेंगे।

### जनवरी में जारी होगी मैट्रिक, इंटर का मॉडल सेट प्रश्न पत्र

**मेदिनीनगर।** मैट्रिक, इंटर परीक्षा 2023 के लिए मॉडल सेट प्रश्न पत्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू किया गया है। संभावना है कि 15 जनवरी तक प्रश्न पत्र जारी कर दिया जायेगा। इधर परीक्षा फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया भी शुरू किया गया है। मैट्रिक, इंटर परीक्षा के परीक्षार्थियों का परीक्षा फॉर्म 30 नवंबर तक जमा होगा। छह दिसंबर तक सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को फॉर्म को सत्यापित करने को कहा गया है। जबकि विलंब शुल्क के साथ फॉर्म एक से 10 दिसंबर तक जमा होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी 12 दिसंबर तक फॉर्म सत्यापित कर सकेंगे।

### असिस्टेंट इंजीनियर नियुक्ति में सरकार पर लगा जुर्माना

**मेदिनीनगर।** असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती मामले में मंगलवार को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर कड़े तेवर दिखाये। हाईकोर्ट ने सरकार की तरफ से जवाब दाखिल नहीं करने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। चीफ जस्टिस रवि रंजन व जस्टिस एसएन प्रसाद की बेंच ने जवाब दाखिल नहीं करने पर कड़ा ऐतराज जताते हुए पूछा कि जब पूर्व में आदेश दिया गया था, तो फिर राज्य सरकार ने जवाब दाखिल क्यों नहीं किया। इसके साथ ही चयनित अभ्यर्थियों की ओर से पक्ष सुने जाने को लेकर दाखिल याचिका को अदालत ने स्वीकार कर लिया। मामले में अगली सुनवाई अब 29 नवंबर को होंगी। गौरतलब है कि सहायक अभियंता नियुक्ति की प्रारंभिक परीक्षा में आरक्षण का मुद्दा उठाया गया है। जिसपर राज्य सरकार ने कहा था कि प्रारंभिक परीक्षा में किसी को भी रिजर्वेशन नहीं दिया गया था। कोर्ट ने कोटि और कोटा में अंतर बताने को कहा है। राज्य सरकार से जो जवाब मांगा गया था, उसका जवाब कोर्ट को अब तक राज्य सरकार ने नहीं दिया है।

### पौष्टिक आहार बच्चों को नहीं मिलती है : ग्रामीण



**मनातू।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रंगेया पंचायत के ग्राम कुण्डीलपुर में पलामू उपायुक्त के लाख प्रयास और सख्त निर्देश के बाद भी मनातू प्रखंड क्षेत्र की सेविका सुधरने का नाम नहीं ले रहीं है। कुंडीलपुर ग्रामीणों की शिकायत है कि सेविका एक भी दिन नहीं आती है। जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। सरकार द्वारा मिलने वाली पोस्टिक आहर से बच्चों को वंचित रखा जा रहा है। कुंडीलपुर मनातू प्रखंड मुख्यालय से लगभग 100 से 120 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह गांव अति नक्सल क्षेत्र में अवस्थित है! आंगनबाड़ी सेंटर में सेविका के उपस्थित नहीं रहने से बच्चे शिक्षा से कोसों दूर हो रहे है। सरकार द्वारा मिलने वाला पौष्टिक आहार और चावल सेविका अपने घर में रखती हैं। जो बच्चे को आज तक नसीब नहीं हुआ है। इस गांव में अधिकांश लोग अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के रहते हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सेविका सीमा देवी सहायिका को तंग करते रहती हैं। वह सहायिका के सहारे ही आंगनबाड़ी सेंटर को चलवाती है। आंगनबाड़ी सेंटर में बहुत गन्दगी देखने को मिलता है उसकी स्थिति बहुत जर्जर है। ग्रामीणों ने सेविका के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उपायुक्त पलामू से की है।

### वार्ड पांच व छह में 300 जरूरतमदों के बीच कंबल का वितरण



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नम्बर पांच व छह के गरीब, असहाय,विधवा व वृद्ध के बीच बढ़ते ठंढ को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद अजय प्रसाद गुप्ता, वार्ड पांच पार्षद सुषमा गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से 300 कंबलों का वितरण किया। जिसमें 80 कंबल नगर पंचायत की ओर से और 220 कंबल पूर्व वार्ड पार्षद अजय प्रसाद गुप्ता ने अपनी निजी खर्च से वितरण किया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने दोनों वार्डो के जनता को संबोधित करते हुए कहा कि नहर मोड़ पर जो सब्जी बाजार सड़क किनारे लगता हैं। वह व्यस्थित ढंग से नहर किनारे लगाया जायेगा। इसके लिए टेंडर भी निकाला गया है। जिससे उक्त क्षेत्र के लोगों को रोजगार का अवसर मिल पायेगा। अगर निकाय चुनाव को लेकर अचार सहिंता नहीं लगता है तो जल्द ही काम लगाया जायेगा।

## जिला परिषद बोर्ड की बैठक में कई निर्णय




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार में प्रतिमा कुमारी,अध्यक्ष जिला परिषद,पलामू की अध्यक्षता में हुई। सभागार में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मेघा भारद्वाज, समेत सभी सदस्य सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। सात जुलाई की इस बैठक में लिये गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर चर्चा किया गया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी। जिसमें सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों को निबंधित कराने एवं आवेदन कराने हेतु सभी जनप्रतिनिधियों को सूचित किया गया। प्रत्येक प्रखंड में एक - एक नोडल पैक्स बनाने हेतु सहकारिता पदाधिकारी को विभागीय स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के लिये निर्देशित किया गया।

#### लहरबंजारी पंचायत भवन को सामुदायिक भवन में किया जायेगा शिफ्ट

बैठक में लहरबंजारी पंचायत भवन को सामुदायिक भवन में शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह 13 जिला परिषद के दुकान,1 बस पड़ाव,4 हाट बाजार व 1 नावघाट के बंदोबस्ती का अनुमोदन प्रदान किया गया। वहीं 15वें वित्त आयोग मद से जो भी योजनाएं प्रारंभ नहीं हुई है । उनका लाभुक समिति बदल कर कार्य प्रारंभ कराने का निर्णय लिया गया। पाटन एवं छतरपुर में अवस्थित जिला परिषद द्वारा निर्मित दुकानों का किराया का निर्धारण किया गया। जिला परिषद विकास योजना 2023-24 के निर्माण हेतु योजनाओं का चयन कर वार्षिक कार्ययोजना बनाने पर सहमति बनायी गयी। इसी तरह रेहला में केसरे हिंद जमीन पर अवैध निर्माण की जांच हेतु अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया गया। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा,बिजली विभाग,शिक्षा विभाग,समाज कल्याण,भूमि संरक्षण,कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों की समीक्षा की गयी।

## जन आक्रोश रैली को लेकर भाजपा ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में 22 नवम्बर को जिला पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने की एवं मंच संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया। बैठक में जिले के सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं महामंत्री भी उपस्थित रहे। बैठक का आशय आगामी 24 नवंबर 2022 को होने वाले जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए जिले के सभी पदाधिकारी सभी मंडल में प्रवास करेंगे और जनता एवं कार्यकर्ताओं को जन आक्रोश रैली में शामिल होकर रैली को सफल बनाने हेतु प्रोत्साहित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय, अरविंद सिंह ,अरविंद गुप्ता ,जिला मंत्री संतोष सिंह, धीरेंद्र कुमार दुबे ,श्यामा द्विवेदी, रेनू देवी, जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष, सीटू गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, सुजाता सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी नवेन्दु मिश्र, आईटी सेल संयोजक अजय कुमार सिंह, रोहित शर्मा, संतोष कुमार ,अरविंद कुमार समेत कई भाजपा नेता उपस्थित थे । धन्यवाद ज्ञापन एवं सभा समाप्ति की घोषणा जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

## आजसू अल्पसंख्यक प्रकोष्ट ने सरकार के कार्यों की निंदा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ट( अखिल झारखण्ड अल्पसंख्यक महासभा ) के जिला अध्यक्ष हाजी अकमल खान ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि झामुमो नेता मनोज गुप्ता का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है और वे अनाप सनाप बयान दे रहे है। जो 1932 खतियान को स्थानीय नीति लागू होने की बात कर रहे है। जबकि आनन फानन में ये सरकार केवल विधान सभा से पारित किया है केन्द्र को भेजने के लिये। उन्होंने कहा कि देश की पहली सरकार है जो अपने राज्य की नीति बनाने के लिए केन्द्र को प्रस्ताव भेजा है ,जो दुर्भाग्यपूर्ण है । उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव नजदीक आ रहा है। यहां बड़े नेता जो भी बने हैं वो किसी चौराहे में लगाये मंच और झारखण्डी विचार ,झारखण्ड की संस्कृति पे डिबेट करें ।

## राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए छात्र चयनित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 12 वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता 2022-23 रोलर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा 24 एवं 25 सितंबर 2022 को खेलगांव रांची में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में एम केडीएवी. पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर पलामू के छात्रों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रथम कक्षा के छात्र अद्वैत रंजन ने 100 मीटर एवं वन लैप रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मयंक कुमार सोनी द्वितीय कक्षा के छात्र ने 100 मीटर एवं 200 मीटर तथा 1 लैप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तथा अनिमेष रंजन पंचम कक्षा के छात्र ने 100 मीटर एवं 200 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 22 नवंबर 2022 को विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में इन सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन.खान ने कहा कि ये सभी छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए जो 11 दिसंबर से 22 दिसंबर 2022 तक चलेगी । उसमें भाग लेने के लिए बेंगलुरु जायेंगे। डॉक्टर खान ने कहा कि जिस प्रकार पूत के पांव पालने में पहचान लिए जाते हैं। उसी प्रकार इन छात्रों ने हमें भरोसा दिलाया है कि ये छात्र विद्यालय को एक नई बुलंदी पर ले जायेंगे । विद्यालय की पहचान छात्रों के प्रदर्शन से होती है। इन छात्रों के प्रदर्शन से पूरा पलामू एवं विद्यालय परिवार गर्व की अनुभूति कर रहा है। उन्होंने इन बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी।

## पार्टी विस्तार को लेकर भाकपा ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी की विस्तारित बैठक कामरेड मनाजरूल हक की अध्यक्षता में 22 नवंबर को हुई। जिसका संचालन भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने की। जिसमें पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक को माला पहनाकर स्वागत किया गया। पार्टी के वरिष्ठ साथी सूर्यपत सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर विस्तार से बताया और कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री मोदी को मंहगाई क म करने में शर्म आती है । लेकिन कारपोरेटो को रियायत देने के लिए खुल्ला छुट दे दिया गया है। पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पलामू जिला सहित पुरे झारखंड में पार्टी को मजबूत करने के लिए शाखाओं को मजबूत करना होगा। कम्युनिस्ट पार्टी ने जो आम अवाम के लिए संघर्ष किया है ,उसको जनता के बीच ले जाना होगा। आज देश में बेरोजगारी बढ़ गई ह। वहीं केंद्र की तरह राज्य सरकार भी नौजवानों को रोजगार देने में बिफल रही है। सुखाड़ का दंश झेल रही पलामू जिला में सरकार के द्वारा अभी तक किसानों को कोई रियायत नहीं दिया गया। पलामू जिला में भूमि हदबंदी कानून को ताक पर रखकर गरीबों दलितों की जोत की भूमि को हड़पने का काम कारपोरेट घरानों और जमींदार परिवार कर रहे हैं । उनके इस मंसुबे को कम्युनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। रूचिर कुमार तिवारी ने आगामी नगर निगम चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम में पार्टी सभी वार्डो में अपनी पार्टी के समर्थित उम्मीद देगी। वर्तमान निगम के जनप्रतिनिधियों ने निगम वासियों पर टैक्स का बोझ लादकर आम जनता को दोनों हाथों से लुटवाने का काम किया है। जिसे जनता इस बार सबक सिखयेगी। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, कृष्ण मुरारी दुबे, शमशुद्दीन अंसारी,पुरनचंद साव, सुषमा मुरमा, राजेंद्र बैठा, सुरेश ठाकुर,अलखदेव राम, चंद्रशेखर तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, विदेशी पांडे उर्फ सुजीत पांडे, आलोक तिवारी,अभय कुमार, जनेश्वर राम,संतु सिंह,ललन कुमार सिन्हा, कामेश्वर सिंह, उमेश सिंह चेरो,हरि राम,फेकन उरांव, मुनेश चौधरी, बिनोद भूइंया, बालकिशन राम, दिनेश सिंह,गनौरी भूइंया, कन्हाई राम,मोमुदीन अंसारी,जीतन उरांव, विरेन्द्र सिंह,देवंती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।अंत में सोनू खान,नसीम राइन,तारो देवी,फुलवंती देवी,नीलम देवी, सहित कई लोगों ने कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया।

## मेयर प्रत्याशी ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**मेदिनीनगर।** जगदेव प्रसाद का समाज के प्रति समर्पण हम सभी के लिए अनुकरणीय है। समाज के प्रति उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है। यह कहना है भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह का। श्री सिंह घर घर यात्रा के 14 वें दिन जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बोल रहे थे। निगम में ड्राई जोन के रुप में निमिया का नाम जाना जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे नगरनिगम के नए क्षेत्र में विशेष रूप से काम करने की आवश्यकता है और इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने की पहली प्राथमिकता होना चाहिए। श्री सिंह ने बताया पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वो कृतसंकल्पित होते हैं और उन्हे जनता का आशीर्वाद अगर मिलता है तो नए क्षेत्र में स्पेशल पैकेज के तहत काम किया जायेगा।

## लिलिपुट प्ले स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल मे 21 और 22 नवम्बर को कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता का आयोजन लगातार दो दिनों तक चला। जिसमें स्कूल कैंपस को कविता की थीम पर आकर्षक रूप से सजाया गया । स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को प्रोत्साहन मिलता है और आगे जीवन में इस तरह के आयोजन में हिस्सा लेने के लिए बच्चे प्रेरित होते हैं । प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने हिंदी और अंग्रेजी में कविता सुनाईं । स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने बताया कि आगे आने वाले महीनों में और भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी । प्रतियोगिता में क्लास के अनुसार सीनियर और जूनियर के आधार पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें प्रथम स्थान गुरदयाल नामधारी, हमजा अहमद, आरोही कुमारी, मयांशी सिन्हा,अदावी अकरम को मिला। वहीं द्वितीय स्थान पर श्रेयस राज, मेहर खान, आद्रिका राजशेखर, श्रेया ने मिला । तृतीय स्थान पर ओजस सिंह, अद्विक शिवाय, तजल्ली हेरा की रहीं। इन सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया ।

## चौधराना का दर हुआ कम : महापौर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड चेंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री को बधाई देते हुए कहा कि जो काम वर्षों से लंबित था। उसे मुख्यमंत्री, नगर विकास सचिव विनय चौबे एवं महुआ मांझी के साथ बैठक के उपरांत मिलकर चौधराना बाजार का दर 6 से 4 करा दिया। इसके लिए वो बधाई के पात्र हैं। महापौर ने कहा कि यहां के कई नेता डिंग हाक रहे थे की दर कम करा लेंगे। गौरतलब है कि रविवार को पलामू चैम्बर ऑफ कॉमर्स के द्वारा स्थानीय ज्योतिलोक में बैठक कर इस प्रस्ताव पर चर्चा किया गया था। जिसपर मेयर ने कहा कि चेंबर के नेतृत्व में हुए बैठक के आलोक में संवाद का बेहतर फल निकला। उन्होंने कहा कि किशोर मंत्री के साथ मुख्यमंत्री एवं महुआ मांजी के बैठक के उपरांत सकारात्मक आश्वासन मिला है। इसके बाद बहुत जल्द खासमहाल लीज का भी समाधान निकल जायेगा ।

## दिव्यांग अधिकार मंच ने जागरूकता के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

### बेहतर प्रदर्शन के लिए मंच ने अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** दिव्यांगों में जागरूकता लाने और उनके हक अधिकार की लड़ाई को और धारदार बनाने के लिए दिव्यांग अधिकार मंच के द्वारा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में जागरूकता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मंच के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र गुप्ता, बीरबल , संजय मेहता, कोषाध्यक्ष अवधेश यादव, प्रदेश संरक्षक सह नगर के अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन, सुभाष मिश्रा, लवलेश यादव, चितरंजन याद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन युवा समाजसेवी सह नगर के भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने किया। इस मौके पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष ने कहा कि दिव्यांगों के अधिकारों की रक्षा के लिए 2016 अधिनियम का लागू होना बेहद जरूरी है। वहीं संरक्षक अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि मंच ने सदैव निष्ठा के साथ दिव्यांगों की सेवा की है। उनका भी सतत सहयोग मंच को मिलता रहेगा। मंच के प्रवक्ता बीरबल ने कहा कि आने वाले दिनों में मंच दिव्यांगों के हितों की रक्षा के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलायेगा। मौके पर इलाके के भीम व्यास ने अपने सामाजिक गीतों से समाज को जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से दिव्यांग अपनी शक्तियों को पहचानें, उनमें रहती है दिव्य शक्तियां।

### निर्वाचन साक्षरता क्लब फॉर यंग वोटर्स के तहत कार्यक्रम आयोजित

## दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है : रवि



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार मंगलवार को मेदिनीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने योध सिंह नामधारी महिला विद्यालय के सरस्वती देवी हॉल में निर्वाचन साक्षरता क्लब फॉर यंग वोटर्स के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर युवाओं को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है। उन्होंने कहा कि अपने वोट के तहत हम अपनी सरकार चुनते हैं । लेकिन चिंता का विषय है कि निर्वाचन कार्यो में युवाओं की भागीदारी उम्मीद से कम है। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहने के विषय पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ही निर्वाचन में युवा मतदाता की भागीदारी शत-प्रतिशत सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस बार से 17 वर्ष पूरे होने के पश्चात भी मतदाता सूची में नाम जोड़वाने हेतु निबंधन कराया जा सकता है । जिसके बाद 18 वर्ष पूर्ण होते ही संबंधित व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में जोड़ दिया जायेगा। उन्होंने प्रेजेंटेशन के माध्यम से मौके पर उपस्थित युवाओं का निर्वाचन के संबंध में ज्ञानवर्धन किया। **विभिन्न कॉलेज के युवाओं से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया संवाद :** कार्यक्रम में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न कॉलेजों के युवा उपस्थित थे। जिसके साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन की विभिन्न प्रक्रियाओं से संबंधित संवाद किया। इस दौरान एक छात्रा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को बताया कि कई लड़कियां जो 18 वर्ष की हो जाती है और अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाना चाहती है तो उनके अभिभावक द्वारा कहा जाता है कि कुछ वर्षों में तुम्हारी शादी हो जायेगी तो फिर तुम्हें अपने ससुराल का पहचान पत्र बनवाना पड़ेगा। इसलिए अभी मत बनवाओ। इसी तरह एक युवा ने कहा कि जिले के कई मजदूर काम की तलाश में पलायन करके दूसरे राज्य में रहने चले जाते हैं और वो मतदान के लिए अपने घर नहीं लौटते,ऐसे में निर्वाचन विभाग उनके लिए ऐसी कोई व्यवस्था करें ,जिससे वो मजदूर वहीं बैठे-बैठे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। इसी तरह कई अन्य युवाओं ने भी निर्वाचन से जुड़े अलग-अलग सवाल किया। जिसका जवाब मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावे उप निर्वाचन पदाधिकारी शैलेश कुमार सिंह, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की डीएसडब्लू डॉ अंबालिका प्रसाद, उच्च शिक्षा के उपनिदेशक डॉ विभा कुमारी,विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ राकेश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ प्रखंड में कांग्रेस का भारत जोड़ो यात्रा सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा रामगढ़ प्रखंड के उलडनड्डा और चोरहट पंचायत में कांग्रेसियों द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से सभी लोगों से जन संपर्क करते हुए पदयात्रा किया गया। पदयात्रा का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने किया एवं अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गिरजा सिंह ने की । इसके उपरांत जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश में जो स्थिति है यह किसी से छुपा नहीं है। केंद्रीय भाजपाई हुकूमत ने आम जनता को तबाह कर दिया है। एक दूसरे को एक दूसरे के साथ जोड़ने का आज समय आ चुका है। एकजुटता के साथ मंगाई बेरोजगारी और खाद सामग्री में जो जीएसटी लागू हुआ है। उसके विरोध में आवाज बुलंद करने का, आज कांग्रेस सदन से लेकर सड़क तक बढ़ती महंगाई पर मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला है । बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी एवं केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 3570 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा निकाला गया है । भारत जोड़ो यात्रा की कड़ी पलामू जिला में भी लगातार 150 दिन में सभी प्रखंडों व पंचायतों के वार्डों में बूथ तक भारत जोड़ो यात्रा पहुंचने का काम करेगा । मौके पर प्रमुख रूप से हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी शमीम अहमद राइन ,रामगढ़ 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष कलीम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कमलापुरी ,विद्या सिंह चेरो ,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष उदय यादव ,अजय साहू ,शैलेश मेहता, बनारसी सिंह, गुना सिंह, मगनू नारायण, कासिम मिया ,बैजनाथ सिंह ,राजमुनी सिंह, बसमतिया देवी ,सरोज देवी कलावती देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

## हाथियों के आतंक से भयभीत हैं किसान, फसलों को रौंदा



**गढवा।** जिला के भंडरिया वन क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र नौका भुरकादोहर,टेनटाड़ गांव में पिछ्ले कई दिनों से हाथियों के समूह के द्वारा किसानों के लगभग 15 एकड़ में फैले धान की फसल को चौपट कर दिया है। हाथियों के समूह में लगभग दर्जनभर हाथी की संख्या बताई जाती है । प्रतिदिन आठ बजे रात्रि में हाथियों के दल धान के फसल को खा रहें हैं। किसान गोपाल सिह, भोला प्रजापती,जगलाल सिह,सुरेश माझी, बुटेश्वर माझी, समोद माझी का कहना है कि हमारे बाल बच्चों की खाने की के लिए अब दाने-दाने की मुहताज होना पडेगा। यहां किसान सहमे हुए है। हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग कोई पहल नहीं कर रहें हैं । जान संकट में डाल कर सोमवार की रात्रि हमलोग लुकवारी लेकर हाथियों को भगाने की प्रयास किया था पर भय के कारण उनके समक्ष जाने का साहस नहीं कर सके।हाथियों की दल द्वारा किसानों के खेती को बर्बाद किये जाने से भंडरिया वन क्षेत्र के नवका गांव के भुरकादोहर टेनटाड़ में बसे खरवार बहुल आदिवासियों की समस्या पर वन विभाग शीघ्र पहल नहीं करती है तो यहाँ के लोग अपने बाल बच्चों के साथ वन विभाग के कार्यालय को घेरने पर विवश होंगे ।

## मानवाधिकार संगठन के जिलाध्यक्ष को किया गया सम्मानित

**केतार ।** केतार बाजार स्थित मुखिया प्रमोद कुमार के आवास पर मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें इंटरनेशनल ह्युमान राइट्स रक्षकों के जिला अध्यक्ष चुने जाने पर बलिगढ़ गांव निवासी त्रिपुरारी सिंह को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह ने कहा की ह्युमान राइट्स का एक ही उद्देश्य है किसी भी मानव पर हो रहे अत्याचार और जुल्म को रोकना। उन्होंने कहा की मुझे जो दायित्व सौंपा गया है उसका मैं इंमदारी पुर्वक निर्वाहन करूंगा और गरीब,दलित, शोषित पीड़ितों का आवाज बन कर उनकी रक्षा करूंगा। मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार के द्वारा आठ लाभुकों के बीच ग्रीन राशनकार्ड का वितरण भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया प्रमोद कुमार और संचालन हेमंत पाठक ने किया। इस मौके पर बाबूलाल यादव, नरेश सिंह, रमेश दुबे, ललू पाल, कुंडल सिंह, अवध ठाकुर, विनय प्रसाद, कामेश्वर मिश्रा, सीता पाल, सतेन्द्र ठाकुर, गौतम पाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अपहरण की प्राथमिकी दर्ज होने के छह दिन बाद नाबालिग सकुशल बरामद

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने 16 नवम्बर से फरार एक नाबालिक लड़की के पिता के द्वारा दर्ज प्राथमिकी के बाद लड़का-लड़की को मंगलवार को जप्त कर न्यायालय में हाजिर कर दिया। जबकि नाबालिक लड़की को मेडिकल व फर्द बयान के लिए न्यालय में सुपूर्द किया। जहां से लड़की को उसके स्वजन के हवाले कर दिया गया है। बताते चले कि थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी भोला राम के द्वारा भवनाथपुर थाने में बीते 17 नवम्बर को अपनी 15 वर्षिय नाबालिक लड़की का स्कूल से आने के क्रम में गांव के ही 22 वर्षिय युवा कुन्दन बैठा पिता बिलु बैठा पर अपहरण करने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए छह दिन बाद लड़का लड़की को सकुशल बरामद कर लिया जिसे मंगलवार को न्यायिक हिरासत में लड़का को भेज दिया गया।

## प्रखंड बीस सूत्री सदस्य शिव कुमार यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित किया

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड बीस सूत्री सदस्य शिव कुमार यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर कृषि विभाग द्वारा प्रखंड को उपलब्ध कराए गये रवि फसल के बीज (चना व सरसों) वितरण में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत कार्रवाई कराने की मांग किया है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में श्री यादव ने कहा है कि नगर उंटारी प्रखण्ड के प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा चना व सरसो के बीज का वितरण ब्लाक के दलालों व बिचौलियों के बीच किया गया है। बीज लेने के लिये किसान परेशान रहे,लेकिन उन्हें बीज नही मिला। जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बीज का वितरण किया जाता तो शायद वास्तविक किसानों को बीज मिल जाता। बीज वितरण में हुई अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराने से यह पता चल जायेगा कि जिन लोगो को बीज मिला है। वे किसान हैं या नही तथा वे बीज लेकर उसकी बोआई किये की नही। उन्होंने इस आशय की प्रति सरकार के कृषि मंत्री,जिले के उपायुक्त व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को भी प्रेषित किया है।

### ग्रामीण बैंक के कैशियर पर ठगी का आरोप

# ग्रामीण बैंक में लाभूक के साथ ठगी, हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत चिनिया प्रखंड स्थित ग्रामीण बैंक से एक ठगी का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में लाभुक के परिजनों ने गढ़वा सदर अस्पताल के सामने बैंक के कैसियर पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

**क्या है मामला**

जानकारी के अनुसार चीनिया थाना क्षेत्र के खुरी गांव निवासी विजय पाठक ने चिनियां स्थित ग्रामीण बैंक में अपनी नतनी की शादी के लिए 400000 जमा किया था। उक्त पैसे को ग्रामीण बैंक के कैशियर सदानंद दास ने लाभूक को धोखे में रखकर उक्त पैसे को निकाल लिया लाभुक ने आरोप लगाते हुए कहा कि 4 अगस्त को एक सादे कागज पर कैशियर ने यह लिख कर दिया कि 400000 लाभुक से उधार के रूप में ले रहे हैं



और अब कागज में अपना हस्ताक्षर भी किया। लाभुक ने आरोप लगाया कि जब कागज को अपने गांव में शिक्षित लोगों से पढ़ाया तो लोगों ने 400000 निकालने की बात कही। जिसके बाद बैंक के कैशियर से बात हुई तो उसने खाते में तकनीकी खराबी होने की बात कह कर बहुत जल्द राशि देने की बात कहा।

**लाभुक को हमेशा धोखा देता रहा कैशियर:** उसके बाद से वह हमेशा धोखा देता रहा जब सोमवार को कैसियर को यह फोन कर कहा कि पत्नी की तबीयत ज्यादा खराब है। उसके लिए पैसे की जरूरत है। जिसके बाद कैशियर ने खुद सदर अस्पताल यह जानने पहुंचा कि उसकी पत्नी की तबीयत खराब है या नहीं है। जहां कैशियर और लाभुक के बीच कहासुनी होने लगी। उसी दौरान वहां उपस्थित कुछ लोगों ने धोखाधड़ी की बात सुनकर आक्रोशित हो गए और कैशियर को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। जिसके बाद लाभूक की सारी बातें लोगों ने सुनकर वहां उपस्थित लोग भड़क गए और किसी और के साथ मारपीट करने के लिए उतारू हो गए। उसी दौरान लोगों ने उसकी सूचना पुलिस को दिया लाभुक ने बताया कि पिछले कई वर्षों से ग्रामीण बैंक में उनका खाता है और वह खाते में धीरे-धीरे कर पैसा जमा कर रहे थे। पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर कैसियर को लेकर थाना ले गए लाभु अपने कैशियर के खिलाफ संबंधित शाखा में भी शाखा प्रबंधक को करवाई के लिए आवेदन दिया है। उधर इस संबंध में चीनिया ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक शंभू शरण ने बताया कि लाभुक के द्वारा बैंक में एक आवेदन दिया गया है। आवेदन के आधार पर टीम गठित की गई है मामले की जांच किया जा रहा है।

## ट्रक को साइड देने के क्रम में ट्रेलर पलटा, चालक घायल



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर-गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग 75 सड़क पर सोमवार की देर शाम में रमुना थाना क्षेत्र के सिलियाटोंगर स्थित तीखे मोड़ पर 14 चक्के का ट्रेलर संख्या एलएन 01जी 6967 गाड़ी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सड़क हादसे में टेलर चालक कोलकाता निवासी विनोद महतो 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद आसपास के ग्रामीणों की मदद से घायल को बंशीधर नगर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार बंशीधर नगर की ओर से 14 चक्के का ट्रेलर संख्या एनएल 01जी 6967 जा रही थी। वही सिलियाटोंगर स्थित तीखी मोड़ पर टेलर चालक टर्निंग मुड़ा रहा था इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही ट्रॅक को उसी टर्निंग के पास साइड देने के क्रम में चालक असंतुलित हो गया। जिससे टेलर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे पलट गई। इसमें टेलर चालक विनोद मौत दो गंभीर रूप से घायल हो गया।

# स्वतंत्रता सेनानी के परिजन मूलभूत सुविधाओं से वंचित



**-सरकारी प्रावधान के अनुसार जल्द उन्हें लाभ दिया जायेगा।**

गणेश महतो, बीडीओ खरौंधी।

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के करिवाडीह पंचायत के स्वतंत्रता सेनानी स्व. रामदास राम के परिजन आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी स्व. रामदास राम के 75 वर्षीय लड़का रामबली राम ने बताया पत्नी, एक लड़का, पतोह तथा 6 पोता पोती के साथ करिवाडीह में रहते है। आज हमे रहने के लिए घर तथा पीने का पानी नही है। गरीबी के कारण अपने बाल बच्चों को उत्तम शिक्षा दिलाने में असमर्थ हूं। 68 वर्षीय पत्नी फूलमती देवी को आज तक वृद्धा पेंशन नहीं मिला। जबकि पेंशन के लिए कई बार गांव के जनप्रतिनिधि, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में तथा प्रखंड कार्यालय में आवेदन दिया। इसके अलावे रामबली राम ने बताया आज हमलोगों का समय ऐसा हो गया है कि एक बकरी शेड के आगे धोपड़ी बनाकर सभी सदस्यों के साथ रह रहे हैं। बीडीओ, अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा जिला उपायुक्त तथा झारखंड सरकार को ध्यान आकृष्ट कराते हुये कहा की स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों को सहानुभूति पूर्ण विचार करते हुये मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए। इसके अलावे कहा 1942 में मेरे पिता स्व.रामदास राम बुरे हालातों में गुजर-बसर करते हुए भी अंग्रेजो के विरुद्ध लोहा लिया था। इनलोगो के त्याग व बलिदान के फलस्वरूप देश आजाद हुए था। आज स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों का लाभ सरकारी कर्मचारी, पदाधिकारी तथा नेता लाभ ले रहे हैं। वही स्वतंत्रता सेनानी के परिजन दर-दर की ठोकरें खाते भटक रहे हैं। जो संवैधानिक व इंसानियत के विरुद्ध है। पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह ने कहा स्वतंत्रता सेनानी के स्वजन को आज तक सरकारी लाभ नही मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। पदाधिकारी जल्द इनलोगो को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए।

## परसोडीह मुखिया ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

**केतार।** परसोडीह पंचायत सचिवालय के प्रांगण में मंगलवार को मुखिया बसंती देवी के द्वारा कम्बल वितरण किया।इस अवसर पर मुखिया बसंती देवी ने 110 गरीब, असहाय, विधवा, दिव्यांग और जरूरतमंदों के बीच गर्म कम्बल वितरण किया। मुखिया बसंती देवी ने कहा की बढ़ती ठंड के मधयनजर सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी 110 कम्बल वितरण किया गया। उन्होंने कहा की कम्बल से वंचित गरीब, असहाय और जरूरतमंदों के बीच अपने स्तर से कम्बल जल्द उपलब्ध कराऊंगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि कलेंदर पासवान, पंचायत सचिव अशोक कुमार, उमेश गुप्ता,देव कुमार ठाकुर, रविन्द्र राम सहित अन्य मौजूद थे।




कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०-02,गढ़वा

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या-RWD/SD/GARHWA/05/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के गढ़वा प्रखण्ड अंतर्गत नावाडीह के उँराव टोला में बंदा नदी (अन्नराज) पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 3,07,20,600.00 | 6,14,500.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.11.2022
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 12.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02, गढ़वा/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 13.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.12.2022 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02, गढ़वा।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0-02,गढ़वा

PR 282991 Rural Development(22-23).D



झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
कार्यालय:-भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा
E-Mail – IDscochatra@gmail.com

-: आम सूचना :-

वित्तीय वर्ष 2022-23 में चतरा जिले के छोटे और सीमांत कृषकों/ स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह को अनुदान पर पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200Ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 41 दिनांक 11.11.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस-पैक्स को पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) वितरण की योजना अन्तर्गत चतरा जिले में मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूप के लाभान्वित कृषक एवं भूमि संरक्षण विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्षों में तालाब जीर्णोद्धार एवं जलनिधि योजना के तहत निर्मित परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य सिंचाई श्रोत से लाभान्वित कृषकों को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट (1.5-3.0HP), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के क्रय पर अनुमान्य अनुदान की राशि उपलब्ध कराया जायेगा, जिस पर पम्पसेट (1.5-3.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 20000 रू०), पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 ft HDPE Pipe के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 30000 रू०) तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) के वास्तविक लागत का 90 प्रतिशत (अधिकतम 90000 रू०) अनुदान देय होगा। जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग या अन्य विभाग (यथा भूमि संरक्षण विभाग/कृषि विभाग/आत्मा/उद्यान/अन्य विभाग) द्वारा सिंचाई पम्पसेट का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। विहित प्रपत्र के साथ कूप स्थल/सिंचाई श्रोत पर लाभूक का फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की स्वच्छ छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। भरे हुए आवेदन पत्र पर संबंधित रोजगार सेवक/क्षेत्र पर्यवेक्षक तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज के प्रतिनिधि द्वारा अनुशंसा के पश्चात् आवेदन संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा। उक्त लाभूकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05.12.2022 तक विहित प्रपत्र में आवेदन भर कर संबंधित जिला के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। इस योजना अन्तर्गत चयनित लाभूक पम्पसेट (1.5-3.0HP) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm)/ पम्पसेट (3.5-5.0HP) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा सोलर पम्पसेट (1.0HP) क्रय कर क्रय का रसीद, आधार संख्या, बैंक खाता का छायाप्रति, पम्पसेट एवं पाईप/सोलर पम्पसेट के साथ फोटो (जियो टैगींग के साथ) संलग्न कर अनुदान हेतु दावा कार्यालय में प्रस्तुत करेंगें, तत्पश्चात् अनुदान के भुगतान हेतु अग्रतर कार्रवाई की जायेगी। आवेदन पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा कार्यालय या संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कार्यालय से निशुल्क आवेदन प्राप्त किया जा सकता एवं भूमि संरक्षण निदेशालय के वेबसाईट-www.jharkhandsoil.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। प्राप्त लक्ष्य की विवरणी निम्न प्रकार है :-

| क्र०सं० | जिला का नाम | मद | भौतिक लक्ष्य | | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पम्पसेट (1.5-3.0HP) | पम्पसेट (3.5-5.0HP) | सोलर पम्पसेट (1.0HP) | |
| 1 | चतरा | ओ०एस०पी० | 315 | 40 | 20 | |
| 2 | | एस०सी०एस०पी० | 250 | 20 | 10 | |
| कुल | | | 565 | 60 | 30 | |

नोट :- उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता :- 1. भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चतरा, जिला सयुंक्त कृषि भवन तपेज, पोस्ट-तपेज, जिला-चतरा

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
चतरा

PR 283047 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (22-23)_D


# स्कूली छात्रों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों को लेकर किया गया जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने मंगलवार को भवनाथपुर हाई स्कूल में छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात संबंधित नियमों की जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएंगे। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधेंगे। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करेंगे। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने स्वजन से पालन कराएंगे। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करना चाहिए। कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियम का पालन न करने के चलते होती हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक



का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मार्ग दुर्घटना में अगर कोई घायल दिखता है तो संवेदना दिखाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित करें, जरूरी हो तो उसे अस्पताल तक भेजने में मदद करें यह सच्ची मानवता है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक रोहिणी कांत देव पांडे, घनश्याम गुप्ता, ओम प्रकाश प्रसाद, मोहम्मद मोकारी, अंकित त्रिवेदी, अमित कुमार, राजेश वर्मा, दीपक तिवारी, प्रभात कुमार, चंद्रकांत पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## रोजगार सेवक को तीन दिनों के अंदर प्रभार लेने का निर्देश

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने दो पंचायत सेवक एवं एक रोजगार सेवक का स्थानांतरण करते हुए तीन दिन के अंदर प्रभार देने का निर्देश दिया है। पंचायत सेवक विष्णु प्रसाद को पंडरिया पंचायत से स्थान्तरित करते हुए सिंदुरिया पंचायत एवं पंचायत सिंदुरिया के पंचायत सेवक सतीश कुमार सिंह को पंडरिया पंचायत में स्थानांतरित किया गया है। वहीं रोजगार सेवक दयानंद प्रजापती को अरसली उतरी से प्रभार विमुक्त करते हुए अरसली उतरी के रोजगार सेवक शशि कुमार को बनाया गया है। रोजगार सेवक दयानंद प्रजापती अब सिर्फ मकरी पंचायत के प्रभार में रहेंगे। रोजगार सेवक दयानन्द प्रजापती पहले से दो पंचायत के प्रभार में थे।

### भेड़-बकरी की तरह ऑटों में सवार होकर खेलो झारखंड प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे स्कूली बच्चे

# कई विद्यालय के छात्र प्रतियोगिता से रह गये वंचित

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़।** प्रखण्ड अन्तर्गत +2 प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बड़गड़ के जगदीश जयसवाल स्टेडियम में सोमवार को झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर दो दिवसीय खेलो झारखंड 2022- 23 का आयोजन बीआरसी द्वारा बड़े ही तामझाम के साथ किया गया। लेकिन पदाधिकारियों एवं शिक्षकों के लापरवाह रवैया के कारण सुदूरवर्ती क्षेत्रों के विद्यालयों में पढ़नें वाले बच्चे खेल में भाग लेने से वंचित हो गए। जिन विद्यालयों के बच्चे खेलो झारखंड कार्यक्रम में भाग नहीं ले सकें उनमें मध्य विद्यालय बिरजूपानी, मध्य विद्यालय हेसातू, मध्य विद्यालय खपरी महुआ एवं मध्य विद्यालय रामर के नाम शामिल हैं। खेलो झारखंड के तहत आयोजित उक्त कार्यक्रम में खेल में भाग लेने वाले स्कूल के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कुव्यवस्था का शिकार होना पड़ा। खेल में शामिल होने के लिए स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय बोडरी के छात्र छात्राओं को एक टेंपो में भेंड़ बकरी की तरह सवार होकर 20 से 25 की संख्या में बगैर शिक्षक के निगरानी में आयोजन स्थल पर आते देखा गया। जिससे शिक्षकों का बच्चों के प्रति लापरवाह होना प्रतीत होता है। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग में जूनियर 6 से 8 कक्षा तक के बच्चे तथा सीनियर वर्ग में 9 से 12 कक्षा तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। विजयी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। जिसका मलाल खेल में भाग नहीं ले सके उपरोक्त विद्यालय के बच्चों को रहेगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वशिष्ट अतिथि के रुप में बीईईओ विद्यासागर मेहता , जिप सदस्य रुपांजलि जायसवाल, विधायक प्रतानिधि ओमप्रकाश, प्रमुख शांति देवी, परसवार मुखिया जंगलपति लकड़ा, बीपीएम इंदु विश्वकर्मा, प्रभारी बीपीओ सत्यनारायण यादव मुख्य रूप से शामिल थे। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा खेल शिक्षक रवि प्रताप सिंह, सुपिन केरकेट्टा , सीआरपी ब्रह्मदेव राम, प्रभुनाथ प्रसाद, शिक्षक अजय कुमार मिंज, विद्यानंद कुजुर आदी सहित अन्य शिक्षक एवं काफी संख्या में छात्र छात्रा उपस्थित थे।



**क्या कहते है बीईईओ**

प्रखंड के चार विद्यालयों के बच्चों का खेलो झारखंड कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाने के संबंध में पूछे जाने पर बीइओ विद्यासागर मेहता ने किन-किन विद्यालय के बच्चे खेल में भाग नहीं ले सके यह भी बता पाने में असमर्थता जताई। साथ ही कहा कि जिस विद्यालय के बच्चे खेल में भाग नहीं ले पाए हैं उन विद्यालय के शिक्षक से स्पष्टीकरण पूछा जाएगा। उचित जवाब नहीं मिलने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज गैलरी

### करकट गांव की महिलाओं ने फर्जी ऋण लेने का लगाया आरोप



**लातेहार।** शहर के करकट गांव की महिलाओं ने लातेहार थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी को आवेदन देकर फर्जी ऋण निकासी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि शमशाद अंसारी एवं उनकी पत्नी संजीदा बीबी के द्वारा महिला समूह बनाकर बैंकों से ऋण लेने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कुछ जरूरतमंद महिलाओं ने बंधन बैंक से तीस –तीस हजार का ऋण लिया। परंतु ऋण लेने वाले महिलाओं को दूसरे बैंकों से भी ऋण चुकाने का नोटिस आने लगा। महिलाओं ने जब इस मामले की जांच की तो पता चला कि उनके नाम पर चेतन फाइनेंस, भारत फाइनेंस एवं उत्कर्ष बैंक से ऋण लिया गया है। उन्होंने बताया कि पहला ऋण लेने के दौरान ही आरोपी पति –पत्नी ने उनसे कई कागजात पर हस्ताक्षर एवं आधार कार्ड लिया था। इसके बाद उन्होंने बैंकों की मिलीभगत से ऋण की निकासी कर ली गई। इस संबंध में थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि महिलाओं ने थाना में आवेदन दिया है। इस मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### सीओ ने अंचल कर्मियों के साथ बैठक कर कार्य मे तेजी लाने का दिया निर्देश

**बालुमाथ।** प्रखंड अंचल कार्यालय सभागार में अंचलाधिकारी आफताब आलम की अध्यक्षता में अंचल कर्मियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई बैठक में मुख्य रूप से सभी पंचायत के कर्मचारी उपस्थित हुए। बैठक में सभी हल्का के भुमी संबंधित गैरमजरूआ जमीन, गोचर जमीन, गैर मजरूआ खास, आनलाईन सर्वे अपडेट करने, जमीन मोटेशन, मालगुजारी अपडेट करते हुए सरकारी राजस्व मे बृद्धि लाने एवं जिला से आए आवेदन पर गहनता से जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने रेलवे, सीसीएल से संबंधित जमीन से संबंधित मामलों को जल्द से जल्द जांच करने ,एवं आवासीय प्रमाण, जाती प्रमाण पत्र को लेकर सभी हल्का के राजस्वकर्मी को कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिए। अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा की आनेवाले दिनों मे प्रखंड के सभी हल्का के राजस्वकर्मी के साथ स्वयं समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त कर कार्य का निष्पादन करेंगे। बैठक मे अंचला उपनिरीक्षक मुनेश्वर गंझु, प्रखंड अमीन भुनेश्वर प्रसाद, राजस्वकर्मी रघुवीर गंझु, राजेश गंझु, नंददेव राम, सचितानंद राम, प्रधान सहायक मनोज कुमार, जग्रनाथ प्रसाद अनिल कुमार उपेंद्र उरांव आदि मौजूद रहे।

### दो बाइक की टक्कर में एक घायल

**गिद्धौर (चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित चौक पर दो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जिसमें एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक परमेश्वर यादव थाना क्षेत्र के कुरकुट्टा गांव निवासी व अंकित राज तथा रोहित राज चतरा के रहने वाले हैं। दोनों युवक क्रिकेट खेलने हजारीबाग से जवाहरलाल फुटबॉल मैदान जा रहे थे। जबकि परमेश्वर विपरीत दिशा से आ रहे थे। दोनों वाहन अचानक सामने हो जाने से आपस में टकरा गया। जिसमें परमेश्वर गंभीर रुप से घायल हो गए।

### सीआरपीएफ ने गृहणियों के बीच बांटे रसोई सामग्री

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र में मंगलवार को सिविक एक्शन प्रोग्राम के पुलिस महानिरीक्षक के निदेर्शानुसार 22 वीं बटालियन के कमांडेंट मोहित कपूर के नेतृत्व में कार्यक्रम चलाया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय उतराठी में शिविर लगाकर जरुरतमंद गृहणियों के बीच तवा, चमचा, कढ़ाई, बेलना ग्लास समेत अन्य रसोई में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों का वितरण किया गया। महिलाओं ने रसोई सामग्री पाकर खुशी व्यक्त किया। इस अवसर पर 22 वीं बटालियन के बृजेश कुमार सिंह, मनमोहन ठाकुर, अनुज कुमार शर्मा, स्कूल प्राचार्य, स्थानीय मुखिया समेत रिजर्व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### आठ वर्ष बाद भी असहाय विधवा दूसरे के घर में रहने को विवश

**इटखोरी(चतरा)।** पीएम आवास योजना के लाभ से इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पितीज पंचायत के पात्रता रखने वाले जरुरतमंदों कोशो दुर हैं। इसका अंदाजा पितीज गांव की विधवा अनीता देवी के आठ वर्ष बाद भी आवास का लाभ नही मिलने से लगाया जा सकता है। विधवा महिला की माने तो पति के मृत्यु के बाद कई वर्ष जर्जर घर में रही, पर आब जर्जर घर भी रहने के लायक नही रहा तो मजबूरन अपने भैसुर के घर में शरण लिए हुए है। अनिता देवी के पति बेनी विश्वकर्मा की मृत्यु 8 साल पहले हुई थी। पति की मृत्यु के बाद अपने सभी बच्चों के पालन–पोषण के लिए स्कूल में खाना बनाती है। विधवा ने प्रखंड प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास या अंबेडकर आवास की मांग की है।

### कुपोषण उपचार परियोजना सह पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

# सुदूरवर्ती क्षेत्रों में कुपोषण से ग्रसित बच्चों को चिन्हित कर दिया जायेगा स्वस्थ आहार

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** मंगलवार को डीआरडीए स्थित प्रशिक्षण भवन में कुपोषण उपचार परियोजना सह पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि जिले में चिन्हित कुपोषित बच्चों के सम्पूर्ण ईलाज के निमित्त डीएमएफटी अन्तर्गत नूट्रिशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट एवं एमआईएस एक्सपर्ट कर्मियों की संविदा आधारित नियुक्ति की गयी है। इस योजना के तहत सम्पूर्ण जिले में कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर बच्चों का सम्पूर्ण ईलाज तथा पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराया जाना है। योजना के सफल क्रियान्यवन के



निमित्त नवचयनित नूट्रिशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट कर्मियों को तथा सेविका, सहायिका एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को 05 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में किया गया है। जिसका विधिवत उद्धघाटन जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, जिप उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, निदेशक डीआरडी अरूण कुमार एक्का, सिविल सर्जन श्याम नंदन सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलीत कर किया गया।
वहीं उपायुक्त अबु इमरान ने ऑनलाइन कार्यक्रम में जुड़कर कार्यक्रम के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम जिले में एक नया मील का पत्थर साबित हो सकता है। जिला प्रशासन डीएमएफटी मद से जिले के सूदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले कुपोषण से ग्रसित बच्चों को चिन्हित करने एवं उनहें सम्पूर्ण स्वस्थ आहार प्रदान करने के निमित्त शुभारंभ किया गया है तथा यह योजना सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर जिले में क्रियान्वयन किया जाना है। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को उपायुक्त ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पांच दिनों में ध्यान पूर्वक एवं पूरी लग्न से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उप विकास आयुक्त द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रशिक्षणार्थियों से लग्न पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा गया। प्रशिक्षण का समापन 26 नवंबर को होगा।

## 30 घंटे बाद छतीसगढ़ से मसूरिया गांव पहुंचा मृत युवक का शव



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को 30 घंटे बाद छत्तीसगढ़ के रायपुर में सड़क दुर्घटना में मृत अशोक का शव गांव पहुंचा। इसके साथ ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। युवक का शव एम्बुलेंस से गांव जैसे ही पहुंचा पिता टेकन यादव व परिजन चीत्कार मारकर रोने लगे। पत्नी और दो छोटे बच्चे बेसुध थे। इस गमगीन माहौल में सभी की आंखे नम थी। ग्रामीण पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाते रहे। युवक का अंतिम संस्कार स्थानिय घाट में किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि अशोक अपने घर का एक मात्र कमाऊ सदस्य था। मृतक के बड़े पुत्र आनंद कुमार यादव 8 वर्ष व पुत्री सोनाली कुमारी 5 वर्ष की है, जो दिव्यांग है, दोनों बच्चों के सर से पिता का साया उठ गया। ऐसे में पीड़ित परिवार के समक्ष आर्थिक संकट उतपन्न हो गया है।

## पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव पहुंचे इटखोरी, कांग्रेसियों ने किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

**इटखोरी(चतरा)।** मंगलवार को जिले के प्रसिद्ध माता भद्रकाली मंदिर झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री सह कांग्रेस नेता योगेंद्र साव पहुंचकर पूजा अर्चना की। पूर्व कृषि मंत्री का इससे पूर्व तैलीक समाज के लोगों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता व माला पहनाकर भव्य रुप से स्वागत किया। समाज के प्रखंड युवा अध्यक्ष सुधीर साव के नेतृत्व में इटखोरी चौक पर व कांग्रेसियों ने माता भद्रकाली मंदिर के मुख्य द्वार पर पूर्व मंत्री का स्वागत किया। उसके बाद पूर्व मंत्री मंदिर में जाकर पूरे विधि विधान के साथ मां भद्रकाली की पूजा किया। इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने आशीर्वाद स्वरूप पूर्व मंत्री को माता की चुनरी भेंट की और संकल्प स्वरूप नारियल की बलि दे पंचमुखी हनुमान व शनिदेव महाराज का दर्शन तथा सहस्त्र शिवलिग महादेव का जलाभिषेक किया। इस दौरान समाज



के जीवलाल साव, श्रवण कुमार, पेमन नायक, भरत साव, प्रयाग साव, मनोज साव, महेंद्र नायक, परमेश्वर साव, योगेश्वर साव, सुखदेव साव, संतोष साव, रंजन साव, पूर्व उप प्रमुख बंगाली साव, जिप सदस्य सरिता देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामधीन यादव, अनिल सिंह समेत भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व जाति समाज के लोग शामिल थे।

## वर्षों से जर्जर सड़क से सलगी के लोग परेशान, प्रशासन से बनाने की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** जिले के सिमरिया प्रखंड अंतर्गत जिरवाखुर्द पंचायत के सलगी गांव व आसपास के ग्रामीण वर्षों से जर्जर सड़क से परेशान हैं। प्रतिनिधियों के उदासीनता का आलम यह है कि सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे से जान जोख्मि में डालकर क्षेत्र के लोग आवगमन करने को मजबूर हैं। कई बार तो इस सड़क पर दुपहिया दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ गंभीर रुप से घायल भी हो चुके हैं। सेवानिवृत्त शिक्षक अवधेश सिंह बताते हैं कि जब किसी व्यक्ति की तबीयत खराब हो जाती है, या गर्भवती महिलाओं की तबियत खराब होती है तो उस समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता



है। जबड़ा से सलगी की तक सड़क की लंबाई लगभग 7 किलोमीटर है। ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कई बार सड़क बनाने की मांग की गई, लेकिन किसी ने इसे बनाने के लिए अबतक पहल तक नही की। यहां तक की खराब सड़क रहने के कारण किसानों को भी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। गांव के लोगों ने जिला प्रशासन के साथ सांसद, विधायक व स्थानिय जनप्रतिनिधियों से जर्जर को बनाने की मांग की है।

### मुखिया ने लावारिस व्यक्ति के शव को दफन कराया

**बालूमाथ।** पंचायत मुखिया नरेश लोहरा ने पागल लावारिस व्यक्ति को दफना कर एक बार फिर मानवता का परिचय दिया है। बता दें कि बालूमाथ मुख्यालय स्थित टमटम टोला में एक पागल लावारिस व्यक्ति की मौत हो गई थी। जिसे मुखिया और कई समाजसेवियों ने बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद की देखरेख में बालूमाथ मुक्तिधाम पर जेसीबी की सहायता से दफनाया गया। मौके पर मुखिया नरेश लोहरा के अलावे थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद सानू राम ,समाजसेवी ज्ञानी पांडे, सोनू खान, विनोद साहू ,मो. अशफाक ,बबलू गुप्ता, त्रिवेणी साहू सहित कई गणमान्य लोगों के नाम शामिल हैं।

### मुखिया ने 300 जरुरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

**गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के बारिशाखी व गिद्धौर पंचायत के विभिन्न गांव के 300 सौ गरीब असहाय जरुरतमंदों के बीच ठंढ़ से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। बारिशाखी पंचायत में मुखिया सुमिरा कुमारी, पंचायत सेवक मिथलेश कुमार सिंह, समाजसेवी दिनेश भरतीं ने 150 व गिद्धौर पंचायत में मुखिया निर्मला देवी, पंसस सरिता देवी, वार्ड सदस्य ममता कुमारी ने संयुक्त रूप से 150 जरुरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, बबलू कुमार साव, महादेव दांगी, प्रकाश दांगी, सुरेश राणा, वार्ड सदस्य अमीर दांगी, प्रीति देवी, सुषमा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### विस्थापित रैयतों ने 11 सूत्री मांग को लेकर पीओ को लिखा पत्र

# मांगे पूरी नहीं होने पर नहीं देंगे जमीन: रैयत

- विस्थापित रैयत का विस्थापन पहचान पत्र निर्गत करने की मांग
- सीसीएल के बेकार पड़े जमीन में पेड़ पौधे का रोपण हो: रैयत

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत संचालित राजहरा कोल माइंस के श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड तेतरिया खाड़ के द्वारा रैयतों ने 11 सूत्री मांग के लिए परियोजना पदाधिकारी तेतरिया खाड़ को पत्र सौंपा है । पत्र में लिखा गया है कि ग्राम नगडा बसिया एवं पिंदारकोम के रैयतों के जमीन पर माइंस चल रही है। जिसमें कुछ रैयतों को नौकरी और मुआवजा का लाभ मिल पाया है। बचे रैयतों को सीसीएल के दुल मूल नीति के चलते लाभ नहीं मिल पाया है। जिससे रैयतो में नाराजगी जाहिर की। विस्थापित रैयतों ने अपने 11 सूत्री मांग में विस्थापित परिवार के प्रत्येक घर जलावन हेतु को कोयला दिया जाए। विस्थापित रैयत का विस्थापन पहचान पत्र निर्गत किया जाए। सीसीएल में एक करोड़ तक का कार्य श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड के माध्यम से कराया जाए। विस्थापित परिवार को सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा चिकित्सा का अविलंब व्यवस्था किया जाए। प्रदूषण नियंत्रण हेतु 24 घंटा पानी छिड़काव किया जाए । सीसीएल के बेकार पड़े जमीन में पेड़ पौधे का रोपण हो । विस्थापित के ट्रक को कोलवरी में प्रवेश और लोडिंग में प्राथमिकता दिया जाए ।सुधार में पूर्व से मिलता रहे लेबर लोडिंग को लागू किया जाए ।सीसीएल द्वारा अधिग्रहण किया गया बकाया एवं रैयतों को नौकरी का लाभ दिया जाए।

#### शिक्षा हेतु स्कूल और बस का प्रबंध करने की मांग

सीसीएल द्वारा जो ई ऑक्सन कोयला निकलता है उसका 25% कोयला बेसिक रेट से श्रमिक सहयोग समिति लिमिटेड को दिया जाए। यहां के विस्थापित बच्चों के लिए शिक्षा हेतु अविलंब स्कूल और स्कूल बस का प्रबंध किया जाए। विस्थापित रैयतों ने यह भी कहा है कि अगर विस्थापित रैयतों का 11 सूत्री मांग पूरा नही किया गया तो सीसीएल द्वारा अधिकृत बची भूमि को किसी भी शर्ट पर हम रैयत नहीं देंगें। जिसका प्रतिलिपि उपायुक्त लातेहार एसडीएम लातेहार थाना प्रभारी अंचलाधिकारी बालूमाथ और जीएम तितरिया खाड़ आदि को दिया गया है।

## बरवाडीह में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, लोगों ने गिनायी समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
जनता दरबार के दौरान बीडीओ द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आए ग्रामीणों की एक-एक करके उनकी समस्याओं को सुनने और जाने का काम किया गया। जनता दरबार मे मोरवाई पंचायत के बढनिया अंतर्गत बान्दा टोला में पक्की सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों के द्वारा मांगपत्र सौंपने का काम किया गया। जिसमे ग्रामीणों की मांग को बीडीओ ने उपायुक्त को अग्रसारित करते हुई जल्द पूरी करने की बात कही। जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास, भूमि



विवाद से जुड़े लगभग 1 दर्जन से अधिक मामले आए जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पेंशन के लाभुकों की। मौके पर से ही स्वीकृति देने का काम कर दिया गया। वहीं अन्य मामले की जांच के लिए संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिप सदस्य संतोषी शेखर, अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद, प्रखंड सहायक सुषमा कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बोरसीदाग और जिलिंग गांव में किसान गोष्ठी और फसल प्रदर्शनी का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के गांव मे किसानों के बीच किसान गोष्ठी एवं फसल प्रदर्शन का आयोजन किया गया,कम्पनी के सेल्स ऑफिसर गौरव सिंह ने किसानों को कहा की र 4003 धान दो नंबर जमीन में अधिक उपज देने वाला धान है। र 4003 के बाली लम्बी एवं घनी होती है और दाने वजनदार होते है। जिससे एक एकड जमीन में दूसरे धान के अपेक्षा पाच किविंटल ज्यादा उपज देती है। वहीं बोरसीदाग और जिलिंग के किसानों ने र 4003 धान देखने के बाद बहुत हीं खुशी जाहिर की है।
किसानों ने कहा की आने वाले खरीफ सीजन में हमलोग र 4003 लगाएंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। इस किसान गोष्ठी एवं फसल प्रदर्शन में चंदवा ब्लॉक के मार्केटिंग डेवलपमेंट ऑफिसर देवसुंदर यादव ने किसानों के बिच धान में लगने वाले मुख्य रोग बीमारी फाल्स स्मर्ट,




तना , बी पी एच, बी एल बी, जैसे लक्षण एवं उसके रोक थाम के बारे में विस्तृत रूप से बताया, साथ ही लातेहार से आए हुए मनोज यादव ने भी किसानों को धान के बीमारी और र 4003, मक्का NK 30, एनके 7328 के गुणवत्ता के बारे में भी बताया इस किसान गोष्ठी में चंदवा स्थानीय दुकानदार राजेश राम, संदीप कुमार, मुकेश नाथ, शाहबाद आलम, योगेश गिरी, राजकिशोर कुमार, धर्मप्रकाश सोनी, दिनेश प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति,मुकेश महतो के अलावे किसान योगेश मुंडा, उदय प्रसाद समेत लगभग 300 किसान उपस्थित थे।

### चंदवा के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में विस्थापित पुर्नवास समिति के तहत धरना-प्रदर्शन

# 29 महीने के बकाया वेतन भुगतान की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट मेन गेट पर विस्थापित पुनर्वास समिति और मेन पावर कर्मचारियों के द्वारा एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया गया। वही लिखित मांग को भी रखा गया। विस्थापित पुर्नवास समिति के लोगों ने कहा कि अभी तक अभिजीत पावर प्लांट के मेन पावर कर्मचारी के द्वारा कार्य किया जा रहा है जिसमें 2012 से आज तक कंपनी से बकाया है और 29 महीने की कर्मचारियों की 75% वेतन भी बकाया। है जिसे अभिलंब दिया जाए। देखा जाता है कि कई महीनों से स्क्रैप की गलत तरीके से कटी किया जा रहा है। हम लोग के द्वारा लगातार स्क्रैप कटिंग का आदेश दिखाने की बात कही जाती है तो डी लाइट कंपनी के द्वारा आज तक लिखित आदेश नहीं दिखाया गया और हम लोग को यह भी कहा गया कि आप लोग को हम नहीं जानते हैं डी लाइट कंपनी के द्वारा यह भी कहा गया कि हम प्रशासन से आप लोगों को हटवा देंगे परंतु आज चंदवा के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में अवैध तरीके से पुराने गेट को छोड़कर नए गेट का निर्माण करा कर लगातार स्क्रैप ढुलाई का काम किया जा रहा है। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी डी लाइट कंपनी के पक्ष में दिखाई पड़ती है। हम लोग की मांग को लगातार स्थानीय पुलिस प्रशासन दबाव देकर खत्म करा देती है। हम लोग संवैधानिक तरीके से आंदोलन करते हैं। उसको भी दमन करने का काम करती है।

#### कई विस्थापित परिवारों को नहीं मिला कोई लाभ

पुर्नवास समिति के अध्यक्ष अहमद खान ने लिखित आवेदन में बतलाया की पुनार्वास समिति2013 नीति के तर्ज पर उद्योग नहीं लगाने पर विस्थापितों की जमीन वापसी करने का भी प्रावधान को लिखित दिया है देखा जा रहा है कि बहुत ऐसे विस्थापित परिवार हैं जिन्हें आज तक किसी तरह का कंपनी के द्वारा कोई लाभ नहीं दिया गया है। वह आज रोजगार के लिए दर दर की ठोकर खा रहे हैं आज अभिजीत ग्रुप स्क्रैप के माध्यम से बिक रही है तो उसे भी विस्थापित पुनर्वास समिति के तहत कार्य का संचालन समिति को मिलना चाहिए ऐसे कई मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया गया पुलिस प्रशासन के दबाव पर कहा गया कि आप लोग को लातेहार उपायुक्त के साथ बैठक कर अपनी बात रखनी चाहिए उसके बाद धरना प्रदर्शन को समाप्त कराया गया।

## उपप्रमुख ने प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में शनिवार को समग्र शिक्षा अभियान के निदेर्शानुसार खेलो झारखंड प्रतियोगिता सीजन 2022-23 का शुभारंभ पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड उपप्रमुख कामेश्वर राम,विशिष्ट अतिथि पंचायत मुखिया नरेश लोहरा सहित प्लस टू की प्रधानाचार्य ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वही प्रतियोगिता का संचालन निर्मल कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच सौ मीटर की दौड़,लंबी कूद,ऊंची कूद,गोला फेक,कबड्डी,फुटबॉल सहित कई तरह के खेलकूद कराया गया । मौके पर कार्यक्रम का संबोधन करते हुए उप प्रमुख कामेश्वर राम



ने छात्र-छात्राओं का उज्जवल भविष्य की कामना की कहा कि यह सरकार का बहुत ही अच्छी योजना है इस योजना से स्कूली छात्र छात्राओं को लाभ मिलेगा छात्र-छात्राएं खेल के माध्यम से अपने भविष्य बना सकते हैं। इस मौके पर शिक्षक नित्यानंद तिवारी,उच्च विद्यालय के प्राचार्य रूबी बानो, फुटबॉल कोच राज किशोर पासवान,योगेंद्र प्रसाद,रेखा कुमारी, अनीमा लकड़ा,राजीव रंजन पांण्डे, लक्ष्मी कुमारी सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### रबी फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए लीड्स संस्था ने 50 पुरुष किसानों को दिया प्रशिक्षण




**जलडेगा।** प्रखंड के परबा लमडेगा और बनजोगा गांव में लीड्स संस्था ने 50 पुरुष किसानों को उन्नत तरीके से रबी फसलों की अधिक पैदावार लेने का प्रशिक्षण दिया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया गया। इस अवसर पर किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने की भी जानकारी दी गई और रसायनिक खाद से होने वाले नुकसान के बारे में पुरुष किसानों को जागरूक किया गया। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्मा के बीटीएम राजेश बागे, ने पुरुष किसानों को प्रशिक्षण दिया जिसमें किसानों को रबी फसल की बुआई के दौरान आधुनिक तकनीक व जैविक तरीके से खेती करने की सलाह देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में प्रकृति में काफी तेजी से बदलाव आ रहा है। जिसके कारण बहुत ही तेजी से सभी जगह भूगर्भ जल का स्तर नीचे भाग रहा है। जिसके कारण सभी जगह लोगों को पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ जहां लोगों को पेयजल की समस्याएं उत्पन्न होती जा रही है तो दूसरी तरफ पशुओं को भी पानी मिलना मुश्किल होता जा रहा है। बीटीएम ने पुरुष किसानों को कम से कम पानी से उपजने वाले फसलों को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही उन्होंने जैविक खेती पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि आप लोग जैविक तरीके को अपनाकर कम पूंजी में अधिक से अधिक फसल उपजा कर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यक्रम समन्यवक आलोक कुमार, जोसेफ लुगुन और कलिंद्र प्रधान का विशेष योगदान रहा।

### लापता मुखिया के संदर्भ में सूचना देने की पुलिस ने की अपील



**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के मन्हों पंचायत का मुखिया 53 वर्षीय माइकल उरांव पिता स्वर्गीय भूपला उरांव विगत 5 वर्ष से लापता है। लापता मुखिया की पत्नी सुशीला उरांव के आवेदन पर सदर थाना में अपहरण कर लापता होने को लेकर थाना कांड संख्या 177/2017 दर्ज किया गया है। पुलिस लगातार मशक्कत के बावजूद लापता मुखिया को नहीं ढूंढ सकी ।अपहृत मुखिया माइकल उरांव की पत्नी सुशीला उरांव ने कहा कि उसका पति गत 5 वर्ष पूर्व 10 जुलाई 17 की रात को पंचायत कार्यालय जाने के लिए घर से निकला था। उसके बाद से फिर कभी घर नहीं लौटा। इस मामले पर सदर थाना की पुलिस ने जनसामान्य से लापता मुखिया के संदर्भ में किसी प्रकार की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना देने की अपील किया है।

### फांसी लगाकर 22 वर्षीय युवक ने की आत्महत्या

**ठेठईटांगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घुटबहार कांटासारू गांव में पेड़ में मंगलवार की देर रात फांसी लगाकर 22 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना बुधवार की सुबह परिजनों के द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेजा। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने बताया कि कांटाशारू निवासी आशीष लुगुन नामक युवक खाना खाकर देर रात सोया था और अचानक अपने ही घर के आंगन में कटहल के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थाना प्रभारी ने कहा कि आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है इधर यूडी केस दर्ज करते हुए पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### सिमडेगा में अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो लोग हुए घायल

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र में बुधवार को अलग–अलग दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना सिमडेगा नीचे बाजार पेट्रोल पंप के समीप की है जहां पर संत जेवियर कॉलेज की स्कूटी सवार छात्रा को मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार धक्का मार दिया जिसके बाद छात्रा गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं मौके पर वार्ड पार्षद एवं समाजसेवी ओलिवर लकड़ा के द्वारा तत्काल इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचाया जहां पर उसकी इलाज चल रही है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आसन बेड़ा निवासी अंजली कुमारी कॉलेज से अपने घर जा रही थी इसी दौरान एक युवक के द्वारा उसके स्कूटी को टक्कर मार दी बताया गया कि घटना की वजह से उसके चेहरे एवं हाथ पैर अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगी है। वही दूसरा घटना सदर अस्पताल सिमडेगा गेट के समीप की है जहां पर ठाकुरटोली निवासी जितेंद्र प्रसाद नामक 54 वर्षीय व्यक्ति को नशे में धुत एक युवक के द्वारा पीछे से टक्कर मार दी जिसके बाद उसका पैर टूट गया ।तत्काल वहां पर स्थानीय लोगों द्वारा निजी वाहन से उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसकी इलाज चल रही है वहीं घटना स्थल से टक्कर मारकर भाग रहे आरोपी युवक को स्थानीय लोगों के द्वारा पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया।

### खेलो झारखंड के तहत कोलेबिरा में खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के एस एस हाई स्कूल स्टेडियम में मंगलवार को आयोजित खेल कूद कार्यक्रम में 100 मीटर से 800 मीटर की दौड़ प्रतिस्पर्धा में वर्ग बार कई बच्चे शामिल हुए जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चे को पुरुस्कृत किया गया वहीं दौड़ के अलावा लंबी कूद जैबलिन फेक ग्लोब फेक कराटे जैसे प्रतियोगिता में भी भाग लेने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया गया साथी यहां से चयनित प्रतिभागी को जिला लेवल में खेलने का मौका दिया जाएगा इस प्रतियोगिता में इस प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के बालक बालिकाएं भाग लिए जिसमें संत जेवियर हाई स्कूल, एसएस हाई स्कूल, मॉडल स्कूल, कन्या मध्य विद्यालय, बेसिक स्कूल,उत्क्रमित विद्यालय जैसे स्कूल शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल कराने में लालधन नायक लखन सिंह नरेंद्र कुमार के अलावे विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

#### डीसी की अध्यक्षता में समर अभियान, एनीमिया, कुपोषण व यूडीआईडी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

# परिवार जनों का आयुष्मान कार्ड बनाने व सरकार के विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** मंगलवार को उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में समर अभियान, एनीमिया, कुपोषण तथा यूडीआईडी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। गुमला - उपायुक्त ने कुष्ठ रोग, बौनापन, सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया के मरीजों का यूडीआईड कार्ड बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने 26 जनवरी 2023 से पूर्व उक्त मरीजों को चिन्हित करते हुए सभी का शत प्रतिशत यूडिआईडी बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि दिव्यांगों को चिन्हित करने हेतु सिविल सर्जन द्वारा पत्र जारी करतें हुए डॉक्टर की टीम द्वारा उनकी जांच करवाई जाएगी जांच उपरांत यूडिआईडी बनाया जाएगा। जिसके लिए एसडीओ सदर तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। उपायुक्त ने एनीमिया/कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली, जिसपर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि समर अभियान के तहत सभी चिन्हित घरों में शत प्रतिशत एनीमिया जांच करवा लिया गया है। उपायुक्त ने सभी एनीमिया पीड़ित बच्चों के परिवार जनों का प्रोफाइल तैयार करने का निर्देश दिया साथ ही परिवार जनों का आयुष्मान कार्ड बनाने तथा उन्हें सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी विद्यालयों में ऊंचाई मापक क्रय करने अथवा दीवाल लेखन कराने की बात कही। उपायुक्त ने मिड डे मील में कड़िया पत्ता तथा मूंगे के साग को नियमित रूप से शामिल करने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला,एसडीओ सदर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### कस्तूरबागांधी विद्यालय घाघरा की छात्राओं को दिया जा रहा है कौशल विकास का प्रशिक्षण



**गुमला।** उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की पहल से जिले के घाघरा प्रखंड स्थित कस्तूरबागांधी विद्यालय में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कौशल विकास और उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत बच्चियों को फैशन डिजाइनिंग का कोर्स करवाया जा रहा है। 200 घंटे के कौशल विकास कार्यक्रम में इस विद्यालय की लगभग 60 से अधिक छात्राएं फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रहीं हैं। भारत सरकार के 'संकल्प परियोजना' के तहत राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के सफलता के बाद अन्य विद्यालयों में भी इस प्रोजेक्ट की शुरूआत की जाएगी।

## लोहरदगा की 'प्रेरणा' ने शतरंज में गोल्ड मेडल जीतकर बढ़ाया झारखंड का गौरव



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के बरवाटोली निवासी श्रवण कुमार (शिक्षक) की पुत्री प्रेरणा पान ने अखिल भारतीय इन्टर एनआईटी टूर्नामेंट 2022 में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड का गौरव बढ़ाया है। अखिल भारतीय इंटर एनआईटी टूर्नामेंट 2022 का आयोजन 18 से 20 नवम्बर को एनआईटी सिलचर आसाम में किया गया था। जिसमें पूरे भारत देश से 21 एनआईटी कॉलेजों के लगभग 600 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस अखिल भारतीय टूर्नामेंट में शतरंज, टेबल टेनिस और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। शतरंज प्रतियोगिता में लोहरदगा निवासी श्रवण कुमार (शिक्षक) की पुत्री प्रेरणा पान ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त करते हुए बेस्ट प्लेयर अवार्ड के रूप में गोल्ड मेडल जीतकर अपने कॉलेज और झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है। बतातें चलें कि प्रेरणा वर्तमान में एनआईटी जमशेदपुर में तृतीय वर्ष की छात्रा है। प्रेरणा पहले भी नेशनल लेवल कला उत्सव, राज्य स्तरीय निबन्ध लेखन, जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, जिला स्तरीय विवाद प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त कर झारखंड राज्य और लोहरदगा जिला का नाम रोशन कर चुकी हैं। साथ ही प्रेरणा 2017 की मैट्रिक परीक्षा में जिला टॉपर रह चुकी हैं। प्रेरणा की इस विशिष्ट उपलब्धी पर लोहरदगा जिला गौरवान्वित है, हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उक्त जानकारी ब्रजेश पाठक ज्योतिषाचार्य ने दी।

## सदर थाना पुलिस की कार्रवाई, अवैध गिट्टी लोडेड हाईवा जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर थाना का प्रभारी थानेदार पंकज शर्मा ने मंगलवार को निगनी गांव से अवैध गिट्टी लोडेड हाईवा नंबर जेएच 01 डीजे-7078 को मौके पर जब्त किया है। इस संदर्भ में सदर थानेदार पंकज शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। हाईवा अवैध रूप से गिट्टी का परिवहन कर रहा था। पूछताछ के दौरान किसी प्रकार का वैध कागजात जमा नहीं किया। हाईवा चेक करने के बाद कागजात परिवहन विभाग को सौंप दिया गया है। परिवहन विभाग के निर्देश के बाद इस मामले पर एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

## लोहरदगा में तेजाब से जला युवती का शव बरामद



**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के खखपरता गांव स्थित टोगरी से मंगलवार को पुलिस ने 18 वर्षीय अज्ञात युवती का शव बरामद किया है। युवती का चेहरा तेजाब से जलाया गया है। जबकि उसका हाथ और गले में रस्सी बांधने के गहरे निशान है। सूचना पर सदर थानेदार पंकज शर्मा ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। इस संदर्भ में सदर थाना में अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह ग्रामीण गाय बकरी चराने के लिए जब टोंगरी के पास गए तो उन्हें युवती का शव मिला। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दिया। पुलिस के प्रारंभिक अनुसंधान में युवती की सुनियोजित तरीके से हत्या की गई है। हत्या से पहले युवती के साथ दुष्कर्म की भी आशंका व्यक्त की गई है। पहचान छिपाने के मंशा से उसके चेहरे को तेजाब से जला दिया गया है। इस संदर्भ में सदर थानेदार पंकज शर्मा ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने वारदात को किसी दूसरे जगह अंजाम देने के बाद शव को खखपरता गांव लाकर फेंक दिया है। फिलहाल पुलिस मामले पर हत्या का मामला दर्ज कर अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध जांच पड़ताल कर रही है।

#### नगर भवन सिमडेगा में रोजगार मेला का हुआ आयोजन

## जिंदल कंपनी में 100 युवक-युवतियों का किया चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** नगर भवन सिमडेगा में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए विशेष भर्ती शिविर का आयोजन किया गया या भर्ती शिविर जिंदल पावर प्लांट में सिक्योरिटी गार्ड के लिए थी जहां पर काफी संख्या में जिले के युवक-युवती पहुंचे। इस मौके पर दीनदयाल कौशल विकास योजना के प्लेसमेंट मैनेजर साईं दत्ता मुक्ति कांत ने बताया कि हमारा प्रयास है कि जिले में बेरोजगारी की समस्या दूर हो और इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से कार्य करते हुए ऐसे लोगों को चयन कर रही है। वही डिस्टिक मैनेजर स्किल के द्वारा भी सभी बच्चों को बेसिक जानकारी देते हुए उनके आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने के साथ चयन प्रक्रिया में सहयोग किया। मौके पर टेरियर सिक्योरिटी द्वारा युवक एवं युवतियों का चयन किया साथियों ने बताया कि 16000 की मासिक वेतन दी जाएगी इस मौके पर अन्य लोग उपस्थित रहे।

#### बीडीओ सह सीओ ने लिया प्रखंड व अंचल कर्मियों से योजनाओं के बारे में समीक्षा बैठक

## प्रखंड व अंचल कर्मी अपने दायित्वों का करें शत-प्रतिशत निर्वाह : सारू



**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्क/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड एवं अंचल क्षेत्र में संचालित सरकार की सभी योजनाओं के बारे में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी बुडाय़ं सारू के द्वारा प्रखंड के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक कर योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से कर्मियों से जानकारी लिया एवं कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड एवं अंचल कर्मी अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वाह करें और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय में निष्पादन कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ देने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि जो भी कर्मी कार्यों के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई देते हैं वैसे कर्मियों के विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई किया जाएगा। सीओ सह बीडीओ बुडाय़ं सारू ने कहा कि कर्मीगण क्षेत्र में भ्रमणशील रहें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजनाओं से जोड़कर योजना का लाभ मुहैया कराने का कार्य करें ताकि क्षेत्र के लोग अपने गांव मुहल्ला में रहकर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कहा क्षेत्र के लोग रोजगार के अभाव में पलायन न करें इसे सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य रूप से ये रहे उपस्थित। विकास योजनाओं को गति देने हेतु प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से बीएओ सह एमओ शंकर प्रसाद, प्रधान सहायक बिफई उरांव, बीपीओ तौसिफ इस्लाम, सहायक अभियंता भुवनेश्वर सिंह, कनीय अभियंता सूरज कुमार प्रजापति, पंचायत सचिव विवेक कुमार, मनोज कुमार, देवकांत भगत, सीआई जगरनाथ उरांव, अली अहमद सलीम, मुफीद अंसारी, अवध किशोर ओझा, अनूप कुमार, जमशेद अंसारी, विनोद कुमार, मंगलदास तिर्की सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

## राज्य सरकार व गुमला में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ निकाली आक्रोश रैली




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भाजपा जिला कमेटी गुमला द्वारा मंगलवार को गुमला में राज्य सरकार व गुमला में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली गई। जिसमें पूर्व सीएम सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,सांसद सुदर्शन भगत,प्रदेश भाजपा नेता प्रवीण सिंह,विनय लाल जीप अध्यक्ष किरण माला, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिव शंकर उरांव सहित भाजपा के कई बड़े नेता शिरकत किये। मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप चंद अधिकारी ने बताया के पालकोट रोड स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल के सामने मैदान से निकम्मी हेमंत सरकार के विरुद्ध आक्रोश रैली में भाजपा नेताओं का जुटान हुआ। इसके बाद भाजपा जिला कमेटी के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाली गई जो पालकोट रोड से टावर चौक,मेन रोड, पटेल चौक, जसपुर रोड होते हुए गुमला कचहरी हजारों कार्यकर्ता के साथ हड़ताली वृक्ष के समीप पहुंच जनसभा में परिणत हो गया। जहां पर जिला अध्यक्ष अनूप अधिकारी व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा झारखंड में असीमित खनिजों के भंडार को लूटने का काम किया गया, जंगल हो या बालू वर्तमान झारखंड की हेमंत सरकार में लूट मची है, केवल दोहन हो रहा, यंहा के जनता को केवल ठगने का काम किया जा रहा है। वही मौजूद अन्य नेताओं ने भी संबोधन कर इस सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। इस दौरान जिले के सभी पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक के जिला परिषद ,सदस्य मुखिया, वार्ड पार्षद सहित अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

#### सर्वधर्म सद्भावना संसद के आयोजन की तैयारियों को ले जमीयत उलेमा-ए-हिन्द ने की बैठक

## धार्मिक नेताओं, शांति प्रिये और समाज सेवियों को भाग लेने का आह्वान



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आगामी 27 नवंबर को न्यू रोड स्थित होटल ग्लैक्सी में सर्वधर्म सद्भावना संसद के आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को होटल अलसफा में जमीयत उलमा-ए-हिन्द, लोहरदगा जिला कमिटी की बैठक हजरत मौलाना गुलाम मुस्तफा कासमी की सदारत में हुई। जिसमें मुख्य रूप से जमीयत के जिला अध्यक्ष मौलाना अहसन इमाम मोजाहिरी, महासचिव मौलाना अब्दुल हमीद मोजाहिरी, मौलाना मिन्हाज कासमी, उपाध्यक्ष आलम, हाजी मास्टर लुकमान साहब, हाजी हाशिम साहब आदि मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि देश की वर्तमान स्थिति से सभी भलीभांति परिचित हैं। इन दिनों साम्प्रदायिकता और घृणा अपने चरम पर है, जो हमारे देश भारत की साझा संस्कृति और मूल्यों के लिए सीधी चुनौती है। इससे न केवल अमन-शांति और सुरक्षा स्थापित करने के प्रयासों में बाधा पहुंचती है, बल्कि मानवाधिकारों और सतत विकास की राह में भी यह रूकावट है। इन परिस्थितियों में हमारा मानना है कि धार्मिक नेता और समाज सेवी सही जानकारी फैलाने और नफरत एवं कट्टरता को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए जमीयत उलेमा-ए-हिन्द सर्वधर्म सद्भावना संसद के जरिए धार्मिक नेताओं, शांति प्रिये और समाज सेवियों को एक साथ आने के लिए आमंत्रित करता है। साथ ही उन्हें हमारे साझा मूल्यों के विषय पर विचार-विमर्श करने और चर्चा करने का आह्वान करता है। बैठक में जमीयत उलमा-ए-हिन्द लोहरदगा के जरिए धार्मिक नेताओं, शांति प्रिये लोगों और समाज सेवियों का आह्वान किया गया कि दिनांक 27.11.2022 दिन रविवार को होटल रॉयल गैलेक्सी, न्यू रोड, लोहरदगा में पूर्वाह्न 10:00 बजे से सर्वधर्म सद्भावना संसद में उपस्थित होकर अपनी नेक एवं कीमती विचारों से जिले में सम्प्रदायिक सौहार्द को प्रगाढ़ करने में सहयोग करें।

## अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा के साप्ताहिक बाजार में मंगलवार को उत्पाद विभाग ने अवैध शराब बिक्री व निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान भारी मात्रा में जावा और महुआ शराब को नष्ट किया गया। अभियान में उत्पाद दरोगा धनंजय कुमार पासवान, भंडरा थाना के मुंशी लाल कुमार महतो और पुलिस बल के जवान शामिल थे। बाजार के किनारे स्थित घरों में बन रहे अवैध शराब और जावा को इनके द्वारा नष्ट किया गया। बाजार में शराब विक्रेताओं को भी खदेड़ा गया।

## सरकार के योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाना हमारा मूल कर्तव्य : मोजम्मिल

#### झामुमो जिलाध्यक्ष पहुंचे किस्को के सेमरडीह, गांव वालों को योजनाओं का लाभ दिलाने का दिया भरोसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के सेमरडीह गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष साकिर हुसैन अंसारी की अगुवाई में जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने दौरा कर सुनी जन समस्याओं को एवं सरकार की ओर से जनहित में दी जाने वाली सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष ने जनता से मुखातिब होते हुए लोगों को हेमंत सरकार की ओर से दी जाने वाली समुचित लाभ को हर संभव दिलाने का भरोसा दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आम आवाम की सरकार है। कहा हेमंत सरकार आपकी समस्याओं को ससमय निराकरण कराने में अहम भूमिका निभाने का काम कर रही है जिसका लाभ आप तक पहुंच रही है। सरकार गांव टोला मुहल्ला के विकास और राज्य के सवा तीन करोड़ जनता के विकास को लेकर कटिबद्ध है। उन्होंने लोगों को बकरी पालन,गाय पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन, आवास योजना, पेंशन योजना, सुकर पालन सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बढ़ चढ़कर योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। इधर जिलाध्यक्ष ने पूर्व अध्यक्ष साकिर हुसैन अंसारी को जनता की समस्याओं को सूचीबद्ध कर यथाशीघ्र निपटारा कराने का निर्देश दिया। मौके पर जिला सचिव अनिल उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष शंकर भगत, किस्को प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष साकिर हुसैन अंसारी, ग्राम पंचायत खरकी की मुखिया चांदमनी उरांव, नसीम अंसारी, मुन्ना माइकल, जहेदा खातुन, नाजली खातुन, रिकम भगत, यशोदा देवी, जैतुन खातुन, समीमा खातुन, रोपनी देवी, शीला देवी, सावित्री देवी, गुलशन आरा, रितिका देवी, रईसा खातुन, बरी भगताईन, रजीबा खातुन, नूरजहां खातुन, सजीदा खातुन, अफशाना खातुन, राखी उरांव, संतोषी देवी, बंधनी देवी, सरस्वती देवी, सती देवी, तिजईन भगत, रश्मी भगत, सरिता देवी, अमृत देवी, मीणा देवी, राजेश खेरवार, अघनू सिंह, फातमा खातुन, लीलावती देवी, कमरून खातुन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

#### लोहरदगा में होगा राज्यस्तरीय एथलेटिक मीट का आयोजन

## कोरोना के कारण तीन साल नहीं हुआ था एथलेटिक मीट



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य स्तरीय ओपन टू ऑल एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के आवास में बैठक की गई। लोहरदगा एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव सुखेर भगत की अगुवाई में हुई बैठक में कई प्रस्ताव में परिचर्चा के बाद अंतिम निर्णय लिया गया। स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम में 20, 21 एवं 22 जनवरी 2023 को राज्य स्तरीय एथलेटिक्स मीट का आयोजन होगा। इस निमित्त लोहरदगा एथलेटिक्स मीट के सदस्य और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के अनुरूप स्टेडियम को दुरुस्त करने, ट्रैक बनाने, प्रचार प्रसार करने, प्रतिभागी खिलाड़ियों के ठहराव एवं भोजन व्यवस्था, पुरस्कार वितरण, विभिन्न इवेंट के आयोजन के लिए जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल, लालमोहन केसरी, संजय बर्मन, सलीम उर्फ बड़े, प्रभात भगत, कमल केसरी, मुरारी गोस्वामी, हसीन अख्तर मुन्ना, प्रदीप विश्वकर्मा, सोमे उरांव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विनय उरांव, उदय दत्ता, रश्मि कश्यप समेत लोहरदगा एथलेटिक मीट के अन्य सदस्य मौजूद थे।

सम्पादक की कलम से...

# झारखंड 2023-24 बजट

झारखंड सरकार ने अगामी वित्त वर्ष 2023-24 का बजट प्राक्कलन तैयार करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही 2022-23 का पुनरीक्षित प्राक्कलन भी तैयार किया जा रहा है। वित्त सचिव झारखंड अजय कुमार सिंह ने इस संबंध में भी विभागों को पत्र लिखा है और बजट प्राक्कलन तैयार करने को कहा है। बजट में इस तथ्य का ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि जिन योजनाओं ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है, उनके स्थान वर्तमान में प्रासांगिक योजनाएं तैयार की जायेगी तो अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर तैयार होगा। वित्त वर्ष 2017-18 से झारखंड में बजट चार वर्ग में विभाजित कर तैयार किया जा रहा है। स्थापना प्राप्तियां, स्थापना व्यय। केंद्रीय सहायता अंतर्गत स्कीम में केंद्रीय सेक्टर स्कीम, केंद्र प्रायोजित स्कीम व राज्य स्कीम के तहत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में चल रही योजनाएं तथा नयी स्कीम, राजस्व प्राप्ति में आय-व्यय पर फोकस होगा। ट्रांसपोर्ट, लैंड रेवेन्यू, उत्पाद कर आदि है। रॉयल्टी, सार्वजनिक उपक्रमों से अर्जित लाभांश, सरकारी उधारों पर ब्याज तथा अन्य स्रोतों से विभागों की आय आदि शामिल होगी। बजट में स्वीकृत पद के विरुद्ध कार्यरतकर्मियों के वेतन आदि के लिए बजट भी तैयार होगा। वेतन राशि की गणना एक सितम्बर 2022 से की जायेगी। योजना सह वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित वित्तीय वर्ष 2021-22 के आर्थिक सर्वेक्षण का संदर्भ लेते हुए विभागों द्वारा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किये जाने की आवश्यकता है जो अब तक विकास की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। वित्त सचिव के अनुसार, बजट बनाते समय विभागों से यह अपेक्षा है कि वह ऐसे पिछड़े क्षेत्रों के विकास लिए सुसंगत योजनाओं का निर्माण करें एवं उन योजनाओं के लिए उचित बजट का तैयार करें। बजट प्राकलन स्वीकृत पद और कार्यरत बल के आधार पर होगा। पिछले वित्तीय वर्षो में कोविड-19 जनित परिस्थितियों से राज्य की फिसकल स्पेस संसुचित हुई है। राज्य अब इस महामारी के प्रभावों से बाहर निकल रहा है, लेकिन अभी भी संसाधन सीमित है। ऐसे में वित्त सचिव कहा है कि सीमित संसाधनों को देखते हुए ही वित्त वर्ष 2023-24 का बजट तैयार किया जाये। वित्त सचिव ने कहा है कि बजट तैयार करने में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर फोकस रखना जरूरी है। जीवन तथा आजीविका की सुरक्षा तथा विकास को देखते हुए बजट तैयार किया जायेगा। विगत वर्षों में प्रारंभ की गयी योजनाओं के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सम्यक प्रयत्न भी करने को कहा है।

## आज का इतिहास

**1908 :** बुलगारिया ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1927 :** महात्मा गांधी ने सिलोन की अपनी पहली और आखिरी यात्रा की।
**1930 :** लंदन में भारत में संवैधानिक सुधारों पर चर्चा के लिए पहले गोलमेज सम्मेलन की शुरूआत।
**1936 :** केरल के मंदिर सभी हिंदुओं के लिए खुले।
**1940 :** भारतीय फिल्मों के अभिनेता अमजद खान का जन्म हुआ।
**1946 :** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं भारत रत्न से सम्मानित पंडित मदन मोहन मालवीय का उत्तर प्रदेश में निधन हुआ।
**2004 :** अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने फि लिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण के लिए चार साल का समय निर्धारित किया।
**2007 :** ऑस्ट्रेलिया में आयोजित एशिया पैसिफि क स्क्रीन अवार्ड में भारतीय फिल्म 'गांधी माई फादर' को सर्वश्रेष्ठ पटकथा का पुरस्कार मिला।
**2008 :** असम गण परिषद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल हुईं।
**2013 :** तिब्बत में वैज्ञानिकों ने मानव जाति के लिए ज्ञात सबसे पुरानी बड़ी बिल्ली के जीवाश्म की खोज की है।
**2014 :** भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैच में 264 रनों की पारी खेलकर रिकार्ड बनाया।
**1781 :** अंग्रेजों ने नागापट्टनम पर कब्जा किया।
**1841 :** टेक्सास का शहर जॉन नेली ब्रायन द्वारा स्थापित किया गया।
**1847 :** ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने एनेस्थेटिक के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया।
**1974 :** दक्षिण अफ्रीका नस्लीय नीतियों के कारण संयुक्त राष्ट्र महासभा से निलंबित।
**1990 :** जापान में सम्राट आकिहितो का परम्परानुसार राज्याभिषेक।
**2001 :** न्यूयॉर्क में अमेरिकी एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार सभी 260 यात्री मारे गए।

# चीन युद्ध के 60 वर्ष पूरे, सबक अधूरे

> 'इन प्राचीनतम देशों के बीच पसरे विवाद को समझने के लिए 1947-62 के दिनों में लौटते हैं। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सेना ने समय रहते चेता दिया था। मेजर जनरल डीके पाटिल के अनुसार, आजाद भारत के पहले कमांडर इन चीफ सर रॉबर्ट लॉकहार्ट पंडित जी से सीमाओं की स्थायी सुरक्षा के लिए रणनीतिक योजना के साथ मिले थे। बकौल पाटिल उन्हें रूखा-सा जवाब मिला- ह्यहमें किसी रक्षा योजना की जरूरत नहीं। हमारी नीति अहिंसा है। हमें किसी सैन्य खतरे की आशंका नहीं। सेना को खत्म कर दें। हमारी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करन के लिए पुलिस ही पर्याप्त है।''

आज उस खूनी जंग को गुजरे 60 बरस पूरे हो रहे हैं, लेकिन हमारे रक्षा तंत्र को मजबूत बनाने और ड्रैगन के कब्जे से अपनी जमीन छुड़ाने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। संतोष की बात है कि देश का मौजूदा ने 'अगर मुझे एक वाक्य में स्थिति की व्याख्या करनी पड़े, तो मैं यही कहूंगा कि हालात स्थिर हैं, लेकिन अप्रत्याशित भी।' भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज कुमार पांडेय का यह बयान भारत और चीन के बीच लड़ी गई जानलेवा जंग की 60वीं बरसी से ठीक दस दिन पहले आया। मतलब साफ है, चीन से यापारिक और व्यावसायिक मोहब्बत के बीच सीमाई अदावत जारी है। इस शत्रुता की जड़ें हमारे जवानों के रक्त से सिंचित हैं। इन प्राचीनतम देशों के बीच पसरे विवाद को समझने के लिए 1947-62 के दिनों में लौटते हैं। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सेना ने समय रहते चेता दिया था। मेजर जनरल डीके पाटिल के अनुसार, आजाद भारत के पहले कमांडर इन चीफ सर रॉबर्ट लॉकहार्ट पंडित जी से सीमाओं की स्थायी सुरक्षा के लिए रणनीतिक योजना के साथ मिले थे। बकौल पाटिल उन्हें रूखा-सा जवाब मिला- ह्यहमें किसी रक्षा योजना की जरूरत नहीं। हमारी नीति अहिंसा है। हमें किसी सैन्य खतरे की आशंका नहीं। सेना को खत्म कर दें। हमारी सुरक्षा जरूरतों को पूरा करन के लिए पुलिस ही पर्याप्त है।' यह अकेले जवाहरलाल नेहरू की सोच नहीं थी। कृष्ण मेनन को छोड़कर प्रायः सभी मंत्री इस मुद्दे पर यही राय रखते थे। मोरारजी देसाई युद्ध-काल में वित्त मंत्री हुआ करते थे। वह सैन्य-खर्च और आधुनिकीकरण को गांधी के सपनों की हत्या बताते थे। जंग के वक्त रक्षा मंत्रालय कृष्ण मेनन संभाल रहे थे, इसलिए सारा ठीकरा उनके सिर पर फोड़ा गया, मगर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और सैनिक स्कूलों की स्थापना जैसेदूरंदेश निर्णय भी उन्होंने ही किये थे। मिग-21 का पहला आयात उन्हीं के काल में हुआ था। अपनी इस सोच का खामियाजा उन्हें ही भुगतना होता था। कृपलानी, मोरारजी जैसे तमाम दिग्गज उनके आलोचक थे। जनसंघ और समाजवादी भी उनसे सुर मिलात थे। इनमें से कई न केवल सैन्य आधुनिकीकरण, बल्कि बातचीत के जरिये समझौते की भी मुखालफत करते थे। मोरारजी 1977 मेंदेश के प्रधानमंत्री बन गये, पर उनके विचार नहीं बदले। उन्होंने 'रॉ' जैसी महत्वपूर्ण संस्था को ही भंग कर दिया था। लिखा बहुत कुछ जा सकता है, मगर मुद्दे पर लौटते हैं। सन 1950 के दशक के उत्तरार्द्ध में सीमा पर हालात बिगड़ने लगे थे। चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया था और वहां के शासक दलाई लामा को ल्हासा छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा। भारत ने उन्हें केवल शरण दी, बल्कि दलाई लामा की निर्वासित सत्ता को भी स्वीकृति प्रदान की। तब सेजंग की शुरूआत तक यह खाई लगातार चौड़ी होती चली गई। लाल सेना को रोकने की कोशिश में सात हजार के करीब भारतीय सैनिक और अफसर या तो शहीद हो गये अथवा कैद कर लिए गये। चीन के भी दो हजार के करीब सैनिक हताहत हुए थे। विश्व के सैनिक इतिहास में यह लड़ाई अद्भुतद्धु मानी जायेगी। भारतीय सैनिक पूरे जज्बे, जोश और जुनून सेलड़े, पर उनके पास न तो वहां के कठोर भौगोलिक हालात के हिसाब सेकपड़े थे और न जूते, हथियार तो दूर की बात है। हमारेजवान द्वितीय विश्व युद्ध मेंही 'ऑब्सलीट' मान ली गई '3नॉट3 राइफलों' सेमुकाबला करनेके लिए अभिशप्त थे। यह मुकाबला था या हाराकीरी! नेहरू इस हमले से इतने आक्रांत हो गये थे कि उन्होंने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी सेमदद की गुहार लगाई। कहते हैं कि भारतीय प्रधानमंत्री ने उन्हेंअनेक पत्र लिखे। हर अगली चिट्ठी में उनकी व्यग्रता कातरता में तब्दील होती जाती थी। केनेडी ने नेहरू के अनुरोध पर अपना जंगी बेड़ा भारत की ओर रवाना किया, पर इसी बीच चीन ने 20 नवंबर को एकतरफा युद्ध-विराम की घोषणा कर दी। शायद बीजिंग के पास भी लंबे समय तक टिके रहने की कोई योजना न थी। लाल सैनिक असम के तेजपुर सेतो लौट गये, पर भारत के 38 हजार वर्गकिलोमीटर इलाके पर उनका कब्जा कायम रहा, जिसे हम आज तक नहीं छुड़ा सके हैं। इस जंग के शुरू होने से पहले सेन केवल सत्ता-सदन, बल्कि सैन्य प्रतिष्ठान में भी शक-शुबहे का माहौल था।

■ शशि शेखर

# गुजरात आदर्श नहीं

जब तक चुनाव आयोग मेहरबान था, प्रधानमंत्री 'उद्घाटन' की होड़ में थे। उन्हें 'सरकारी' कार्यक्रमों के रूप में प्रचारित किया गया था, मगर प्रधानमंत्री के भाषणों में कुछ भी 'सरकारी' नहीं था। उनके भाषणों में (चाहे वे गुजरात में हों, भारत में कहीं भी या विदेश में) सभी में एक विषय-वस्तु समान हैः आधुनिक, पुनरुत्थानशील भारत का इतिहास 2014 से शुरू हुआ। इसी तर्क से, आधुनिक, पुनरुत्थानवादी गुजरात का इतिहास 2001 में शुरू हुआ। क्या उन बयानों में कुछ झकझोरने वाला है (गुजरात, भारत से पहले भी?)। मैं इसे आप पर छोड़ता हूं कि आप इस पहेली को सुलझाएं। प्रधानमंत्री के मुताबिक गुजरात भारत के लिए एक 'माडल' है। वे यह दावा करने से केवल एक कदम दूर हैं कि दुनिया के लिए भारत एक माडल है। गुजरात की जनता दिसंबर की शुरूआत में प्रधानमंत्री के दावे पर मतदान करेगी। दुर्भाग्य से, दुनिया के लोगों को दूसरे दावे पर वोट करने का मौका नहीं मिलेगा। मुझे लगता है कि यह उनका दुर्भाग्य है। आइए, गुजरात माडल की परख करते हैंः मैंने इसमें कुछ अनोखी विशेषताएं देखी हैंः भाजपा सत्ता में रही है, लेकिन 2016 से अब तक वहां तीन मुख्यमंत्री हुए हैं। तीनों में, सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले विजय रूपाणी थे- 2016 से 2021 तक- लेकिन उन्होंने ऐसी अमिट छाप छोड़ी कि उन्हें अपने पूरे मंत्रिपरिषद के साथ पद से हटा दिया गया। 'रिवाल्विंग डोर चीफ मिनिस्टर्स' यानी घूमते दरवाजे में मुख्यमंत्री आधुनिक, पुनरुत्थानशील गुजरात का (कर्नाटक और उत्तराखंड का भी) प्रिय माडल है। गुजरात माडल की एक अन्य विशेषता है, 'डबल इंजन' सरकार। आप अंदाजा लगा रहे होंगे कि डबल इंजन का मतलब 'पीएम और सीएम' है। मगर, आप गलत हैं। डबल इंजन हैं- 'प्रधानमंत्री और गृहमंत्री'। गुजरात में तब तक कुछ नहीं चलता, जब तक कि डबल इंजन नहीं चलते। अगर बाकी भारत गुजरात मॉडल का पालन करता है, तो हम राज्य सरकारों और राज्यों से भी छुटकारा पा सकते हैं, और 'एक भारत, एक सरकार' बना सकते हैं। **घटता गौरव :** गुजरात माडल की एक उल्लेखनीय विशेषता है घटती विकास दर, मगर गुजराती गौरव का बढ़ना। चार वर्षों में राज्य की सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर इस प्रकार रही हैः 2017-18 में 10.7 फीसद, 2018-19 में 8.9, 2019-20 में 7.3 और 2020-21 में -1.9 फीसद। आप पूछ सकते हैं कि क्या अखिल भारतीय जीडीपी की विकास दर 2017-18 से गिरावट पर थी? जवाब है, 'बेशक, हां'। ऐसा इसलिए है, क्योंकि भारत ने गुजरात माडल का अनुकरण किया। महामारी के बाद गुजरात की 2021-22 की जीएसडीपी में उछाल आया, तो अखिल भारतीय जीडीपी में भी उछाल आया।

■ पी. चिदंबरम

# यह कैसी दारूण करूणा है

पुलिस के मुताबिक श्रद्धा वालकर और आफताब पूनावाला के परिवार वाले उनके रिश्ते के पक्ष में नहीं थे। इसके बाद आती है मुंबई के 'श्रद्धा-आफताब' के सहजीवन संबंध और श्रद्धा की नृशंस हत्या की कहानी, जिसे आफताब खुद पुलिस के आगे इस तरह कबूल करता हैः चार-पांच साल से आजादी-पसंद श्रद्धा और आफताब की दोस्ती, श्रद्धा के माता-पिता को ऐतराज, मई के महीने में श्रद्धा-आफताब का उत्तराखंड और हिमाचल आना, फिर दिल्ली आना, मेहरौली में किराये का घर लेकर दोनों का रहने लगना, खर्चे को लेकर दोनों का झगड़ा, आफताब का श्रद्धा को मारना-पीटना, जलती सिगरेट से जलाना, फिर एक झगड़े के बाद मई के महीने में ही श्रद्धा की गला घोंट कर हत्या कर देना फिर गांजा पीना, फिर खाना मंगाना और खाना, फिर उसी रात एक 'चैट ऐप' के जरिये एक और लडकी को बुलाना फिर 'ओटीटी' पर फिल्म 'डेक्स्टर' देखना, लाश निपटाने के तरीके जानना और यह सब कुछ बेहद ठंडे तरीके से करना शरीर को काटने के लिए आरी या 'कुल्हाड़ी' लाना, फिर उसके शरीर के पैंतीस टुकड़े करना, टुकड़ों को काले प्लास्टिक थैलों में बंद कर नये खरीदे फ्रिज में रखना और खून को बहाने के लिए देर रात पानी की मोटर चलाना, खून के ध्ब्बे मिटाने के लिए एसिड लाना, बदबू हटाने के लिए ब्लीच लाना और रात के दो बजे मेहरौली के डरावने घने जंगलों में थैलों में बंद टुकड़ों को फेंकने जाना, श्रद्धा के कटे सिर और चेहरे को जला देना, ताकि पहचाना न जा सके और फिर कहीं फेंकना और अंगूठों को और कहीं फेंकना, ताकि सबूत न मिलेज् मुंबई में रहते अपने माता-पिता को बाहर भेज देना एकदम गजब की योजना! श्रद्धा के माता-पिता को इस संबंध पर आपत्ति रही, लेकिन वह नहीं मानती थी। श्रद्धा के जिन मित्रों को इसकी खबर थी, उन्होंने संबंध तोड़ने को कहा, लेकिन वह नहीं तोड़ सकी, क्योंकि आफताब आत्महत्या की धमकी देकर उसे 'ब्लैकमेल' करता था। श्रद्धा के शरीर के पैंतीस टुकड़े करने के महीनों बाद तक वह बड़ी सहजता से श्रद्धा के दोस्तों से आनलाइन बात करता रहा, बताता रहा कि वही उसे छोड़ कर कहीं चली गई है। इसके बाद, माता-पिता की शिकायत पर महाराष्ट्र पुलिस ने दिल्ली पुलिस को लिखा, तो दिल्ली पुलिस ने उसे पकड़ा। घर से 'दस टुकड़े' बरामद किये। फ्रिज बरामद किया, लेकिन जिस हथियार से हत्या की गई, वह नहीं मिला। हर विशेषज्ञ कहता रहा कि पक्के सबूत जुटाना मुश्किल है! हर चैनल पर इस हत्या की भयानकता की रिपोर्टें और चचाएं रहीं, लेकिन कुछ ही देर में 'राजनीति' का 'प्रवेश' हो गया और देखते-देखते यह 'लव जिहादी हत्या' बरक्स एक 'मनोरोगी' द्वारा की गई 'बर्बर हत्या' की कहानी में बदल गई! कुछ कहते कि आफताब 'मनोरोगी' है, तो कुछ कहते वह 'लव जिहादी' है! एक वर्ग कहता कि जिस तरह से उसने उसे काटा और सबूत मिटाये, वह एक आदमी का काम नहीं हो सकता। इसके पीछे और लोग भी हो सकते हैं, तो दूसरा वर्ग कहता कि यह सिर्फ एक 'मनोरोगी' द्वारा की गई 'बर्बर हत्या' है। इसी बीच गुरुवार को लखनऊ की 'निधि' को, उसके कथित प्रेमी 'सूफियाना' द्वारा चौथी मंजिल से फेंक कर मार देने की कहानी भी कुछ को 'लव जिहाद' जैसी नजर आई, लेकिन चैनलों ने श्रद्धा की कहानी को ही तरजीह दी! बाद में सूफियाना पकड़ा भी गया! बहरहाल, इस बात पर सब चर्चक सहमत रहे कि आफताब को जल्द से जल्द फांसी दी जानी चाहिए! तभी एक चैनल पर एक चर्चक ने कहा कि जिस देश में राजीव गांधी के हत्यारे तक छूट जाते हों, उस देश में एक दिन यह भी छूट सकता है इसी प्रसंग में इस सप्ताह की वह खबर याद आई, जो कहती थी कि 'राजीव गांधी के हत्यारे छोड़ दिये गये!' इस पर कई एंकर और चर्चक क्षुब्ध नजर आए कि यह कैसा न्याय है कि मारने वाला नायक और मरने वाला हत्यारा 'हीरो' और 'हत' जीरो- 'पीएम' को मारो और सजा से मुक्त हो जाओ, यह कैसी दारुण करुणा है प्रभु! ऐसी भयानक दया नृशंस आतंकियों पर भी बरसेगी क्या? तब तो हत्यारे ही पुजेंगे और मारा गया मनुष्य बार-बार मारा जायेगा! सिर्फ 'जी-20' ने एक सकारात्मक खबर दी कि भारत को 'जी-20' की अध्यक्षता मिली! यहां हर फ्रेम में प्रधानमंत्री थे। एक चैनल ने लाइनें लगाईंः बाइडेन, मैक्रों और ऋषि सुनक, सब भारत की ओर देख रहे हैं- भारत को एक उम्मीद की तरह देखा जाता है हैरत कि प्रधानमंत्री की इतनी तारीफ, लेकिन विपक्ष ने एक गोला तक नहीं दागा!

■ सुधीश पचौरी

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

#### अथ प्रथमोऽध्यायः

हे सुन्दर नासिकावाली! तुम कौन हो ? हे सुमुखि ! तुम किसकी पुत्री हो? तुम गन्धर्वकन्या हो। अथवा देवकन्या ? हे सुन्दरि ! तुम क्यों रो रही हो? यह मुझे बताओ ॥ 27 ॥

हे बाले! तुम यहाँ अकेली क्यों हो? हे पिकस्वरे! तुम्हें यहाँ किसने छोड़ दिया है ? हे प्रिये! तुम्हारे पति अथवा पिता इस समय कहाँ चले गये हैं ? मुझे बताओ ॥ 28 ॥

हे वक्र भौंहोंवाली! तुम्हें क्या दुःख है? उसे मेरे सामने अभी व्यक्त करो। हे कृशोदरि ! मैं सब प्रकारसे तुम्हारा दुःख दूर करूँगा ॥ 29 ॥

हे तन्वंगि! मेरे राज्यमें कोई भी प्राणी किसीको पीड़ा नहीं पहुँचा सकता और हे कान्ते ! कहीं न तो चोरोंका भय है और न राक्षसोंका ही भय है ॥ 30 ॥

मुझ नरेशके शासन करते हुए इस पृथ्वीपर भीषण उत्पात नहीं हो सकते; बाघ अथवा सिंहसे किसीको भय नहीं हो सकता और किसीको कोई भी भय नहीं रहता ॥ 31 ॥

हे वामोरु! असहाय होकर तुम गंगातटपर क्यों विलाप कर रही हो, तुम्हें क्या दुःख है? मुझे बताओ ॥ 32 ॥

हे कान्ते। मैं जगत्के प्राणियोंके अत्यन्त भीषण दैविक तथा मानुषिक कष्टको भी दूर करता हूँ, यह मेरा अद्भुत व्रत है। हे विशालनयने। बताओ, मैं तुम्हारा वांछित कार्य करूँगा ॥ 33 ॥

राजाके ऐसा कहनेपर उसे सुनकर मधुरभाषिणी कन्याने कहा- हे राजेन्द्र मैं आपको अपने शोकका कारण बता रही हूँ। हे राजन्! विपदारहित प्राणी भला क्यों रोयेगा? हे महाबाहो ! मैं जिसलिये रो रही हूँ, वह आपको बता रही हूँ। आपके राज्यसे भिन्न दूसरे देशमें रैभ्य नामक एक महान् धार्मिक राजा हैं, वे महाराज सन्तानहीन हैं, उनकी पत्नी रुक्मरेखा- इस नामसे प्रसिद्ध हैं। वे परम रूपवती, बुद्धिमती, पतिव्रता तथा समस्त शुभ लक्षणोंसे सम्पन्न हैं। पुत्रहीन होनेसे दुःखित रहनेके कारण वे अपने पतिसे बार-बार कहा करती थीं- हे नाथ! मेरे इस जीवनसे क्या लाभ? इस जगत्में मुझ वन्ध्या, पुत्रहीन तथा सुखरहित नारीके इस व्यर्थ जीवनको धिक्कार है ॥ 34-39 ॥

इस प्रकार अपनी भार्यासे प्रेरणा पाकर राजा रैभ्यने यज्ञके ज्ञाता ब्राह्मणोंको बुलाकर विधिवत् उत्तम यज्ञ सम्पन्न किया ॥ 40 ॥

- क्रमशः

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### सड़क की दुकाने स्थायी हो

शहर में कई जगहों पर विशेष नाम से पहचान है। यहां पर स्थायी दुकानें नहीं,बल्कि फुटपाथ पर ही दुकानें लगती है। जैसे। घासपट्टी,घड़ा पट्टी,लोहा पट्टी, दौरी पट्टी, गुड़ पट्टी, बताशा पट्टी इत्यादि इन सब की दुकानें एक आध को छोड़ दें, तो सभी सड़क पर ही लगती है। इन दुकानों को एक जगह अगर व्यव्यस्थित तरीके से लगाने की व्यवस्था अगर नगर निगम करें,तो बरसात व अन्य मौसम में इन्हें सामग्री बेचने में सुविधा होगी। साथ ही इनके खरीदार भी आसानी से यहां पहुंचकर अपनी पंसद की सामग्री खरीद सकते हैं। इन सभी की दुकानें बरसात के समय में हटा ली जाती है। वहीं अभी अतिक्रमण के द्वारा सब्जी विकेताओं को रोड से हटा दिया गया। जिससे सब्जी विक्रेताओं की बिक्री प्रभावित हुई है। कोरोना काल में भी सब्जी विक्रेताओं को शिवजी मैंदान में रखा गया था। लेकिन शहर से दूर होने के कारण लोगों को सब्जी खरीदने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। मै लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से नगर निगम का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि इन सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थायी समाधान निकाला जाय और इन्हे स्थायी रूप से दुकान दिया जाय। ताकि शहर का विकास हो सब्जी बाजार को दुसरे जगहों पर शिफ्ट होने से शहर का विकास होगा। इस तरह दुकानों को एक जगह स्थायीरूप दुकान दिया जाये, जिससे की वे हर मौसम में अपनी सामग्री बेच सकें और इससे ग्राहकों को भी सुविधा होगी।

■ राजेन्द्र प्रसाद , मेदिनीनगर।

# जस्टिस चंद्रचूड़ का प्रधान न्यायधीश बनना उम्मीद की बड़ी किरण के समान है

आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। भारत की न्याय प्रणाली विसंगतियों एवं विषमताओं से घिरी है। संवैधानिक न्यायालय का गठन बड़ा अलोकतांत्रिक व दोषपूर्ण है। न्याय-व्यवस्था जिसके द्वारा न्यायपालिकाएं अपने कार्य-संचालन करती हैं वह अत्यंत महंगी, अतिविलंबकारी और अप्रत्याशित निर्णय देने वाली है। 'न्याय प्राप्त करना और इसे समय से प्राप्त करना किसी भी राज्य व्यवस्था के व्यक्ति का नैसर्गिक अधिकार होता है।' 'न्याय में देरी न्याय के सिद्धांत से विमुखता है।' भारतीय न्यायिक व्यवस्था में विद्यमान इन चुनौतियों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ लेने के बाद से ही जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ लगातार सक्रिय एवं संकल्पित हैं। वे न्याय-प्रक्रिया की कमियों एवं मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं तो उनमें सुधार के लिये जागरूक दिखाई दे रहे हैं। निश्चित ही उनसे न्यायपालिका में छाये अंधेरे सायों में सुधार रूपी उम्मीद की किरणें दिखाई देने लगी हैं। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में वह पहले ही कई महत्त्वपूर्ण फैसलों के कारण चर्चा में रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में उन्होंने देश की न्यायपालिका के आमूल-चूल स्वरूप में परिवर्तन पर खुलकर जो विचार रखे हैं वे साहसिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े होने के साथ आम लोगों की धारणा से मेल खाते हैं। नया भारत बनाने एवं सशक्त भारत बनाने के लिये न्यायिक प्रक्रिया में सुधार सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। आजादी के अमृत महोत्सव की चौखट पार कर चुके देश की न्याय व्यवस्था अभी तक औपनिवेशिक शिकंजे में जकड़ी हुई है। उच्चतर न्यायालयों की भाषा अंग्रेजी है तो अधिकांश निचली अदालतों की कार्रवाई और पुलिस विवेचना की भाषा उर्दू है। वह आम आदमी के पल्ले नहीं पड़ती। समय आ गया है कि यह सब आम आदमी की भाषा में हों। वर्षों-वर्ष चलने वाले मुकदमों का खर्च भी बहुत ज्यादा है। न्याय प्रक्रिया की कोई सीमा-अवधि नहीं है। इसलिए निचली अदालतों से लेकर उच्चतम न्यायालय तक समस्त न्यायालयों को दो पालियों में चलाने का प्रावधान किया जाना चाहिए। नये न्यायालय भी स्थापित किये जाने चाहिए। सरकारी विद्यालयों एवं अन्य सरकारी भवनों में दूसरी पाली में न्यायालय चलाये जाने चाहिए, ताकि न्यूनतम अतिरिक्त खर्च में काम प्रारंभ किया जा सके। न केवल न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए, बल्कि जनसंख्या और लंबित मामलों का संज्ञान लेते हुए न्यायिक कर्मियों की नियुक्ति भी की जानी चाहिए। जस्टिस चंद्रचूड़ के ताजा वक्तव्यों में ऐसे ही सुधार को अपनाने के संकेत मिल रहे हैं, जो स्वागतयोग्य होने के साथ सराहनीय भी है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि जिला अदालतों को हाई कोर्ट का अधीनस्थ न्यायालय नहीं माना जाय और जिला जजों के साथ भी समानता का व्यवहार किया जाए। उन्होंने न्यायालयों को पुरुष मानसिकता से बाहर निकालने और महिलाओं को न्याय प्रक्रिया में उचित भागीदारी देने की भी वकालत की है। अभी अदालतों में महिला जजों की संख्या नाममात्र ही है। न्याय प्रक्रिया में आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का भी उन्होंने संकल्प जताया और न्याय प्रक्रिया में अंग्रेजी के वर्चस्व को भी एक तरह से चुनौती दी। उनकी यह चिंता वाजिब है कि जब तक भारतीय भाषाओं को न्याय प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनाया जायेगा, तब तक आम लोगों को न्याय प्रक्रिया में शामिल करना मुश्किल होगा। अभी वादी की याचिका पर बहस और फैसले अंग्रेजी में होते हैं, जो अंग्रेजी नहीं जानने वालों की समझ में नहीं आते। ऐसे में न्याय पर उनका पूरा भरोसा हासिल करना भी कठिन है। न्यायिक सुधार की दिशा में ये और ऐसे तमाम मुद्दे हैं जिन पर लंबे समय से चर्चा की जरूरत तो महसूस होती रही है पर किसी प्रधान न्यायाधीश ने खुलकर पहल नहीं की थी।

■ ललित गर्ग

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय** : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# माइक्रोबायोलॉजी में करियर कैसे बनायें?

माइक्रोबायोलॉजी के अंतर्गत सूक्ष्म जीवों जैसे कि प्रोटोजोआ एलगी बेक्टीरिया व वाइरस इत्यादि का गहन अध्ययन किया जाता है। इस विषय के विशेषज्ञ इन जीवाणुओ के जीवजगत पर अच्छे व बुरे प्रभावों को जानने की कोशिश करते है। जीन थेरेपी तकनीक के जरिए इंसानों मे होने वाली गंभीर आनुवंशिक गड़बड़ियों के बारे मे भी पता लगाते है। एक तरह से मैकरोबस यानि कि अति सूक्ष्म जीव पर्यावरण और ग्रह की सुरक्षा के लिए भी जिम्मेदार है। ये फसलों के लिए मिट्टी को उर्वरक बनाने का काम भी करते है। संक्रमक बीमारियों की रोकथाम के लिए भी इनके अध्ययन की अहम भूमिका रहती है।

**माइक्रोबायोलॉजी :** सूक्ष्मजीव वे जीव हैं जिन्हे कोई भी इंसान नंगी आंखों से नहीं देख सकते हैं। जैसे कि बैक्टीरिया, वायरस और फंगी। असल में सूक्ष्म जीव विज्ञान जीव विज्ञान का वह अंग है जिसमें सूक्ष्मजीवों के व्यवहार, संरचना, इस्तेमाल और अस्तित्व का अध्ययन किया जाता है। इसके अलावा माइक्रो बायोलॉजी की बायो टेक्नॉलजी से जुड़ी हुई है। सूक्ष्म जीव विज्ञान के क्षेत्र एक्सपट्र्स बनने वाले व्यक्ति को माइक्रो बायोलॉजिस्ट कहा जाता है, जोकि प्रोफेशनल या साइंटिस्ट के रूप में कार्य करते है।

**योग्यता :** अगर कोई भी विद्यार्थी इस क्षेत्र में कदम रखना चाहता है, तो उसका स्कूली बैकग्राउंड बायोलॉजी का होना अनिवार्य है यानि कि उसने अपनी बारहवीं की परीक्षा फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी से पास की हो, उसके बाद आप किसी सरकारी या निजी संस्थान से माइक्रो बायोलॉजी या लाइफ साइंस जैसे विषयों में दाखिला ले सकते है। बहुत से विधार्थी माइक्रो बायोलॉजी में मास्टर्स डिग्री के बाद रिसर्च में कदम बढ़ाते है। इस क्षेत्र में आपके लिए बीएससी, एमएससी बीटेक एमएस स्तर के कोर्स भी उपलब्ध है।

**इन पदों पर कर सकते हैं काम :** अगर आपके पास माइक्रो बायोलॉजी से संबंधित किसी भी संस्थान से डिग्री या फिर मास्टर्स डिग्री है, तो आपके लिए देश के अलावा विदेशों मे भी जॉब के अच्छे अवसर रहते है ऐसे मे आप अपनी इच्छा से किसी भी पद पर रहकर अपना करियर बना सकते है।

**मेडिकल माइक्रो बायोलॉजिस्ट :** इस पद पर कार्य करने वाले विशेषज्ञ को शरीर में होने वाले संक्रमण और उनकी रोकथाम के उपायों की तलाश करते है। इसके अलावा ये नए रोगाणुओं कि जांच भी करते है।

**पब्लिक हेल्थ माइक्रो बायोलॉजिस्ट :** इस पद पर कार्य करने वाले विशेषज्ञ पानी एवं खाद्य पदार्थों की आपूर्ति के दौरान उसमे फैलने वाली बीमारियों का अध्ययन करते है, तथा उन पर समय रहते नियंत्रण करने के उपायों कि खोज करते है।

**एग्रीकल्चर माइक्रो बायोलॉजिस्ट :** इस पद पर कार्य करने वाले विशेषज्ञ फसलों कि सेहत सुधारने उन्हे हानिकारक कीटों से बचाने मिट्टी की गुणवत्ता देखकर उसके लिए उत्पादकता बढ़ाने इत्यादि जैसे कार्य करते है।

**माइक्रोबियल इकोलॉजिस्ट :** इस पद पर करने वाले विशेषज्ञ सूक्ष्म जीवों की उत्पत्ति एवं मिट्टी व पानी के रासायनिक चक्र के महत्व को समझते है डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने की जिम्मेदारी भी इन्ही के कंधों पर होती है।

**बायो मेडिकल साइंटिस्ट :** इसमे आपका ज्यादातर काम लेब से जुड़ा हुआ होता है इस पद पर कार्य करने वाले विशेषज्ञों का काम जीवों मे बीमारियों का अध्ययन करने व जविक सूचनाओ का सही प्रबंधन करते हुए उनके हानिकारक तत्त्वों को कम करते है

**जॉब के अवसर :** छात्रों के पास माइक्रोबायोलॉजी में करियर बनाने वालों के बहुत मौके होते है जिसमे वे अपना करियर शुरू कर सकते है। विद्यार्थी ग्रेजुएशन करने के बाद क्लीनिकल व डायगनोसिस लेबोरेटरी मे असिस्टन्स या रिसर्च असिस्टेंट में अपना करियर शुरू कर सकते है।

एनवायरमेंट माइक्रो बायोलॉजिस्ट रिसर्च असिस्टंट फूड

**क्षेत्र की चुनौतियां :** इस क्षेत्र मे करिअर बनाने वाले विशेषज्ञों को नीमीट रूप से रोजना अध्ययन करने कि आवश्यकता होती है आपको लेब सेट अप का अच्छा ज्ञान होना चाहिये हानिकारक का जीवाणुओ का प्रभाव रोकने पर्यावरण को दूषित होने से बचाने जैसे सरीखे कार्य चुनोती पूर्ण होते है जिसमे आपको खुद का ढालना पड़ता है ताकि आप इनके बारे मे अच्छे से जान सके और रिसर्च कर सके। इसके अलावा आपके अंदर कुछ नया खोजने के स्किल होनी चाहिए यानि कि आपका मस्तिसक किरएटिव होना चाहिए। छोटी छोटी चीजों को सही ढंग से परखने और किसी उद्देश्य तक पहुचने की स्किल रखने वालों की आज के समय मे बहुत ज्यादा डिमांड है क्योंकि दुनिया मे रोजना नई नई बीमारिया जन्म ले रही है जिनकी पहचान करना बेहद जरूरी होता है ताकि समय रहते उनका इलाज डौंढ़ा जा सके और दुनिया को एक भारी नुकसान से बचाया जा सके।

यही नहीं क्योंकि इस क्षेत्र के ज्यादातर कार्य लेबोरेटरी से जुड़े हुए है तो आपके अंदर घंटों घंटों लेबोरेटरी मे बैटकर कार्य करने के स्किल होनी चाहिए अगर आप जल्द ही बोरियत महसूस करने लगते हो यह करिअर आपके लिए नहीं है।

**सेलरी :** इस क्षेत्र मे करियर बनाने वालों के लिए देश और विदेशों मे जॉब की भरपूर संभावनए मौजूद है। जिसमे आपको सेलरी भी अच्छे मिलती है खासकर निजी क्षेत्र और बहुराष्टीय क्षेत्र कॉम्पनियों मे आपको अच्छा वेतन मिल सकता है।

अगर आप इस क्षेत्र मे मास्टर्स या पीजी डिप्लोमा कोर्स करने के बाद कदम बढ़ाते है , तो आपको किसी भी चिकित्सा क्षेत्र मे कम से कम 35 से 45 हजार रुपये प्रति महीना तक आसानी से मिल जाते है। इस क्षेत्र मे कुछ अनुभव होने के बाद , अगर आप किसी रिसर्च संस्थान से जुडते है तो आपकी यही सेलरी बढ़कर 70 से 80 हजार रुपये प्रति महिना तक चली जाती है।

## माइक्रोबायोलॉजी से जुड़े कुछ कोर्स

**अगर आप माइक्रोबायोलॉजी क्षेत्र में अपना करियर शुरू करना चाहते है तो आप अलग अलग स्तर के डिग्री डिप्लोमा कोर्सज कर सकते है।**

### बेचलर कोर्स

- फूड टेक्नोलॉजी में बैचलर ऑफ साइंस
- क्लीनिकल माइक्रोबायोलॉजी मे बैचलर ऑफ साइंस
- माइक्रोबायोलॉजी में बैचलर ऑफ साइंस
- अप्लाइड माइक्रोबायोलॉजी में बैचलर ऑफ साइंस
- मास्टर्स डिग्री
- माइक्रो बायोलॉजी मे मास्टर्स ऑफ साइंस
- अप्लाइड माइक्रो बायोलॉजी मे मास्टर्स ऑफ साइंस
- मेडिकल माइक्रो बायोलॉजी मे मास्टर्स ऑफ साइंस
- मैकरोबियाल जेनेटिक्स और बायोइंफॉर्मेटिक्स में बैचलर ऑफ साइंस

### स्पेसलाइजेशन कोर्स

- माइक्रो बियल
- वाटर माइक्रो बायोलॉजी
- वेटरिनरी माइक्रो बायोलॉजी
- जेनरेशन माइक्रो बायोलॉजी
- एनवायरमेन्टल माइक्रो बायोलॉजी
- नैनो माइक्रो बायोलॉजी
- सेलुलर माइक्रो बायोलॉजी
- एग्रीकल्चर माइक्रो बायोलॉजी
- फार्मा सूतिकल माइक्रो बायोलॉजी



## माइक्रो बायोलॉजी संबंधी देश के कुछ प्रमुख कॉलेज

- दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, वाराणसी
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़
- चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
- छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
- पटना विश्वविद्यालय, पटना, बिहार
- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय
- जिवाजी यूनिवर्सिटी, फैकल्टी ऑफ साइंसेज और फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज
- क्रिस्चन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर

# सिविल सेवा व एमबीए में क्या है अंतर




सिविल सर्विसेज में केवल बढ़िया वेतन, जॉब सिक्योरिटी ही नहीं होती बल्कि देश के प्रशासन में शीर्ष पर पहुँचने का भी अवसर मिलता है और सामाजिक प्रतिष्ठा भी मिलती है। सिविल सर्विसेज में आप अपने समाज अपने देश के लिए कुछ अच्छा कर सकते हैं। कभी सिविल सर्विस में जाना युवाओं का सपना होता था हर कोई इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता था, लेकिन समय के साथ अब इसमें बदलाव आया है अब लोग सिविल सर्विसेज की जगह प्राइवेट सेक्टर्स में जाना ज्यादा बेनिफिशियल समझते हैं, ऐसा नहीं है कि सिविल सर्विसेज का क्रेज लोगों में खत्म हो गया है लेकिन बढ़ते कॉम्पिटिशन और रिजल्ट की लेटलतीफी के कारण अब प्राइवेट सेक्टर्स में जाने को ज्यादा बेनिफिशियल समझा जाने लगा है खासकर मैनेजमेंट कोर्सेज लोगों को ज्यादा सेफ लगने लगे है आज हमारे देश में 20 आईआईएम कॉलेज है। CAT, XAT एवं CMAT की परीक्षाओं में भी उतनी ही संख्या में युवाओं की भीड़ होती है जितनी सिविल सेवाओं की परीक्षाओं में।

**सबसे ज्यादा मैनेजमेंट कॉलेजों वाला भारत दूसरा देश :** सर्वाधिक मैनेजमेंट कॉलेज अमेरिका में है लेकिन क्या आपको पता है कि भारत का स्थान दूसरा है मतलब हमारे देश में में अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा मैनेजमेंट कॉलेज है। वैसे तो सिविल सर्विसेज की अपनी ही एक प्रतिष्ठा है अपना एक अलग ही आकर्षण है लेकिन दोनों ही सेक्टर्स को अपनाने वालों की संख्या कम नहीं है सिविल सर्विसेज और मैनेजमेंट जॉब में आखिर क्या ऐसी खास बातें हैं जिससे यह लोगो को अपनी और आकर्षित करती हैं।

**सिविल सर्विस से देश के नीति निर्माण में सहयोग कर सकते है :** सिविल सर्विसेज में केवल बढ़िया वेतन, जॉब सिक्योरिटी ही नहीं होती बल्कि देश के प्रशासन में शीर्ष पर पहुँचने का भी अवसर मिलता है और सामाजिक प्रतिष्ठा भी मिलती है। सिविल सर्विसेज में आप अपने समाज अपने देश के लिए कुछ अच्छा कर सकते है। आये दिन आपको ऐसे सिविल ऑफिसर्स के बारें में सुनने को मिलता है जिन्होंने देश की भलाई के लिए बहुत से सुधार किये जैसे कि एक सिविल ऑफिसर के प्रयास से ही बंधुआ श्रम व्यवस्था (उन्मूलन) अधिनियम, 1976 जैसा कानून बना। हमारे देश से नक्सलवाद की समस्या को सुलझाने का प्रयास भी एक सिविल ऑफिसर के द्वारा ही किया गया इसी वजह से यह सेवा अभ्यर्थियों को काफी आकर्षित करती है।

**मैनेजमेंट कोर्सेज बनाते है मल्टीस्किल्स का मालिक :** हमारे देश में बहुत सारे इकोनॉमिक अप्स एंड डाउंस होने के बाद भी एम.बी.ए. एक पॉपुलर कोर्स है मैनेजमेंट कोर्सेज आपकी प्रेजेंटशन स्किल्स को बढ़ाते है। ह्यूमन रिसोर्सेज का सही से उपयोग करना सिखाते है। जॉब्स में एम.बी.ए. डिग्री-होल्डर को कई बार प्रेफरेंस दी जाती है।

**सिविल सेवा से हर क्षेत्र में कार्य करने का मिलता है अनुभव :** शायद ही ऐसी कोई फील्ड होगी जिसमे इतने ढेर सारे क्षेत्रों में कार्य करने का अवसर मिलता है सिविल ऑफिसर के रूप में आप एक साथ स्वास्थ्य, कृषि शिक्षा, प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विकास में योगदान कर सकते हैं जो किसी और सेक्टर की जॉब में सम्भव नहीं है।

**मैनेजमेंट कोर्सेज से दुनिया के किसी हिस्से में बना सकते है कॅरियर :** एम.बी.ए. करने के बाद आपको एक ग्लोबल एक्सपोजर मिलता है आप किसी भी देश में आसानी से जॉब पा सकते है अगर अपने किसी अच्छे मैनेजमेंट कॉलेज से अपना ग्रेजुएशन किया है तो आपको मल्टीनेशनल संस्थानों में मैनेजेरियल पोस्ट बहुत आसानी से मिल सकती है।

जहां एम.बी.ए. करने के बाद आपको हाई सैलरी, कॅरियर प्रोग्रेस, कॉर्पोरेट नेटवर्किंग के अवसर, क्राइसिस मैनेजमेंट करने के अवसर मिलते है तो वही सिविल सर्विसेज के माध्यम से आपको देश के नीति-निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का मौका मिलता है, उच्च सामाजिक प्रतिष्ठा मिलती है, प्रशासन में शीर्ष पर पहुँचने के अवसर, देश को आगे बढ़ाने के अवसर मिलते है यही वजह है कि दूसरे क्षेत्रों में सफल लोग भी इस सेवा के प्रति आकर्षित होते हैं। कुल मिलाकर दोनों ही क्षेत्रों में टैलेंट और कड़ी मेहनत के दम पर ही आप अच्छा काम कर सकते है।

# आईआईटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने विकसित की लागत प्रभावी कृषि-उत्पाद परिवहन प्रणाली

हल्की मोनोरेल प्रकार की परिवहन प्रणाली कृषि उपज को खेतों से खेत के पास संग्रह बिंदुओं तक ले जा सकती है। खेत की जमीन से सटे हुए स्टील के खंभे आसानी से बनाए जा सकते हैं, जिन पर मोनोरेल सिस्टम लगाया जाएगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी-मद्रास) के शोधकर्ताओं ने संयुक्त रूप से एक किसान गैर सरकारी संगठन, पोथु विवासयगल संगम के साथ मिलकर एक अद्वितीय, कुशल और लागत प्रभावी कृषि परिवहन विकसित किया है। यह प्रणाली श्रम की कमी को दूर करेगी, जो भारतीय किसानों के सामने एक प्रमुख मुद्दा है। हल्की मोनोरेल प्रकार की परिवहन प्रणाली कृषि उपज को खेतों से खेत के पास संग्रह बिंदुओं तक ले जा सकती है। 'खेत की जमीन से सटे हुए स्टील के खंभे आसानी से बनाए जा सकते हैं, जिन पर मोनोरेल सिस्टम लगाया जाएगा। इस रेल पर उपज ढोने के लिए ट्रालियां लगाई जानी हैं और वे आगे-पीछे चल सकती हैं। एक बार ऑपरेशन खत्म हो जाने के बाद इसे नष्ट किया जा सकता है और अन्य खेतों में ले जाया जा सकता है, आईआईटी-एम के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो शंकर कृष्णपिल्लई ने कहा। इस प्रणाली को केवल कवर की जाने वाली दूरी के आधार पर हल्के मोनोरेल इकाइयों को जोड़कर बढ़ाया जा सकता है। सिस्टम को संचालित करने के लिए केवल दो व्यक्तियों की आवश्यकता होती है। लोडिंग और अनलोडिंग पॉइंट पर एक-एक, प्रो कृष्णपिल्लई बताते हैं। सिस्टम को पेट्रोल इंजन द्वारा संचालित किया जा सकता है। सिस्टम को अधिक लागत प्रभावी और टिकाऊ बनाने के लिए शोधकर्ता भविष्य में सौर ऊर्जा का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। अनुसंधान दल और एनजीओ के सदस्यों ने इस प्रोटोटाइप मोनोरेल-आधारित केबलवे प्रणाली का तमिलनाडु के करूर जिले के नानजई थोट्टाकुरिची गांव के एक खेत में सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। कार्यबल की कमी भारतीय कृषि प्रणाली को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों में से एक है, विशेष रूप से कटाई के बाद की अवधि के दौरान, जब कृषि-उत्पादों, जैसे गन्ना, केला, या धान को खेत से पास के संग्रह बिंदु तक ले जाने के लिए महत्वपूर्ण मानव संसाधनों की आवश्यकता होती है। आर्द्रभूमि वाले खेतों में समस्या और भी विकट हो जाती है, क्योंकि मजदूरों को भारी बोझ वाली दलदली भूमि पर चलना मुश्किल हो जाता है। रोजगार की तलाश में कृषि क्षेत्रों से आसपास के शहरों और कस्बों में श्रमिकों के प्रवास सहित कई कारणों से भविष्य में कृषि कार्यों में कार्यबल की कमी बढ़ेगी। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट-हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीएचईटी), लुधियाना ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख कृषि उत्पादों की फसल और कटाई के बाद के नुकसान का वार्षिक मूल्य रुपये के आदेश का अनुमान लगाया है। 92,651 करोड़, 2014 थोक मूल्यों पर 2012-13 के उत्पादन डेटा का उपयोग करके गणना की गई। अनाज, दलहन, तिलहन, फल ??और सब्जियों के मामले में यह नुकसान 4-65% से 15.88% के बीच है। नव विकसित मोनोरेल-आधारित प्रणाली कटाई के चरण में इसे नीचे लाने में मदद कर सकती है।

# पर्सनैलिटी में इस तरह लायें निखार, कॅरियर में होगी ग्रोथ



कपड़े बिना बोले ही हमारी पर्सनैलिटी के बारे में काफी कुछ कह जाते हैं। इसलिए, जब भी आप तैयार होते हैं तो ओकेजन को ध्यान में रखकर रेडी हो। हमेशा सही तरह से ड्रेसअप होने से एक कॉन्फिडेंस आता है, जो आपके व्यक्तित्व में निखार लाता है। हम सभी अपने जीवन में तरक्की करना चाहते हैं और इसके लिए एक अच्छी जॉब पाने की हसरत हम सभी के मन में होती है। लेकिन एक अच्छी जॉब पाने के लिए सिर्फ आपकी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन या फिर वर्क एक्सपीरियंस ही महत्वपूर्ण नहीं है। बल्कि आपकी पर्सनैलिटी का भी एक गहरा प्रभाव पड़ता है। आप खुद को किस तरह कैरी करते हैं, उसका इंप्रेशन आपकी जॉब अपॉइटमेंट से लेकर ग्रोथ तक पड़ता है। ऐसे में अगर आप भी अपनी पर्सनैलिटी में निखार लाना चाहते हैं तो आप इन आसान टिप्स की मदद ले सकते हैं।

**कपड़ों पर दें ध्यान :** कपड़े बिना बोले ही हमारी पर्सनैलिटी के बारे में काफी कुछ कह जाते हैं। इसलिए, जब भी आप तैयार होते हैं तो ओकेजन को ध्यान में रखकर रेडी हो। हमेशा सही तरह से ड्रेसअप होने से एक कॉन्फिडेंस आता है, जो आपके व्यक्तित्व में निखार लाता है। बॉडी पर बहुत अधिक टैटू, पियर्सिंग या भड़कीले कलर आपको अनप्रोफेशनल दिखा सकते हैं।

**अपनी बॉडी लैंग्वेज पर काम करें :** बॉडी लैंग्वेज आपके व्यक्तित्व के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी आपके ओरल कॅम्युनिकेशन स्किल्स। यह आपके बारे में बहुत कुछ बताता है और लोगों को आपके बारे में सटीक अनुमान लगाने में मदद करता है। आपके चलने, बैठने, बात करने या खाने के तरीके सहित सब कुछ आपके आस-पास के लोगों पर प्रभाव डालता है। सही बॉडी लैंग्वेज होने से आपके व्यक्तित्व में निखार आता है। हमेशा सीधा चलने की कोशिश करें और बोलते समय हमेशा आंखों का संपर्क बनाएं।

**विनम्र रहें :** जब बात पर्सनैलिटी की होती है, तो आपका व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण बिन्दु है, जिस पर आपको ध्यान देना चाहिए। मसलन, हमेशा विनम्र रहें और सभी का मुस्कान के साथ अभिवादन करें। अपने साथियों की मदद करने में कभी भी संकोच न करें। इससे आपकी पर्सनालिटी में भी आत्मविश्वास आएगा। अपने जूनियर्स और सीनियर्स के लिए समान रूप से विनम्र और जमीन से जुड़े रहें।

**एक अच्छे श्रोता बनें :** जब कोई आपसे बात करे तो दिलचस्पी से सुनें और उन्हें पूरा ध्यान और महत्व दें। इस दौरान आई कॉन्टैक्ट बनाए रखें, ताकि सामने वाले व्यक्ति को यह महसूस हो कि आप उसे ध्यान से सुन रहे हैं। साथ ही, लोगों के बारे में बेहतर तरीके से जानने और उनसे बेहतर तरीके से जुड़ने में आपकी मदद करेगा।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों को आज कोई मुश्किल काम सौंपा जा सकता है, जिसे पूरा करने के लिए जोश से काम करेंगे परंतु मन मुताबिक सफलता नहीं मिलेगी।

**वृष राशि :** भवृष राशि के जातकों का कार्यक्षेत्र में दृष्टिकोण संकुचित रहेगा। जोखिम लेने से डरेंगे और सुरक्षात्मक रूप से काम को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों में अपने काम को पूरा करने का जुनून रहेगा। कामकाज को विस्तार देना चाहेंगे लेकिन यह समय इस विस्तार के लिए उपयुक्त नहीं है।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातक के कामकाज में कमियां निकाली जा सकती है और उसकी वजह से आपके विरुद्ध कोई कंप्लेन भी हो सकती है।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातक नियम कायदे को ध्यान में रखते हुए काम करना पसंद करेंगे। अज्ञानता का अंधेरा दूर करने के लिए ज्ञान प्राप्ति की जरूरत हुई तो उसे भी प्राप्त करेंगे।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातक को कार्यक्षेत्र में फालतू के विवाद से बचना चाहिए। चीजों को खोने का डर बना रहेगा। शांत मन से काम करना लाभदायक रहेगा।

**तुला राशि :** तुला राशि के जातक साहसिक निर्णय लेते हुए कार्यक्षेत्र को विस्तारित करने में कामयाब रहेंगे। आपके कलात्मक कार्य को बहुत सराहा जाएगा।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों को बातचीत में संयम बनाए रखना है। जल्दबाजी में दी हुई प्रतिक्रिया दूसरों के मन को घायल कर सकती है।

**धनु राशि :** धनु राशि के जातक कार्यक्षेत्र की परिस्थितियों को डिप्लोमेटिकली हैंडल करने का प्रयास करेंगे। स्वयं पर ध्यान ना देकर दूसरों पर आपका ध्यान ज्यादा रहेगा।

**मकर राशि :** मकर राशि के जातक आज मानसिक अस्थिरता महसूस करेंगे। किसी भी चीज पर फोकस करना मुश्किल होगा। आध्यात्मिकता की तरफ ध्यान बढ़ेगा और दूसरों के साथ ज्यादा व्यवहार ना करके एकांत में रहना पसंद करेंगे।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातकों के लिए बहुत अच्छा समय है, वाकचातुर्यता लाभ देगी। दूसरों के प्रति आपका दृष्टिकोण सौहार्दपूर्ण रहेगा। सामाजिक रिश्ते मजबूत बनाने पर जोर देंगे।

**मीन राशि :** मीन राशि के जातकों के मन में क्रिएटिव आइडिया चलते रहेंगे। पुरातन चीजों में आपका शौक बढ़ेगा और बहुत ज्यादा दूसरों के साथ बातचीत में पड़ने की बजाय एकांत में रहना पसंद करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# असम-मेघालय सीमा पर गोलीबारी में छह लोगों की मौत, सात जिलों में इंटरनेट बंद

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्ट कार्बी आंगलोग जिले में असम-मेघालय सीमा पर अवैध लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक को मंगलवार तड़के पुलिस द्वारा रोकने के बाद भड़की हिंसा में एक वन कर्मी सहित छह लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इस घटना के बाद असम पुलिस ने कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए मेघालय की सीमा से लगते सभी जिलों में सतर्कता बढ़ा दी है। सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गयी हैं। वेस्ट कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक इमदाद अली ने बताया कि ट्रक को मेघालय सीमा पर असम वन विभाग के एक दल ने तड़के करीब तीन बजे मुकरु इलाके में रोका। वह अवैध रूप से लकड़ियां लेकर वेस्ट जयंतिया हिल्स जिले में जा रहा था। उन्होंने बताया कि ट्रक के न रुकने पर वन विभाग के कर्मियों ने उस पर गोलियां चलायी और उसका टायर पंचर कर दिया। उन्होंने बताया कि चालक, उसका एक सहायक और एक अन्य व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति वहां से भाग निकला। अली ने बताया कि वन विभाग के कर्मियों ने घटना की जानकारी जिरिकेंडिंग थाने के अधिकारियों को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि इसके बाद सुबह करीब पांच बजे मौके पर खंजर तथा अन्य हथियार लेकर मेघालय के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी और गिरफ्तार किये लोगों की रिहाई की मांग करने लगी। भीड़ ने वन विभाग के कर्मियों और पुलिस को घेर लिया तथा उन पर हमला किया जिसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों को गोलियां चलानी पड़ी।



## खासी समुदाय के तीन लोगों की मौत

**घटना** में वन विभाग के एक होमगार्ड और खासी समुदाय के तीन लोगों की मौत हो गई। स्थिति अब नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि जिले के शीर्ष अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। वनकर्मी विद्यासिंग लेखटे की मौत कैसे हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस बीच, यहां एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मेघालय की सीमा से लगते सभी जिलों को सतर्क कर दिया गया है और वहां पुलिस को चौकन्ना रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि मेघालय सीमा पर जिलों के सभी पुलिस अधीक्षकों को कानून एवं व्यवस्था की किसी भी संभावित स्थिति पर करीबी नजर रखने के लिए कहा गया है लेकिन राज्यों के बीच वाहनों या लोगों के आने-जाने पर कोई पाबंदी नहीं है। असम और मेघालय के बीच 884 .9 किलोमीटर लंबी अंतर-राज्यीय सीमा के 12 इलाकों में लंबे समय से विवाद चल रहा है।

# हर 11 मिनट में एक महिला की कर दी जाती है हत्या : गुतारेस




**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि हर 11 मिनट में एक महिला या लड़की की उसके करीबी साथी या परिवार के सदस्य द्वारा हत्या कर दी जाती है। गुतारेस ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा दुनिया में सबसे बड़ा मानवाधिकार उल्लंघन है और उन्होंने सरकारों से इस समस्या से निपटने के लिए राष्ट्रीय कार्रवाई योजना लागू करने का आह्वान किया। महासचिव ने 25 नवम्बर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा का उन्मूलन संबंधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस से पहले ये टिप्पणियां कीं। गुतारेस ने कहा कि दुनिया में महिलाओं तथा लड़कियों के खिलाफ हिंसा सबसे बड़ा मानवाधिकार उल्लंघन है। हर 11 मिनट में एक महिला या लड़की की उसके करीबी साथी या परिवार के सदस्य द्वारा हत्या कर दी जाती है तथा हम जानते हैं कि कोविड-19 महामारी से लेकर आर्थिक उथल-पुथल तक अन्य दबाव भी निस्संदेह और शारीरिक तथा मौखिक दुर्व्यवहार का कारण बनते हैं। गुतारेस की टिप्पणियां हाल में भारत में श्रद्धा वालकर के हत्या मामले की पृष्ठभूमि में आयी हैं जिसने सभी को हैरत में डाल दिया है। गुतारेस ने कहा कि आधी आबादी को निशाना बनानेवाले इस भेदभाव, हिंसा और दुर्व्यवहार की भारी कीमत चुकानी पड़ती है। यह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं तथा लड़कियों की भागीदारी को सीमित कर देता है, उनके मूल अधिकार तथा आजादी छीन लेता है तथा समान आर्थिक वृद्धि को रोक देता है।

# न्यूज गैलरी

## टॉयलेट पेपर से युवाओं की खुदकुशी रोकने की कोशिश

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान में युवाओं को आत्महत्या करने से रोकने के लिए अधिकारी एक अनोखा तरीका आजमा रहे हैं। इस अभियान के लिए टॉयलेट पेपर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मध्य जापान के अधिकारियों ने देश के युवाओं को आत्महत्या करने से रोकने के लिए एक नये और अनोखे तरीके का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। टॉयलेट पेपर पर उदास और अवसाद पीड़ित युवाओं के लिए अलग-अलग तरह के संदेश छपे होते हैं। ये संदेश ऐसे युवाओं के लिए होते हैं जो अपनी जान लेने पर तुले होते हैं। इन टॉयलेट पेपर पर लिखा होता, 'प्रिय आप, कौन होगा जो अपना जीवन समाप्त करना चाहेगा।' जापान में आत्महत्या एक लंबे समय से चली आ रही समस्या है और कई देशों की तरह देश में महामारी के दौरान आत्महत्या से होनेवाली मौतों में वृद्धि देखी गयी। जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 2020 में प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूल स्तर के छात्रों में आत्महत्या की दर ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 2020 में 499 ऐसी मौतें दर्ज की गयीं।

## गुजरात चुनाव में पत्नी रिवाबा की मेहनत देख छलका जडेजा का प्यार

**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और आप दोनों आमने-सामने है। वहीं, इस बार गुजरात की जामनगर नॉर्थ विधानसभा सीट काफी सुर्खियों में है। दरअसल, इस सीट से बीजेपी ने स्टार क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा को टिकट दिया है। वहीं, रिवाबा भी लगातार प्रचार अभियान में जुटी हुई है। इतना ही नहीं रिवाबा को उनके पति से भी काफी समर्थन मिल रहा है। रिवाबा ने हाल ही में अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया जहां रिवाबा के साथ उनके पति क्रिकेटर रवींद्र जडेजा भी मौजूद रहे। चुनाव प्रचार के दौरान भी रवींद्र जडेजा अपनी पत्नी का खास ख्याल रखते दिखाई। इसके बारे में रिवाबा ने एक इंटरव्यू में भी खुलासा किया। दरअसल, रिवाबा ने एक वेबसाइट से बात करते हुए कहा कि इन दिनों बिना लेसवाले स्नीकर्स पहन चुनाव प्रचार कर रही है। क्योंकि, मंदिरों या सभा स्थल पर जाने पर जूते उतारने में कठिनाई हो रही थी, ऐसे में उन्होंने जब अपने पति से रवींद्र जडेजा से कहा कि मेरे पास चप्पल खरीदने का समय भी नहीं है तो उन्होंने मेरे पैर का साइज पूछा और मुझे एक जोड़ी चप्पल भेज दी। यह उनका बिल्कुल नया पक्ष है। वह मुझे कितना समर्थन दे रहे हैं। इसके साथ ही रिवाबा ने कहा कि हम पार्टी के निर्देश और कार्यक्रम के अनुसार अलग-अलग जगहों पर जायेंगे और लोगों से हम मिलना चाहते हैं, उनकी तरफ से वो मेहनत कर रहे हैं।

# चीन में एक संयंत्र में आग लगने से 38 लोगों की मौत, दो अन्य घायल



**बीजिंग (एजेंसी)।** मध्य चीन में एक कंपनी के संयंत्र में भीषण आग लगने से 38 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शहर के सूचना विभाग के अनुसार, हेनान प्रांत के आन्यांग शहर के वेनफेंग जिले में एक वाणिज्य एवं व्यापार कंपनी के संयंत्र में सोमवार को आग लग गई थी, जिसे बुझाने में दमकलकर्मियों को चार घंटे से अधिक समय लगा। आग पर रात करीब 11 बजे काबू पाया गया। सरकारी चैनल की खबर के अनुसार, घटना में 38 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। चीन में बढ़ती प्रतिस्पर्धा और भ्रष्टाचार के कारण सुरक्षा संबंधी उपायों में कोताही बरते जाने से औद्योगिक इकाइयों में आग लगने की घटनाएं काफी आम हो गई हैं। वर्ष 2015 में उत्तरी बंदरगाह शहर तिआंजिन में एक रासायनिक गोदाम में हुए भीषण विस्फोट में 170 से अधिक लोग मारे गए थे, जबकि 700 अन्य घायल हुए थे।

# इंडोनेशिया में भूकंप से मरनेवालों की संख्या 252 पहुंची, 31 लापता

**जकार्ता (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में सोमवार को आये भूकंप में मरनेवालों की संख्या 252 पहुंच गयी है जबकि 31 लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि भूकंप से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं थीं और लोगों को अपनी जान बचाने के लिए सड़कों और गलियों में खड़े होना पड़ा। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने कहा कि 5.6 तीव्रता का भूकंप पश्चिम जावा प्रांत के सियांजुर क्षेत्र में 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई में केंद्रित था। भूकंप से दर्जनों इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं और अपनी जान बचाने के लिए सड़कों और गलियों में भाग रहे लोगों में से कई घायल और खून से लथपथ नजर आये। वहां मंगलवार को भी बचाव व राहत अभियान जारी रहा।

## पीएम मोदी ने जताया दुख



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया में भूकंप से हुई मौतों पर मंगलवार को शोक जताया और कहा कि दुख की इस घड़ी में भारत वहां के लोगों के साथ खड़ा है। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा में सोमवार को आये भीषण भूकंप और उसके बाद आये झटकों के कारण कई मकान गिर गये हैं। भूकंप की घटना में कम से कम 252 लोगों की मौत हुई है, जबकि सैकड़ों अन्य घायल हुए हैं।

# बांदीपोरा में हथियार के साथ दो आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबलों ने बांदीपोरा में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों को हथियारों समेत गिरफ्तार किया। उन्हें हाजिन क्षेत्र से पकड़ा गया है। इन आतंकियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया हैं। इन दोनों आतंकियों को हाजिन बांदीपोरा पुलिस को सौंप दिया गया है। इनके पास से एक एके-47 राइफल, एक एके-56 राइफल, चार मैगजीन, तीन किलो आरडीएक्स, एक आईईडी फ्यूज, छह डेटोनेटर, दो बैट्री, दो मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। इन आतंकियों से जम्मू-कश्मीर पुलिस पूछताछ कर रही है।

## इजरायली सैन्य खुफिया प्रमुख का दावा

# फीफा वर्ल्ड कप पर हमले की फिराक में था ईरान

**कतर (एजेंसी)।** कतर में चल रहे फीफा वर्ल्ड कप पर ईरान हमले की फिराक में था। इस हमले के जरिये वह फुटबॉल वर्ल्ड कप के आयोजन को खराब करना चाहता था। यह दावा किया है इजरायली डिफेंस फोर्स के सैन्य खुफिया प्रमुख ने। येरुशलम पोस्ट ने इस बात की जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, तेल अवीव में राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान (आईएनएसएस) के एक सम्मेलन में मेजर जनरल अहरोन हलीवा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ईरान को आतंकी हमले से रोकने वाली केवल यह चिंता थी कि मेजबान देश कतर की प्रतिक्रिया इस पर क्या होगी।

**ईरान भी ले रहा है हिस्सा :** गौरतलब है कि कतर में फुटबॉल वर्ल्ड कप की शुरुआत बीते रविवार से हुई है। यह टूर्नामेंट 19 दिसम्बर को खेला जायेगा। ईरान इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे 32 देशों में शामिल है। सोमवार को ईरान की टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले से पहले राष्ट्रगान नहीं गाया था। बता दें कि ईरान में लंबे समय से हिजाब को लेकर प्रोटेस्ट चल रहा है। ईरान के खिलाड़ियों ने इस विरोध प्रदर्शन के पक्ष में राष्ट्रगान नहीं गाया था।



## सत्ता को लेकर चिंतित थी सरकार

**येरुशलम** पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक मेजर जनरल अहरोन हलीवा ने कहा कि ईरानी सरकार सत्ता को लेकर चिंतित था। हिजाब के ऊपर देश में लगातार बढ़ते प्रदर्शनों के साथ-साथ उसे पश्चिमी देशों के प्रतिबंध का भी सामना करना पड़ रहा है।

# सांसों में घुल रहा जहर, वायु प्रदूषण से फेफड़ों का कैंसर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश में धूमपान नहीं करनेवाले लोगों में तंबाकू का सेवन करनेवाले लोगों की तुलना में वायु प्रदूषण के कारण फेंफड़ों के कैंसर की मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है और इनमें 30 प्रतिशत महिलाएं हैं। निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवा प्रदाता मेदांता के अध्ययन के अनुसार देश में पुरुषों और महिलाओं दोनों में फेफड़ों के कैंसर में वृद्धि हो रही है। पुरुषों में प्रसार और मृत्युदर के मामले में यह पहले से ही प्रथम स्थान पर कैंसर है, जबकि महिलाओं में यह पिछले आठ सालों में सातवें स्थान से उछलकर तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अध्ययन में कहा गया कि लगभग 50 प्रतिशत मरीज धूम्रपान नहीं करते थे। इनमें 70 प्रतिशत मरीज 50 साल से कम उम्र के थे और 30 साल से कम उम्र के 100 प्रतिशत मरीज धूम्रपान नहीं करते थे। फेफड़ों के कैंसर के मामले महिलाओं में बढ़ते हुए पाये गये, जो मरीजों के कुल संख्या के 30 प्रतिशत थीं और ये सभी धूम्रपान नहीं करती थीं। अध्ययन में कहा गया है कि लगभग 20 प्रतिशत मरीजों की उम्र 50 साल से कम पायी गयी है। भारतीयों में फेफड़ों का कैंसर पश्चिमी देशों के मुकाबले लगभग एक दशक पहले विकसित हो गया। लगभग 10 प्रतिशत मरीज 40 साल से कम उम्र के थे, जिनमें 2.6 प्रतिशत की उम्र 20 साल के आस-पास है। मेदांता में इंस्टीट्यूट ऑफ चेस्ट सर्जरी, चेस्ट ऑन्को सर्जरी एवं लंग ट्रांसप्लांटेशन के अध्यक्ष डॉ. अरविंद कुमार ने और उनके दल ने एक दशक में इलाज कराने वाले 300 से ज्यादा फेफड़ों के कैंसर वाले मरीजों का विश्लेषण साझा किया और इसे मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जारी किया। डॉ. कुमार ने कहा कि लगभग 30 प्रतिशत मामलों में मरीज की स्थिति को प्रारंभ में भ्रमित होकर ट्यूबरकुलोसिस-टीबी मान लिया गया और महीनों तक उसका इलाज किया गया, जिससे सही निदान और इलाज में विलंब हो गया। इस अध्ययन में 304 मरीजों का विश्लेषण किया गया। क्लिनिक में पहुंचने पर उम्र, लिंग, धूम्रपान की स्थिति, निदान के समय बीमारी के चरण और फेफड़ों के कैंसर का प्रकार दर्ज किया गया। डॉ. कुमार ने कहा कि अध्ययन में सामने आया कि आगामी दशक में महिलाओं में धूम्रपान नहीं करनेवाले कम उम्र के फेफड़ों के कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना है। देश में वायु प्रदूषण की स्थिति बिगड़ रही है।

## तंबाकू-सिगरेट से भी ज्यादा खतरनाक खराब हवा





## न्यूज गैलरी

### रिम्स में इलाजरत प्रतिमा देवी व राजेश साहू से मिले हरिनाथ साहू



कांके। कुडू प्रखंड के लक्ष्मी नगर गुरु में पिछले दिनों किसी अज्ञात अपराधी के द्वारा 30 वर्षीय विकास साहू को गोली मारकर निर्मम हत्या कर दिया गया एवं उनकी पत्नी प्रतिमा देवी, चाचा राजेश साहू को भी गोली एवं चाकू मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया था। वर्तमान में रांची के रिम्स में जिंदगी और मौत से दोनों जूझ रहे हैं। हत्यारा अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है। आरती एसएम के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रिम्स प्रबंधक से फोन पर बात कर उनके बेहतर देख-रेख के साथ इलाज के विषय पर बात किए। प्रतिनिधिमंडल में आरटीएसएम के महानगर अध्यक्ष पंकज कश्यप, महानगर प्रभारी हजारी प्रसाद मोदी, रांची ग्रामीण के प्रभारी कुंज बिहारी लाल,कांके के जिला परिषद सदस्य किरण देवी, होचर के उप मुखिया जितेंद्र साहू,रांची जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर धनेश्वर साहू, मंत्री कपिल साहू, गुड्डू जी एवं यशवंत कुमार शामिल हुए।

### आजसू की सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज कांके इकाई का पूनर्गठन



रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज इकाई का पूनर्गठन किया गया। इकाई गठन प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज वर्मा, सचिव ओम वर्मा, रांची विश्वविद्यालय के वरीय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, रांची विश्वविद्यालय के महासचिव राजकिशोर महतो और पूर्व अध्यक्ष दीपक दुबे के नेतृत्व में हुआ। इकाई गठन के में निम्नलिखित लोगों को जिम्मेदारी दी गई : प्रभारी : दीपक दुबे, अध्यक्ष : चंदन कुमार चंद्रवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष : करण कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष: विष्णु मुंडा, आदर्श सिंह, गांधी टाना भगत, उपाध्यक्ष: अंकित कुमार सिंह, शिवम कुमार, सीमा रॉय, महताब अंसारी, महासचिव: शुभम पांडे, कोषाध्यक्ष: शाह अफसर, सह कोषाध्यक्ष: विकाश कुमार, आदित्य सिंह, संयुक्त सचिव : अंकित मिश्रा, सोशल मीडिया प्रभारी: वेंकटेश्वर पांडे, सदस्य : साहिल अंसारी, राहुल कुमार आदि शामिल हैं। पदभार ग्रहण के उपरांत मनोनित पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य एवम शिक्षकगण से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### डीपीएस में श्री अरविंद पर आधारित वृत्तचित्र 'नया जन्म' का प्रदर्शन किया गया



रांची। को स्थानिय दिल्ली पब्लिक स्कूल में श्री अरविंद सोसाइटी द्वारा निर्मित श्री अरविंद पर आधारित वृत्तचित्र 'नया जन्म' का प्रदर्शन किया गया। श्री अरविंद की 150वीं जयंती के शुभ अवसर पर श्री अरविंद सोसाइटी और कोलकाता सुकृति फाउंडेशन ने श्री अरविंद पर एक वृत्तचित्र फिल्म तैयार की है। यह अग्रणी स्वतंत्रता आंदोलन के नेता को चित्रित करता है और 1908 से 1909 की अवधि के आसपास घूमता है जब श्री अरविन्द अलीपुर जेल कोलकाता में थे, हिंदी में नया जन्म शीर्षक वाली यह फिल्म 54 मिनट लंबी है या विभिन्न रूपों का उपयोग करता है और अभिजीत दास गुप्ता द्वारा निर्देशित है जो सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्रों के लिए 30 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं, यह फिल्म ऐतिहासिक घटनाओं के वास्तविक स्थानों को दर्शाता है जो कि श्री अरविंद के लेखन सहित मूल दस्तावेजों का उल्लेख करते हैं, यह फिल्म देखने लायक है जो सभी के मन में अच्छा एवं स्थाई प्रभाव छोड़ेगी। आज दिल्ली पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 के 250 बच्चे एवं शिक्षकों ने देखा और प्रेरित हुए, सोसाइटी के श्री आलोक तुलस्यान जी ने बताया की स्कूलों की पढ़ाई के साथ साथ सभी को अपने देश के बारे में भी विचार करना चाहिए एवं अपने अंदर एक ट्रांसफर्मेशन लाना चाहिए, एवं उन्होंने बताया की सरकार द्वारा मान्यता दी गई। इस फिल्म को राज्य के अधिक से अधिक स्कूलों में प्रदर्शन करने की चेष्टा करेंगे।

# ट्रस्ट ने की निर्धन कन्या के विवाह के लिए सहायता




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गरीबों के मसीहा संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिष्ट्) दिल्ली शाखा रांची शहर कीं जानीं मानी समाजिक संस्था है। इस संस्था के द्वारा समय-समय पर निर्धन, असहाय, जरूरतमंदों के बीच सेवा के कार्य किए जाते रहते हैं। इसी क्रम में मंगलवार को निर्धन कन्या के विवाह के लिए सहायता प्रदान की गई। कन्या अनामिका कुमारी माता जयन्ती देवी पिता मिथिलेश कुमार न्यु एजी कालोनी, कडरू, रांची के निवासी हैं। कन्या के पिता ने संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव से समपर्क करके उनसे अपनी कन्या के विवाह के लिए सहायता प्रदान करनें का आग्रह किया। कन्या की पिता के आग्रह पर संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव ने संस्था के सदस्यों की बैठक बुलाई और सदस्यों से निर्धन कन्या के विवाह के लिए सहायता प्रदान करने का आग्रह किया, जिसे संस्था के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। संस्था ने कन्या की माता को संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी एवं विष्णु सोनी के द्वारा निर्धन कन्या की माता को कन्या के विवाह के लिए संस्था ने लगभग कन्या को 11000/ रुपये का समान का सहयोग दिया गया। जिसमें 1 पीस साड़ी, दुल्हन की साड़ी का जोड़ा, कम्बल, मच्छरदानी, तौलिया, दुल्हे के सुट का कपड़ा, दुल्हे की शादी का कुरता पैजामा, गठजोड़ा, चांदी की पायल, बिछीया एवं चांदी का मंगलसुत्र गले का सेट और सिंगार का समान भेट स्वरूप दिये गये। उपहार का समान मिलने से कन्या के माता पिता बहुत ही खुश हुये और संस्था के सदस्यों को बहुत आशीर्वाद दिया। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

# श्रीमद् भागवत कथा के शुभ अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्रीमद् भागवत कथा के शुभ अवसर पर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए। कलश शोभायात्रा नोर्थ लक्ष्मीनगर (श्रीमद् भागवत कथा स्थल) से विश्वनाथ शिव मंदिर पिस्कामोड़ तक निकाली गई। इस कलश शोभायात्रा के स्वागत के लिए वार्ड नंबर 32 के भावी प्रत्याशी प्रसिद्ध समाजसेवी इंदु भूषण गुप्ता की ओर से आज सेवा शिविर का आयोजन पिस्कामोड़ विश्वनाथ शिव मंदिर में किया गया एवं भक्तों के बीच प्रसाद, फल, पुष्प, अंगवस्त्र, जल आदि वितरण की गई। इस मौके पर श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य कथा वाचक अंचित्य चक्र दास,विश्वनाथ शिव मंदिर के संस्थापक शैलेश्वर दयाल सिंह,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, रांची जिला विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष संतोष कुमार, रंजीत प्रभु आदि अतिथि के रूप में मौजूद थे। सेवा शिविर को सफल बनाने में राम लखन साहू, गुड्डू शाहा, सुबोध कुमार शर्मा, अनिल कुमार चौधरी, रणु देवी, सावित्री देवी, सुनीता देवी, देवनंदन कुमार साहू, श्रीगोविंद दास, पंकज लाल, ओमप्रकाश वर्णवाल, कलावती देवी, श्रीरामचंद्र दास, सूर्यभूषण गुप्ता, कांति देवी, अनिल कुमार वैश्य, राम रतन शर्मा, बालेश्वर राणा, रामजतन शर्मा ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बजरंग बली की जय-जयकारों से श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 25 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का संगीतमय पाठ का भव्य आयोजन हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली श्री हनुमान जी महाराज की पावन अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, सेवफल अनारफल का भोग अर्पित कर केसर इत्र चढ़ाया। मंदिर के आचार्य संजय ने ज्योति पूजन श्री नारनौली से विधि विधान से करवाया। इस अवसर पर मधुश्री ने प्रसाद व फल श्रवण ने चना गुड़ प्रसाद, प्रवीन मंगल ने घी, संतोष पोद्दार ने गिरी गोला कीसेवा निवेदित की। मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रम भक्तजनों के सहयोग से किए जाते हैं। प्रसिद्ध पाठ वाचक श्री मनीष सारस्वत ओम शर्मा व अन्य ने सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। बजरंग बली की जय जयकारों से श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। श्री हनुमान चालीसा से आयोजन का प्रारंभ हुआ। सैकड़ों भक्तों ने उल्लास एवं भक्ति के साथ पाठ किया । पुनः श्री हनुमान चालीसा पाठ करके श्री हनुमान जी की महाआरती करके भगतजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण गौरव अग्रवाल, मोनू, अनिल नारनौल, पंकज गाड़ोदिया, कमल लोहिया, संजय सर्राफ, अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार ने व्यवस्था तथा प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

# गणित के प्रति रुचि जगाने के लिए शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीबीएसई के निर्देश पर करियर बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत जेवीएम श्यामली में मंगलवार को प्रारंभिक गणितीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों को बच्चों में गणित के प्रति रुचि जगाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि श्री कृष्णा ग्रुप ऑफ एजुकेशन भिलाई के शिक्षा अधिकारी आरएस पांडेय और वीएस कल्पना ने गणित के आगमन विधि, निगमन विधि, विश्लेषण विधि, संश्लेषण विधि, प्रयोगशाला विधि, अनुसंधान विधि, सहित खेल-खेल में गणित सीखना, कहानियों के द्वारा गणित शिक्षण आदि क्रियाकलापों के बारे में जानकारी दी। बताया कि इन विधियों को अपनाकर बच्चों में गणितीय अभिरुचि उत्पन्न की जा सकती है। पांच घंटे की कार्यशाला में रांची के विभिन्न स्कूलों के 30 शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

प्राचार्य समरजीत जाना ने कहा कि जिस ढंग से शिक्षक, शिक्षार्थी को ज्ञान प्रदान करते हैं, उसका प्रभाव व्यापक होता है। आज के संदर्भ में बच्चों के मन से मैथ्स फोबिया को दूर करने की आवश्यकता है।


**Office of the Nagar Parishad, Lohardaga**

**E-Procurement Notice**
**NIT No: RFP/LNP/09/2022-23**
**Corrigendum**
**{PR 280209 Lohardaga 22-23 (D)}**

| Si No. | Particulars | Date | Corrigendum Date |
|---|---|---|---|
| 1 | End Date of online Bid Submission | 21-11-2022 at 05:00 PM | 23-11-2022 at 05:00 PM |
| 2 | End Date for Submission of tender fee and earnest money (Hard Copy) | 22-11-2022 up to 03:00 PM | 24-11-2022 up to 03:00 PM |
| 3 | Date of Bid Opening (Online) | 22.11.2022 up to 04:30 PM | 24.11.2022 up to 04:30 PM |

*Note:- Only e-Tenders will be accepted.*
*Further details can be seen on website*
*http://jharkhandtenders.gov.in*

Excutive Officer
Nagar parishad Lohardaga

PR 283061 (Lohardaga)22-23*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

पत्रांक......................../ हुसैनाबाद, दिनांक ......................../

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –**WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-20/2022-23** जिसका **PR No.-280772( Water Resource) (22-23) D** है, के निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्न रूप से संशोधित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08.12.2022 (2:00 PM) |
| 2 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2022 (5:00 PM तक) |
| 3 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.12.2022 (3:00 PM तक) |
| 4 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.12.2022 (12:30 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR.NO.283003 Water Resource(22-23):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/07/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत हरहे एवं चटकमान के बीच हाथु नदी पर पुल निर्माण। | 3,21,51,000.00 | 6,43,100.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.11.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 12.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 13.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.12.2022 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10.प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 282989 (Rural Development)22-23*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०-02,गढ़वा**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/06/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला अंतर्गत रंका प्रखण्ड के चुतरु ग्राम पंचायत में बान्दु से अनहर रोड में सोरतघाटी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 3,08,99,400.00 | 6,18,000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.11.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 12.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा / मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 13.12.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.12.2022 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
10.प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 282990 Rural Development(22-23).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

पत्रांक......................../ हुसैनाबाद, दिनांक ......................../

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-19/2022-23 जिसका PR No.-280768 (Water Resource) (22-23) D है, के निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्न रूप से संशोधित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08.12.2022 (2:00 PM) |
| 2 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2022 (5:00 PM तक) |
| 3 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.12.2022 (3:00 PM तक) |
| 4 | तकनीकी विड खोलने की तिथि एवं समय | 17.12.2022 (12:30 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 283004 (Water Resource) 22-23 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

पत्रांक......................../ हुसैनाबाद, दिनांक ......................../

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-22/2022-23** जिसका **PR No.-280774 (Water Resource) (22-23) D** है, के निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्न रूप से संशोधित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08.12.2022 (2:00 PM) |
| 2 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2022 (5:00 PM तक) |
| 3 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.12.2022 (3:00 PM तक) |
| 4 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.12.2022 (12:30 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 283001 (Water Resource)22-23*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

पत्रांक......................../ हुसैनाबाद, दिनांक ......................../

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-21/2022-23** जिसका **PR No.-280773 (Water Resource) (22-23) D** है, के निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्न रूप से संशोधित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08.12.2022 (2:00 PM) |
| 2 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2022 (5:00 PM तक) |
| 3 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.12.2022 (3:00 PM तक) |
| 4 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 17.12.2022 (12:30 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 283002 Water Resource(22-23)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

पत्रांक......................../ हुसैनाबाद, दिनांक ......................../

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/HUSSAINABAD/F2-18/2022-23 जिसका PR No.-280766 (Water Resource) (22-23) D है, के निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश निम्न रूप से संशोधित किया जाता है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई0–निविदा वेवसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 08.12.2022 (2:00 PM) |
| 2 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2022 (5:00 PM तक) |
| 3 | अग्रधन की राशि, निविदा का मूल्य एवं हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 16.12.2022 (3:00 PM तक) |
| 4 | तकनीकी विड खोलने की तिथि एवं समय | 17.12.2022 (12:30 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 283006 Water Resource (22-23)_D


## पेज एक के शेष

**झारखंड विस का नाम देश की...**

कहा कि आज भी यहां के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा और कमजोर वर्ग अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हमारी जिम्मेवारी बनती है कि इनके प्रति पूरी संवेदना के साथ कार्य करते हुए उन्हें मुख्यधारा में लाने का प्रयास करें। इन सभी के कल्याण से ही राज्य का सम्यक विकास और खुशहाली संभव है। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम और उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से नवाजे गये भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह ने भी समारोह को संबोधित किया।

**मोदी ने करीब 71 हजार नवनियुक्त...**

रेडियाग्राफर और अन्य तकनीकी और पैरा मेडिकल पदों पर भी नियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय द्वारा विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में बड़ी संख्या में पद भरे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कर्मयोगी प्रथम मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया। मॉड्यूल विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नये नियुक्त लोगों के लिए एक ऑनलाइन अभिविन्यास (ऑरिएंटेशन) पाठ्यक्रम है। इसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल नैतिकता और ईमानदारी, मानव संसाधन नीतियां और अन्य लाभ व भत्ते से संबंधित जानकारियां शामिल होंगी, जो उन्हें नीतियों के अनुकूल तथा नयी भूमिका में आसानी से ढलने में मदद करेंगी। उल्लेखनीय है कि कि प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों और विभागों को स्वीकृत पदों की मौजूदा रिक्तियों को यथाशीघ्र भरने का निर्देश दिया था।

**रांची में 170 लोगों को...**

सरकारी नौकरी में लिया जायेगा जो देश के निर्माण में सहयोगी साबित होंगे। मौके पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल झारखंड के आईजी अमित कुमार ने कहा रोजगार मेला के दूसरे चरण के आयोजन की जिम्मेवारी देशभर में सीआरपीएफ को दी गयी है वे इसकी जिम्मेदारी निभा कर काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। विभिन्न सरकारी प्रतिष्ठानों के लिए चयनित युवक-युवती काफी उत्साहित थे और सभी ने अपनी जिम्मेवारी इमानदारी पूर्वक निभाकर देश के निर्माण में सहयोगी बनाने की बात कही।

## न्यूज गैलरी

### पंत को टीम से बाहर करने की उठी मांग

**नेपियर (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा और अंतिम टी-20 मैच बारिश की वजह से डकवर्थ लुईस मेथड के अनुसार टाई हो गया। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज 1-0 से जीत ली। वहीं, भारत और न्यूजीलैंड को बीच खेले गए आखिरी टी-20 मैच में एक बार फिर भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत का प्रदर्शन साधारण रहा। मैच में पंत 5 गेंदों में मात्र 11 रन बनाकर चलते बने। इससे पहले दूसरे टी-20 मैच में भी 13 गेंदों में 6 रन ही बना पाए थे। बार-बार मौका मिलने के बावजूद भी पंत कुछ खास नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, लगातार इस फ्लॉप प्रदर्शन के बाद प्रशंसक पंत को आड़े हाथों ले रहे हैं। फैंस यहां उनका मजाक उड़ा रहे हैं, वहीं कई फैंस का मानना है कि पंत को अब टीम से बाहर निकालने का समय आ गया है।

### इंग्लैंड का क्रिकेटर डोपिंग टेस्ट में फेल

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के क्रिकेटर लॉरी इवांस के नमूने की जांच में प्रतिबंधित पदार्थ की पुष्टि होने के बाद ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग टीम पर्थ स्कॉर्चर्स ने मंगलवार को उनके साथ करार तोड़ दिया। इवांस ने सोमवार को प्रोफेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन के जरिए एक बयान में कहा कि वह अगस्त में हुई जांच के नतीजों से हैरान हैं। वह उस महीने इंग्लैंड में द हंड्रेड प्रतियोगिता में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के साथ खेल रहे थे। इवांस ने यह नहीं बताया कि उनके नमूने में किस पदार्थ के होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने किसी भी प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन से इनकार किया है। इवांस ने कहा कि मैं स्वच्छ खेल में विश्वास करता हूं और मैंने कभी भी प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन नहीं किया है। मुझे नहीं पता कि जांच में प्रतिबंधित पदार्थ की पुष्टि कैसे हुई है। मैं और मेरी टीम इस बात की जांच कर रहे हैं कि यह कैसे हो सकता है और मैं इसका पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं। पर्थ स्कॉचर्स ने कहा कि वे इसके बारे में जानकर निराश है। इन परिस्थितियों में फ्रेंचाइजी तथा इवांस और उनके प्रबंधन ने आगामी ऑस्ट्रेलियाई सत्र के लिए अनुबंध को समाप्त करने का फैसला किया है। इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में सर्रे के लिए खेलने वाले इवांस ने कभी राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। इवांस ने पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेला है।

### जोकोविच ने फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की

**तुरिन (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने तीसरे वरीय कास्पर रूड को हराकर रविवार को यहां रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए छठी बार एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। सर्बिया के जोकोविच ने रूड को 7-5 6-3 से हराकर 2015 के बाद पहली बार यह टूर्नामेंट जीता और फेडरर के छह खिताब की बराबरी की। जोकोविच पिछली दो बार जब इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे थे तो उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। जोकोविच ने खिताब जीतने के बाद कहा, ह्यसात साल लंबा समय होता है। साथ ही यह तथ्य कि मैंने सात साल इंतजार किया, यह इस जीत को और अधिक मधुर और बड़ा बना देता है।' साल के अंत में होने वाले इस टूर्नामेंट को जीतने वाले जोकोविच सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें टेनिस इतिहास की सबसे बड़ी इनामी राशि भी मिली। उन्हें एटीपी फाइनल्स जीतने के लिए 47 लाख डॉलर की राशि मिली। जोकोविच ने साल का अंत 18 जीत और एक हार के साथ किया। उन्होंने तेल अवीव और अस्ताना में खिताब जीते जबकि पेरिस मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने इसके अलावा विंबलडन और रोम में भी खिताब जीते।

# फीफा 2022 : सऊदी अरब ने उलटफेर करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हराया

**कतर (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2022 के तीसरे दिन बड़ा उलटफेर देखने को मिला जब सऊदी अरब ने लगातार 35 मैचों से अजेय रही अर्जेंटीना को 2-1 से हरा दिया। अर्जेंटीना 2019 के बाद से लगातार 35 मैचों में विजयी रहा था। विश्व कप के पहले ही मुकाबले में उनसे शानदार परफॉर्मेंस की उम्मीद थी लेकिन साऊदी अरब की ओर से सालेह अल-शहरी और सलेम अल-दावसारी ने 2 गोल कर सारी गेम पलट दी। सऊदी अरब के सालेह अल-शहरी अल-हिलाल और सऊदी अरब की राष्ट्रीय टीम के लिए स्ट्राइकर के रूप में खेलता है। सालेह ने 2 सितंबर 2012 को बीरा-मार में मोररिंस के खिलाफ पदार्पण किया और अपने पहले ही मैच में गोल किया था। सालेह यूरोप में गोल करनेवाले सऊदी अरब के पहले प्लेयर हैं। विटोरिया के खिलाफ अपने दूसरे मैच में उन्होंने प्रमीरा लिगा में सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड बनाया था। सालेह ने 2 मैच खेले और एस.सी. बीरा-मार के लिए 2 गोल किए। सालेह ने 48वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर किया था। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ और ला लीगा के बीच एक सौदे के बाद सलेम लोन पर



स्पेनिश क्लब विलारियल में गए। उन्होंने स्पेन में रियल मैड्रिड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में विल्लारियल को 2-2 से मैच ड्रा करवाया था। सलेम ने 53वें मिनट में गोल कर साऊदी अरब को बड़ी जीत दिला दी।

### मेसी ने रचा नया इतिहास, माराडोना को पछाड़ा

**कतर (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप-2022 के ग्रुप सी मुकाबले में सऊदी अरब ने भले ही अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर उलटफेर किया हो, लेकिन फारवर्ड लियोनेल मेसी ने नया इतिहास रच दिया है। दरअसल, लियोनेल मेसी चार फीफा विश्व कप टूर्नामेंट में स्कोर करनेवाले अर्जेंटीना के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने लुसैल स्टेडियम में यह उपलब्धि हासिल की। इसी के साथ मेसी ने अपनी ही टीम के पूर्व कप्तान डिएगो माराडोना और बतिस्तुता को पछाड़ दिया है। दिवंगत डिएगो माराडोना ने 1982, 1986 और 1994 विश्व कप में गोल दागे थे, तो वहीं बतिस्तुता ने 1994, 1998 और 2002 विश्व कप में गोल किये थे। वहीं मेसी ने 2006, 2014, 2018, 2022 विश्व कप में गोल दागने का करिश्मा कर दिखाया है। इसके अलावा 35 वर्षीय मेसी ब्राजील के पेले, जर्मनी के उवे सीलर और मिरोस्लाव क्लोज और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बाद चार अलग-अलग विश्व कप में गोल करनेवाले पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। यही नहीं, उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के एक और रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। दरअसल, मेसी का यह फीफा विश्व कप इतिहास में सातवां गोल रहा।

# अजीबो-गरीब तरीके से टाई हुआ तीसरा मैच, भारत ने 1-0 से जीती टी-20 सीरीज

**नेपियर (एजेंसी)।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली गयी तीन मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला नेपियर के मैकलीन पार्क में खेला गया। बारिश के चलते यह मैच पूरा नहीं हो सका और टाई हो गया। इसी के साथ भारत ने इस सीरीज को 1-0 से अपने नाम कर लिया है। सीरीज का पहला टी-20 वेलिंग्टन में बारिश के कारण रद्द हो गया था। वहीं, भारत ने माउंट माउनगनुई में खेले गए दूसरे मैच में 65 रनों से जीत हासिल की थी।



इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 19.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 160 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे और ग्लेन फिलिप्स ने अर्धशतकीय पारी खेली। फिलिप्स ने 33 गेंदों में 54 रन और कॉन्वे ने 49 गेंद पर दो सिक्स और चार चौके की मदद से 59 रन बनाए। वहीं इसके जवाब में भारत ने खराब शुरूआत के बावजूद 9 ओवर में 4 विकेट खोकर 75 रन बना लिए। लेकिन तभी बारिश होने लगी और मैच रोकना पड़ा। डकवर्थ लुईस नियम के तहत नौ ओवर के बाद पार स्कोर 75 रन था। डकवर्थ लुइस मेथड के हिसाब से भारत और न्यूजीलैंड बराबरी पर थे और इसी वजह से मैच टाई घोषित किया गया। अगर भारत एक रन भी आगे होता, तो मैच जीत जाता और वहीं अगर वह 75 रन से एक रन भी पीछे होता, तो हार जाता। इस सीरीज में सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या की बल्लेबाजी अच्छी बात रही, लेकिन सबसे बढ़िया टीम इंडिया की गेंदबाजी रही। सीरीज का पहला मैच बारिश में धुल गया था, लेकिन इसके बाद गेंदबाजों को दोनों मैचों में कीवी टीम के सारे विकेट चटकाए, जो दिखाता है कि टीम इंडिया के गेंदबाज किस कदर कीवी टीम पर हावी रहे।

इससे पहले भारत के पहले तीन विकेट जल्द गिर गए। दूसरे ओवर में 13 के स्कोर पर भारत को पहला झटका लगा। ईशान 11 गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एडम मिल्ने ने मार्क चैपमैन के हाथों कैच कराया। इसके बाद तीसरे ओवर में टिम साउदी ने लगातार दो गेंदों पर ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजा। पंत का टी-20 में खराब फॉर्म जारी है। वह पांच गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हुए। खराब शॉट खेलकर पंत ने विकेट गंवाया। पंत पिछली आठ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय पारी में 104 रन बनाए पाए हैं। इसकी अगली गेंद पर साउदी ने शॉर्ट बॉल फेंकी और श्रेयस ने स्लिप में नीशम को कैच थमा दिया।

# भारतीय अभियान की अगुआई करेंगी मीराबाई चानू, चोटिल जेरेमी विश्व चैम्पियनशिप से बाहर




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जेरेमी लालरिनुंगा चोटिल होने के कारण अगले महीने होनेवाली 2022 भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं ले पायेंगे जिसमें भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू करेंगी। भारत के पहले युवा ओलंपिक चैम्पियन जेरेमी जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक विजयी अभियान के दौरान चोटिल हो गये थे। मिजोरम का यह 20 साल का खिलाड़ी जांघ और हैमस्ट्रिंग चोट से उबर नहीं सका है। वह अक्टूबर में एशियाई चैम्पियनशिप में भी नहीं खेल पाया था। भारतीय मुख्य कोच विजय शर्मा ने पीटीआई से कहा कि जेरेमी अब भी राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान लगी चोट से उबर रहे हैं इसलिये वह इस विश्व चैम्पियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगे। शर्मा ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों की टीम के कई भारोत्तोलक चोटों से उबर रहे हैं इसलिये हमने चार फिट भारोत्तोलकों को चुना है। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता संकेत सागर को कोहनी की चोट लग गयी थी जिसकी तभी सर्जरी करायी गयी थी, वह भी पांच से 16 दिसम्बर तक कोलंबिया के बोगोटा में होनेवाली चैम्पियनशिप में नहीं खेल पायेंगे। पूर्व विश्व चैम्पियन चानू राष्ट्रमंडल खेलों में अपना तीसरा पदक और दूसरा स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार खेलेंगी। चार सदस्यीय टीम में 73 किग्रा के राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन अचिंता शेयुली, रजत पदक विजेता बिंदियारानी देवी और कांस्य पदक विजेता गुरदीप सिंह शामिल हैं। ये चारों भारोत्तोलक इस समय कोच शर्मा के साथ अमेरिका के सेंट लुई में हैं। भारतीय दल एक दिसम्बर को बोगोटा के लिए रवाना होगा। विश्व चैम्पियनशिप 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए पहला क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। हालांकि, यह एक अतिरिक्त टूर्नामेंट है जो अनिवार्य नहीं है। एक भारोत्तोलक को 2024 ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियम के अतंर्गत 2023 विश्व चैम्पियनशिप और 2024 विश्व कप में भाग लेना अनिवार्य होता है। इनके अलावा भारोत्तोलक को तीन अन्य प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना होता है।

# भारतीय टीम में चयन सपने के सच होने जैसा : ब्यूटी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** एफआईएच हॉकी महिला नेशन्स कप के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल हुई युवा खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग ने मंगलवार को कहा कि हालांकि उन्हें इसकी उम्मीद नहीं थी, लेकिन यह उनके लिये एक सपने के सच होने जैसा है। ब्यूटी ने कहा कि मैं टीम में अपना नाम पाकर वास्तव में बहुत खुश हूं। मैं इसकी उम्मीद नहीं कर रही थी, क्योंकि प्रशिक्षण शिविर में कई अच्छे खिलाड़ी हैं। मैं वास्तव में हैरान थी। मैं आभारी हूं कि मेरी मेहनत रंग ला रही है। भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम में चुना जाना मेरा सपना था इसलिए मैं इससे बहुत खुश हूं। भारतीय महिलाओं को नेशन्स कप के लिए स्पेन के वेलेंसिया की यात्रा करनी है। सविता पूनिया की टीम को कनाडा, जापान और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल-बी में रखा गया है, जबकि पूल-ए में इटली, आयरलैंड, कोरिया और स्पेन हैं। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहनेवाली ब्यूटी ने अपनी हॉकी



यात्रा तब शुरू की थी जब वह महज छह साल की थीं। ब्यूटी जिस स्कूल में पढ़ती थीं वहां हर विद्यार्थी को अपनी हॉकी स्टिक लाने की आवश्यकता होती थी इसलिये वह अपनी हॉकी स्टिक के साथ स्कूल जाती थीं। ब्यूटी ने कहा कि मुझे खेल में आगे बढ़ने के लिए अपने परिवार से बहुत समर्थन मिला। मेरे पिता ने विशेष रूप से मुझे प्रोत्साहित किया। मैंने उनसे खेल के बारे में बहुत कुछ सीखा और कुछ समय में ही अपने क्षेत्र के छात्रावास से हॉकी खेलना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि जूनियर महिला टीम के साथ मेरा पहला दौरा 2019 में आयरलैंड में था। फिर, मैंने उसी वर्ष बेलारूस और ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की। 2021 में, मैंने टीम के साथ चिली की यात्रा की। इस वर्ष मुझे एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप दक्षिण अफ्रीका 2021 के लिए यात्रा करने का अवसर मिला जहां मैंने बहुत कुछ सीखा। झारखंड से आनेवाली ब्यूटी ने कहा कि वह सीनियर टीम के साथ स्पेन में अपने पहले अभियान के लिए प्रशिक्षण में बहुत समय लगा रही हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ट्रेविस हेड और डेविड वॉर्नर के शानदार शतकों की बदौलत आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां बारिश से प्रभावित अंतिम वनडे में इंग्लैंड को 221 से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर आस्ट्रेलिया को बल्लेबाजी का न्योता दिया। हेड और वॉर्नर की सलामी जोड़ी ने मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर 269 रन की साझेदारी निभायी जिससे टीम ने पांच विकेट पर 355 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह इस मैदान पर वनडे का सबसे बड़ा स्कोर है। हेड ने 130 गेंद में 152 रन बनाकर अपना तीसरा वनडे शतक जड़ा जो उनका इस प्रारूप में सबसे बड़ा स्कोर है। वॉर्नर ने 106 रन की पारी खेली। बारिश के कारण आस्ट्रेलियाई पारी में दो बार विलंब हुआ जिसके बाद मैच 48-48 ओवर का कर दिया गया। इससे इंग्लैंड को जीत के लिये 364 रन का लक्ष्य मिला। पर टीम 32वें ओवर में 142 रन पर सिमट गयी जिसमें सलामी बल्लेबाज जेसन



रॉय 38 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। तेज गेंदबाज ओली स्टोन अपना छठा ही वनडे खेल रहे हैं, उन्होंने इंग्लैंड के गेंदबाजों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85 रन देकर चार विकेट झटके। आस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा ने 31 रन देकर चार विकेट झटके जिससे उन्होंने पूरी श्रृंखला में 11 विकेट हासिल किये। आस्ट्रेलिया ने एडीलेड में पहला मैच छह विकेट से जबकि सिडनी क्रिकेट मैदान पर दूसरा मैच 72 रन से जीता था।

### प्लेयर ऑफ द सीरीज बने सूर्यकुमार यादव

**नेपियर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड और भारत के बीच खेला गया तीसरा टी-20 इंटरनेशनल मैच बारिश के कारण टाई हो गया है और इसी के साथ ही भारतीय टीम ने सीरीज 1-0 से जीत ली है। प्लेयर ऑफ द सीरीज बने सूर्यकुमार भले ही सीरीज के अंतिम मैच में 13 रन ही बना सके लेकिन उन्होंने दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में नाबाद 111 रन की पारी खेली थी जबकि पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। मैच के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि दबाव हमेशा बना रहता है, लेकिन वह अपनी बल्लेबाजी का आनंद ले रहे हैं।

# टी-शर्ट की वजह से पत्रकार गिरफ्तार, लाइव मैच में महिला रिपोर्टर का पर्स चोरी

**कतर (एजेंसी)।** कतर की मेजबानी में खेला जा रहा फीफा वर्ल्ड कप 2022 कई विवादों के साथ आगे बढ़ रहा है। यह विवाद मैदान के अंदर और बाहर दोनों तरफ काफी गर्मी बढ़ा रहे हैं। सबसे पहला विवाद तो प्रवासी मजदूरों के साथ गलत व्यवहार और मानव अधिकारों के उल्लंघन का है, जो शुरुआत से ही जुड़ा हुआ है। कतर में लागू सख्त नियमों के बीच भी सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। इसकी भी हर जगह आलोचना हो रही है। इसी बीच कुछ पत्रकारों के साथ भी दुर्व्यवहार की खबरें सामने आ रही हैं। एक अमेरिकी पत्रकार ग्रांट वाहल को थोड़ी देर के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। इसका कारण उसकी वह टी-शर्ट थी, जो उसने पहनी हुई थी। यह टी-शर्ट कतर के नियमों के खिलाफ थी।



इसके अलावा अर्जेंटीना की भी एक महिला रिपोर्टर डॉमिनिक मेट्जगर का पर्स चोरी हो गया। इसकी रिपोर्ट उन्होंने पुलिस से की, तो उनके साथ वहां भी गलत व्यवहार किया गया। यह दावा भी डॉमिनिक ने ही किया है। उन्होंने कहा कि उलटा पुलिस ने ही उनसे सवाल करने शुरू कर दिये कि क्या चोर को देश से निकाल दें? डॉमिनिक ने कहा, 'मैं पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने गयी, तो वहां मेरे साथ सांस्कृतिक भेदभाव किया गया। महिला पुलिसकर्मी ने मुझसे कहा कि हमारे पास हर जगह हाईटेक कैमरे हैं, जिससे उसे (चोर) को तलाश कर लेंगे। जब उसे पकड़ लेंगे, तब आप हमारे जस्टिस सिस्टम से क्या चाहती हैं? आप क्या न्याय चाहती है? आप क्या सजा दिलाना चाहती हैं? क्या आप उसे पांच साल की सजा दिलाना चाहती हैं? क्या आप उसे देश से बाहर निकलवाना चाहती हैं?'

### अमेरिकी पत्रकार को टी-शर्ट बदलने के लिए कहा

**वहीं,** दूसरी ओर अमेरिकी पत्रकार ग्रांट वाहल को समलैंगिक समुदाय को सपोर्ट करनेवाली रैनबो टीशर्ट पहनने के चलते कुछ देर हिरासत में ले लिया था। उनके साथ यह घटना अमेरिका और वेल्स के बीच हुए मैच से पहले हुई। यह मैच अहमद बिन अली स्टेडियम में हुआ। मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। ग्रांट ने कहा कि जब उन्होंने इस घटना को लेकर ट्वीट करना चाहा, तो उनका मोबाइल भी ले लिया गया था। इसके बाद उन्हें करीब आधा घंटे तक हिरासत में रखा गया। इस दौरान ग्रांट से उनकी टी-शर्ट बदलने के लिए कहा गया। कहा गया कि इस तरह की टी-शर्ट पहनने की अनुमति नहीं है। बता दें कि कतर में समलैंगिकता और उनको सपोर्ट करना गैरकानूनी है।

